CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 13 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 71 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00



shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# आग का गोला बना एयर इंडिया ड्रीमलाइनर, 241 की मौत

## एक ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा, पांच मेडिकल स्टूडेंट्स की भी मौत, एयर इंडिया की फ्लाइट जा रही थी लंदन

### 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश सवार थे, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन

### ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलसे, पहचान करना हुआ मुश्किल, डीएनए टेस्ट से होगी पहचान

**अहमदाबाद, वार्ता**

**अहमदाबाद में गुरुवार** दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात सामने आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। एक न्यूज एजेंसी ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले एजेंसी ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। वहीं जिस हॉस्टल पर विमान गिरा है, वहां बोइंग ड्रीमलाइनर विमान बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में गिर गया। विमान का एक हिस्सा इंटर्न डाक्टरों के हॉस्टल के मेस में घुस गया। इससे पांच मेडिकल स्टूडेंट की मौत की खबर है। मृतकों में चार अंडरग्रैजुएट स्टूडेंट्स और एक पीजी रेजिडेंट डाक्टर बताया जा रहा है।

एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने एक्स पर यह जानकारी दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डाक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डाक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 -शेष पृष्ठ दो पर



## चमत्कार: एक यात्री जिंदा बचा



विमान हादसे में एक शख्स के जिंदा बचने की खबर है। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति रमेश विश्वास कुमार मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

## मोदी, शाह और खड़गे समेत अनेक नेताओं ने विमान हादसे पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अनेक नेताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।

श्री मोदी ने इसे दिल दहलाने वाली घटना बताते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक पर एक पोस्ट में लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## टाटा ग्रुप ने किया एक-एक करोड़ के मुआवजे का ऐलान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए इस पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। टाटा ग्रुप ने पीड़ितों के लिए एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही विमान दुर्घटना में ध्वस्त हुई हॉस्टल की बिल्डिंग के निर्माण में भी मदद का आश्वासन दिया है।

श्री चंद्रशेखरन ने कहा कि मैं बहुत दुख के साथ इसकी पुष्टि करता हूं कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 दुर्घटना का शिकार हो गई। हमारी शोक संवेदनाएं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिजनों के साथ है। इस समय, हमारा ध्यान प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लोगों को ढांढस बंधाने पर है। हम दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवा में जुटी टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता देने का काम पूरी ताकत के साथ कर रहे हैं। इस बारे में आगे जैसे ही और अधिक जानकारी मिलेगी उसे तत्काल अपडेट कर साझा करेंगे। विमान दुर्घटना के बारे में लोगों को जरूरी सूचना देने के लिए एक आपातकालीन केंद्र खोला गया है।

## पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर का शव कार से बरामद



**बठिंडा।** पंजाब पुलिस ने बुधवार रात बठिंडा में आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास खड़ी कार के अंदर पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर 'भाभी' का शव मिलने के बाद हत्या के पहलू से जांच शुरू कर दी है।

लुधियाना की रहने वाली कौर के इंस्टाग्राम पर 3.83 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह नियमित रूप से रील पोस्ट करने के लिए जानी जाती थीं और अक्सर रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करने के लिए सुर्खियों में रहती थीं। लोगों ने बताया कि बठिंडा-चंडीगढ़ हाईवे पर यूनिवर्सिटी के पार्किंग में खड़ी कार से दुर्गंध आ रही थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली, तो उन्हएक महिला का शव मिला।

## कोर्ट की सतर्कता ज्यूडिशियल टेररिज्म में न बदले: सीजेआई



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए। ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो।

एक लीगल न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

## गर्मी का सितम जारी, यूपी-बिहार में लू से पांच की मौत

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा पारा 48 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में गुरुवार को भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है। यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है। गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इधर, दिल्ली में पारा 45 डिग्री पहुंचने के कारण रेड अलर्ट है। बुधवार को दिल्ली का आया नगर 45.0 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली में भीषण गर्मी के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भीषण गर्मी जारी रहने पर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चौथे दिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा। विभाग ने इसके मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से बहुत जरूरी काम होने पर घर से बाहर निकलने की बात कही और निरंतर पेयजल लेने की अपील की। इन दिनों गर्मी और उमस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग इससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक राजधानी में 13 जून तक प्रचंड गर्मी और लू जारी रहेगी।



### ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### हर गेंद पर चुनौती पेश करें भारतीय क्रिकेटर: गंभीर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में रिकॉर्ड बुकिंग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर को शेष देश से जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में पिछले छह दिनों में रिकॉर्ड बुकिंग दर्ज की गई है और आगामी दो हफ्तों के लिए सीटें भी एडवांस में बुक हो गई हैं।रेलवे सूत्रों के मुताबिक ट्रेन अगले दो हफ्तों के लिए पूरी तरह से भरी हुई है। कटरा-श्रीनगर-कटरा दोनों दिशाओं में चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में 26 जून तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि जुलाई के लिए भी सीटें बुक हो गई हैं। तीन जुलाई से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर भारी भीड़ होने की उम्मीद है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं।

## मणिपुर में दूसरे दिन भी पांच जिलों में कर्फ्यू में ढील

**इंफाल।** मणिपुर में पांच जिलों में गुरुवार को 12 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, थौबल और विष्णुपुर में सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई। राज्य सरकार ने गुरुवार को इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में शैक्षणिक संस्थान खोलने की घोषणा की। स्थिति तनावपूर्ण रहने के कारण हालांकि अधिकांश संस्थान बंद रहे। इन पांचों जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध बरकरार है। सामाजिक सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) ने अपने एक नेता की गिरफ्तारी के विरोध में 10 दिवसीय बंद का आह्वान किया था, जिसे मंगलवार को वापस ले लिया गया। संगठन ने कहा कि बंद हिंसक हो रहा है।

## माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण अभियान दल को गुरुवार को यहां दस लाख रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अभियान दल के सदस्यों की औसत आयु 19 वर्ष है और इनमें पांच लड़कियां और पांच लड़के शामिल है। दल ने गत 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रक्षा मंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मान करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

## पूरा देश खड़ा है प्रभावित परिवारों के साथ: मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को हृदय विदारक बताते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना के बारे में जानकर 'बहुत व्यथित' हैं और उन्होंने इसे 'हृदय विदारक आपदा' कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। एयर इंडिया के अमहदाबाद से लंदन जा रहे विमान में चालक दल के 12 सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े हादसे

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 की दुर्घटना से पहले देश की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे इस प्रकार हैं-

⏭| एक जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई।

⏭| 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई। यह भारत का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।

⏭| 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई।

⏭| 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। इसमें एक विमान सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 763 और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1907 था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।

⏭| 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।

⏭| सात अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।

⏭| 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## एयर इंडिया बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर की है यह पहली घातक दुर्घटना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के किसी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का दुनिया में पहला भीषण हादसा है, जिसमें यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में परिचालन संबंधी कई खामिया प्रकाश में आती रही हैं, जिनमें यात्रियों के घायल होने की भी सूचना है। इस लेख के अनुसार इस विमान के साथ अभी तक कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ है। ड्रीमलाइनर भारत में पहली बार एयर इंडिया विमानों में 2012 में शामिल किए गए थे। ये विमान अपनी उच्च तकनीक, ईंधन की बचत और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक होने के कारण ये विमान विश्वभर की एयरलाइनों की पसंद में ऊपर बने हुए हैं। एयर इंडिया के बेड़े में 2016 में शामिल एक ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान गुरुवार अपराह्न अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे।

## पायलट ने आखिरी समय पर मे-डे कॉल किया था

**अहमदाबाद।** विमान के पायलट सुमित सुब्बरवाल ने आखिरी मौके पर मे-डे कॉल दिया था। यह एक अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कॉल है, जिसे पायलट उस स्थिति में भेजता है जब विमान गंभीर संकट में हो और उसे इमरजेंसी हेल्प की जरूरत हो। मे-डे शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द 'मैदे' से हुई है, जिसका अर्थ होता है मदद कीजिए (हेल्प मी)। इसे तीन बार दोहराया जाता है 'मे-डे, मे-डे, मे-डे' वहीं विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह नंबर 1800-5691-444 है।

## विमान दुर्घटना: स्थानीय प्रशासन की मदद को आई सेना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना के बाद भारतीय सेना भी मदद के लिए आगे आई है तथा सेना के जवान राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना की 130 कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डाक्टरों और पैरामेडिक्स मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल तथा अग्निशामक यंत्र शामिल हैं।

## सीजेआई गवई ने विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और उनके साथी अन्य न्यायाधीशों ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए दुखद विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्य न्यायाधीश और उनके साथी न्यायाधीशों ने रजिस्ट्री के अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार

### कारीगरों को बाजार मुहैया कराना सरकार का उद्देश्य: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि देश भर के कारीगरों और दस्तकारों को बाजार उपलब्ध कराना के उद्देश्य से सरकार ने लोक संवर्धन पर्व मनाने का निर्णय लिया है। रिजिजू ने गुरुवार को यहां लोक संवर्धन पर्व का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि गांवों में जो कारीगरों के द्वारा बनाए गए सामान को बाजार तक लाने के लिए एक प्लेटफार्म का काम करेगा। उन्होंने कहा कि देश के एक राज्य से दूसरे राज्य में सामान बेचने में आसानी होगी। कारीगरों के आर्थिक जीवन में उत्थान लाने में मददगार साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह साल में इतने काम हुए हैं कि उससे गिनना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पहले सपना देखा जाता था अब हकीकत में बदल गया है और अर्थव्यवस्था ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आ गया है और जल्द ही दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं।

### प्लेन हादसे पर स्पष्टीकरण दे सरकार: सपा


**लखनऊ।** गुजरात स्थित अहमदाबाद में एअर इंडिया प्लेन क्रैश की घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त किया है। हालांकि सपा चीफ ने तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की दुर्घटना का तुरंत स्पष्टीकरण आए, जिससे आशंक.ाओं का उन्मूलन हो सके। उन्होंने लिखा कि यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं. सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए। इस हादसे पर सिराथू विधायक और अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी दुख जताया। उन्होंने लिखा कि अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल एयरपोर्ट के पास मेघाणी नगर में विमान हादसे की खबर प्राप्त हुई। मैं भगवान बुद्ध से सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं। मेरी कामना है कि जो भी हताहत हुए हैं, वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों।

### इमरान मसूद के दावों पर भड़की सपा

**मऊ।** यूपी में कांग्रेस और सपा में रार बढ़ती नजर आ रही है। सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद की सपा के खिलाफ लगातार बयानबा.जी पर अब प्रतिक्रिया आई है। सपा ने कहा है कि इमरान मसूद बीजेपी की मदद कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को संज्ञान लेने की जरूरत है। मऊ स्थित घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि इमरान मसूद को न कांग्रेस ने अधिकृत किया है और न ही वो इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता है और न ही उत्तर प्रदेश के प्रभारी हैं। वो खुद समाजवादी पार्टी के सहारे जीते हुए एक सांसद हैं। उनको ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए।

# देश में कोरोना के सक्रिय मामले 7154 पर पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में दो और मप्र में एक मौत, मृतक संख्या बढ़कर 77 हुई

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आई है, गुरुवार सुबह आठ बजे तक 33 नए मामले सामने आने के साथ ही कुल सक्रिय मामलों की संख्या 7154 तक पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के संक्रमण से महाराष्ट्र में दो और मध्य प्रदेश में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 77 हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिका.रियों के अनुसार मामलों में वृद्धि इस संक्रमण के नए उभरते वेरिएंट, विशेष रूप से एलएफ-7, एक्सएफजी, जेएन-1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी-1-8-1 सबवेरिएंट के कारण हो रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। आज सुबह तक 58 सक्रिय मामलों में कमी आने के बावजूद इसका आंकड़ा 2165 पर बना हुआ है और दिल्ली में लगभग 26 मामले घटने से संक्रमितों की कुल संख्या 731 रह गई। गुजरात में भी इसके मामले तेजी से बढ़कर 1281 तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 615, कर्नाटक में 467, तमिलनाडु में 231, यूपी में 227, राजस्थान में 141, हरियाणा में 83, आंध्र प्रदेश में 103, मध्य प्रदेश में 86, छत्तीसगढ़ में 45, बिहार में 40, ओडिशा में 42, सिक्किम में 39, पंजाब में 31, जम्मू-कश्मीर में 12, झारखंड में 19, असम में 13, तेलंगाना में 12, पुड्डुचेरी में आठ, उत्तराखंड में चार मामले पाए गए।

## पाक सेना प्रमुख मुनीर को अमेरिका सेना दिवस पर बुलाना

# भारत के लिए कूटनीतिक झटका: कांग्रेस

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले से पहले भड़काऊ बयान देने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिकी सेना दिवस पर शामिल होने के लिए बुलाना गंभीर चिंता का विषय और भारत की सामरिक विफलता का प्रतीक भी है।

पार्टी ने कहा कि अमेरिका से इस तरह की खबरें आना हमारी कूटनीतिक स्थिति को असहज बनता है और मजबूत कूटनीति को इस तरह कमजोर होते देखना चिंता पैदा करता है, इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि खबर है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिका के सेना दिवस (14 जून) के मौके पर वॉशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। यह खबर भारत के लिए कूटनीतिक और सामरिक दृष्टि से एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि यह वही व्यक्ति हैं, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले भड़काऊ और उकसाने वाली भाषा का इस्तेमाल किया था, सवाल उठता है कि अमे.रिका की मंशा क्या है। अभी अमे.रिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख ने भी बयान दिया था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान, अमे.रिका का एक 'शानदार साझेदार' है। मोदी सरकार कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, ऐसे में पाकिस्तानी सेना प्रमुख का अमे.रिकी सेना दिवस में बतौर अतिथि शामिल होना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका सहित पूरी दुनिया को पाक की आतंकवाद-समर्थक भूमिका से अवगत कराकर लौटे प्रतिनिधि मंडल का प्रधानमंत्री अभी स्वागत-सत्कार कर ही रहे हैं और उसी वक्त वाशिंगटन डीसी से इस तरह की खबरें आ रही हैं, जो भारत की कूटनीतिक स्थिति को और असहज बनाती हैं।




■ इस मुद्दे पर भारत सरकार को तुंरत सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए: जयराम रमेश

### अयोध्या को 'मदिरालय' बना रही योगी सरकार, कुंभ मृतकों का छिपा रही है आंकड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पैसा कमाने के लिए पवित्र नगरी अयोध्या को 'मदिरायल' में तब्दील कर दिया है और वहां प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब बेची जा रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस अयोध्या को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उसका सच अब सामने आ गया है। साफ़ है कि इस सरकार ने पैसे कमाने के लिए अयोध्या में शराब की दुकानें खोली हैं। भगवान राम की अयोध्या नगरी को मदिरामय कर दिया गया है। यह अयोध्या का अपमान है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में नगर निगम कार्यसमिति ने गत एक मई को राम पथ के 13 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन असलियत यह है कि रामजन्मभूमि के आसपास के कई इलाकों में शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं।

### मोदी ने 11 वर्षों में तोड़ा हर वादा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गुरुवार को सीधा हमला करते हुए हर वादा तोड़ाने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले 11 वर्षों में उन्होंने देश की जनता से कई वादे किए, लेकिन कोई भी वादा निभाया नहीं। कांग्रेस नेता ने आज कहा कि मोदी लोगों को लुभाने के लिए खूब वादे करते हैं, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं करते हैं। वह वादा तोड़ते हैं, इसलिए उनका हर वादा जुमला साबित हो जाता है। उन्होंने देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने की बजाए सपने तोड़कर उन्हें बेरोजगार बनाया है। गांधी ने यहां जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों में हर वादा तोड़ा। दो करोड़ नौकरियां देने का वादा जुमला बन गया। पकौड़े तलवाए, फॉर्म भरवाए, लेकिन कोई दिशा नहीं दी। डिग्री के बाद भी नौकरी नहीं, तैयारी के बाद भी भर्ती नहीं, मेहनत के बाद भी सम्मान नहीं। ये सिर्फ़ बेरोज़गारी नहीं- ये देश के युवाओं की उपेक्षा है। उन्हें एक सपना दो। उन्हें राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनाओ।

# अमरनाथ यात्रा में 125 लंगर लगाए जाएंगे

**जम्मू, वार्ता**

■ सामग्री और शेड लगाने के लिए ले जाने वाले ट्रक 15 जून से पहुंचना शुरू हो जाएंगे

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा में प्रदेश के प्रवेश द्वार लखनपुर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे।


आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लखनपुर से बाबा बर्फानी के मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे, जिसमें पहलगाम और बालटाल मार्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लंगर सामग्री और शेड लगाने के लिए ढांचागत उपकरण ले जाने वाले ट्रक 15 जून से जम्मू-कश्मीर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि लंगर लगाने की प्रक्रिया इस महीने के अंत तक पूरी हो जाएगी। इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होने वाली 38 दिवसीय यात्रा रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को समाप्त होगी। पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू से रवाना होगा। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा मार्गों के अलावा अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा लंगर संगठनों को अनुमति दिए जाने के बाद लखनपुर से श्रीनगर और पहलगाम तथा बालटाल तक 50 से अधिक लंगर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लंगर संगठन गुफा मंदिर के रास्ते में सामुदायिक रसोई स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 25 लंगर बालटाल और दोमेल में, 13 लंगर पवित्र गुफा में, आठ शेषनाग में, पांच पिस्सूटॉप में, 12 पंचतरणी में, सात चंदनवाड़ी में, नौ नुनवान में और पांच जोजीबल में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू आधार शिविर यात्री निवास भगवती नगर में पांच लंगर और जम्मू-पठानकोट तथा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 50 लंगर लगाए जाएंगे। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने लंगर संगठनों के लिए भोजन मेनू को भी अंतिम रूप दिया है और उन्हें तैलीय वस्तुओं से बचने के लिए कहा है। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को पौष्टिक और स्वस्थ भोजन खाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा अनंतनाग जिले के पहलगाम में स्थित है और हिंदुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यात्रा मार्ग के रखरखाव, उन्नयन और चौड़ीकरण का भी निरीक्षण किया।

### किसानों का संबल बनी सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। यह योजना 14 सितंबर 2019 से लागू हुई थी। योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु-विकलांगता की दशा में अधिकतम पांच लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार (13 जून) को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जनपद के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश में कल से शुरू होगा बारिश का दौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भीषण गर्मी के दौरान मिलेगी लू से राहत, 14 जून से मानसून की उम्मीद

**लखनऊ।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है, लेकिन 14 जून से मौसम में बदलाव आने की उम्मीद है। 14 जून के बाद प्रदेश में तीन से चार दिनों तक आंधी और बारिश की संभवना है, जिससे लू और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।


गर्मी के कारण लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। सभी लोग बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी गर्मी से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। फिलहाल मौसम विभाग ने यहां शुक्रवार में कोई बड़ा बदलाव होने की संभवना जताई है। हालांकि इसके बाद प्रदेश में बारिश और आंधी की संभावना नजर आ रही है। इसके बाद ही प्रदेशवासियों को लू से राहत मिल सकेगी। यूपी को लेकर मौसम विभाग ने नाइट हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। अब दिन के साथ-साथ रात में भी भीषण गर्मी का कहर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी के कई जिलों में गुरुवार को आंशिक रूप से बादल छाए थे। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है, लेकिन उमस और तपिश भरी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान आगरा का 45.4 डिग्री सेल्सियस किया गया है। दूसरा सबसे ज्यादा तापमान वाला जिला बांदा रहा। यहां पारा 44.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अंचलिक विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि फिलहाल प्रदेश में कोई असरदार मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। इस वजह से मौसम शुष्क बना हुआ है और धरती की सतह से निकलने वाली गर्मी (विकिरणीय ऊष्मन) के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण बीते कुछ दिनों से ज्यादातर जगहों पर तापमान सामान्य से काफी ज्यादा बना हुआ है। अगले 1-2 दिन तक इसमें कोई बड़ा बदलाव होने की फिलहाल कोई संभवना नही हैं।

## अर्थ व्यापार

# इजरायल-ईरान तनाव से बाजार में कोहराम

**मुंबई, वार्ता**



इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में कोहराम मैच गया।


बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 823.16 अंक अर्थात 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,827.04 अंक और स्मॉलकैप 1.38 अंक लुढ़ककर 53,531.47 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4151 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2729 में बिकवाली जबकि 1282 लिवाली वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2969 कंपनियों के शेयरों में से 2112 में गिरावट जबकि 783 में तेजी रही वहीं 74 में टिकाव रहा। बीएसई के 21 समूहों में जबरदस्त बिकवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक बढ़कर 82,571.67 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर 82,661.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ 81,523.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,515.14 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत टूटकर 81,691.98 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 25,164.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,196.20 अंक के उच्चतम जबकि 24,825.90 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### एनएसई को सेबी से मासिक बिजली वायदा अनुबंध

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने कहा कि उसे मासिक बिजली वादा अनुबंध शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से विनियामक अनुमोदन प्राप्त हो गया है। एनएसई द्वारा मासिक बिजली वायदा शुरू करने का उद्देश्य बाजार सहभागियों को बिजली की कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ प्रभावी 'हेजिग' उपकरण प्रदान करना, अधिक सटीक मूल्य संकेतों को सक्षम करना और बिजली मूल्य श्रृंखला-उत्पादन, संचरण, वितरण और खुदरा में पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

# चुनिंदा दालों में नरमी, खाद्य तेलों में उबाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज मांग निकलने से खाद्य तेलों में उबाल आ गया और इस दौरान चुनिंदा दाल दलहन में नरमी रही।

इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमे.रिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 182 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 330 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 365 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1620 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल उबल गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल- दलहन : दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

### सिंधु जल संधि निलंबन का लाभ उठाया जाएगा: खट्टर

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के वर्तमान निलंबन का पूरा लाभ देश के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उठाया जाएगा। खट्टर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ समीक्षा बैठक के बाद श्रीनगर में मीडिया के साथ बातचीत कर रहे थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आग का गोला..**


यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था। एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह क्रैश हो गई। जानकारी के मुताबिक विमान एयरपोर्ट की दीवार और एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े, तो हाथ ठेले से लेकर पहुंचे शव, अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी अहमदाबाद प्लेन क्रैश होने के बाद हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से शवों को ले जाया गया। अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी होने के बाद ब्लड डोनेशन की अपील की है। अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हास्पिटल के हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डाक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डाक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। बो.इंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान की बैट्री से बनावट तक विवाद बोइंग का 787.8 ड्रीमलाइनर विमान अपनी फ्यूल एफिशिएंसी और आरामदायक सफर के लिए जाना जाता है। हालांकि इसकी सेफ्टी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसमें खामियां सामने आने के बाद दुनियाभर में इसकी फ्लीट के उड़ान भरने पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी। अहमदाबाद में क्रैश हुए एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में पंजाब भाजपा के प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया। वह 3 साल से पंजाब और चंडीगढ़ भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने 3 दिन पहले लुधियाना में वेस्ट हलका के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के लिए प्रचार किया था। एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में सवार एक यात्री आकाश वत्स ने कहा कि मैंने इसी विमान में कुछ गड़बड़ियां देखी थीं। सीट का टच स्क्रीन नहीं चल रहा था, बटन खराब थे। मैं यह वीडियो एयर इंडिया को भेजना चाहता था। मैं और ज्यादा जानकारी देना चाहता था। कृपया मुझसे संपर्क करें।

# भाजपा ने टैगोर के मकान पर हमले के लिए यूनुस की भर्त्सना की

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने बंगलादेश में नोबेल पुरस्कार से अलंकृत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों के हमले और दोषियों पर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की कड़ी निंदा की है और वैश्विक समुदाय से इस कृत्य के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है।

भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बंगलादेश की अंतरिम सरकार की भर्त्सना करने के साथ ही पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की इस घटना पर चुप्पी की आलोचना की और कहा कि सुश्री बनर्जी



वोटबैंक की राजनीति के कारण चुप्पी साधे हैं, जबकि भाजपा सभ्यतागत मूल्यों की राजनीति के कारण मुखर हुई है। डा. संबित पात्रा ने कहा कि आप सबको विदित है कि मंगलवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी के बंगलादेश में स्थित पैतृक घर पर हमला हुआ और उसको काफी क्षति पहुंचाई गई। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर कोई आम शख्सियत नहीं थे। वे असाधारण विविधता वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने साहित्य, दर्शन और दृष्टि के माध्यम से दुनिया को बहुत योगदान दिया। टैगोर सीमाओं तक सीमित नहीं थे, उनकी विरासत राष्ट्रों से परे थी। उन्होंने 2 राष्ट्र के राष्ट्रगान को लिखा। भारत के राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' को रबिन्द्रनाथ जी की कलम ने ही संजोया और बंगलादेश के राष्ट्रगान को भी उन्होंने ही लिखा था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस घर पर हाल ही में हुआ हमला हिंसा की एक पूर्व नियोजित घटना में किया गया था। रवीन्द्रनाथ टैगोर के दादा जी द्वारकानाथ टैगोर ने 1840 में ढाका से लगभग 125 किमी दूर सिराजग.ंज में एक दोमंजिला घर बनाया था। मीडिया के माध्यम से पता चल रहा है कि उनके घर पर ये जो हमला हुआ है ये 'जमात-ए-इस्लामी' और 'हिफाजत- ए-इस्लाम' संगठन के लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हत्या प्रयास मामले में वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सुल्तानपुरी के हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी अपराध करने के बाद से फरार था।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि हेड कांस्टेबल अशोक कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि सुल्तानपुरी थाने के हत्या के प्रयास के मामले में शामिल ऋषि उर्फ मनु ठाकुर (२२) भजनपुरा में रह रहा है।

हालांकि, उस समय आरोपी का सही स्थान पता नहीं चल पाया था। उसके सही ठिकाने का पता लगाने के लिए एक टीम तैनात की गई थी, और तकनीकी निगरानी का भी इस्तेमाल किया गया था। इसी बीच टीम को पता चला कि ११.जून को आरोपी पूंठ कलां आया था।इस सूचना पर एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय सिंह के नेतृत्व में एसआई अनिल सरोहा ,एएसआई अशोक, संजीव, परवीन, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, सत्यव्रत और महिला कांस्टेबल सोनम की टीम ने तकनीकी निगरानी के उपयोग कर आरोपी ऋषि उर्फ मनु ठाकुर को पूंठ कलां,से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, उसने ३० अप्रैल की रात को सी-ब्लॉक, सुल्तानपुरी में हुए सनसनीखेज हत्या के प्रयास मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि पिछले दो वर्षों से वह सी ब्लॉक, सुल्तानपुरी के सूरज और चांद का दोस्त था।

अप्रैल २०२५ में, उसके दोस्त सूरज की सुल्तानपुरी में कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। उसने सूरज के भाइयों आकाश उर्फ घ्घ्डांगर और चांद के साथ मिलकर बदला लेने की योजना बनाई। ३०.अप्रैल की रात को, वह अपने चार अन्य साथियों के साथ, सी-ब्लॉक, सुल्तानपुरी, गया और गोलीबारी की। इस कृत्य के पीछे का मकसद सूरज नामक व्यक्ति की मौत का बदला लेना था, जो आरोपी ऋषि उर्फ मनु ठाकुर का दोस्त था और सह-आरोपी चांद और आकाश उर्फ डांगर (दोनों पहले से ही गिरफ्तार) का भाई था।

गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। भीड़ के इकट्ठा होने पर आरोपी और उसके साथी मौके से भाग गए। बाद में, वे सी-ब्लॉक, सुल्तानपुरी पहुंचे, जहां उन्होंने अखिल और रितिक (जो कथित तौर पर सूरज की हत्या में शामिल थे) के दोस्त विकास गुप्ता को देखा। उन्होंने विकास गुप्ता पर चाकू से हमला किया और मौके से भाग गए। इस संबंध में सुल्तानपुरी थाने में दो एफआईआर दर्ज की गई।

## दो ऑटोलिफ्टर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के कमला मार्केट थाने की टीम ने दो स्नैचर और ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से एक चोरी की बाइक और तीन चोरी के मोबाइल बरामद किए है।पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मामलो को सुलझा लिया है। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि ०६/०७. जून की रात को एनडीआरएस एग्जिट गेट पर मोबाइल फोन स्नैचिंग की सूचना कमला मार्केट थाने में दी गई। पूछताछ के दौरान, शिकायतकर्ता ने बताया किएनडीआरएस एग्जिट गेट पर इंतजार करते समय, मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और सिविक सेंटर की ओर भाग गए।

उसकी शिकायत के आधार पर, कमला मार्केट थाने में मामला दर्ज कर एसएचओ कमला मार्किट सी.एल. मीना के नेतृत्व में एसआई दीपक, हेड कांस्टेबल अंकुश कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, शेखर कुमार और नरेश की टीम ने जांच शुरू की।

# जयपुर में हुए सनसनीखेज चोरी के मामले में भगोड़ा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जयपुर में हुए सनसनीखेज चोरी के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चोरी और आर्म्स एक्ट उल्लंघन सहित ७० से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।जयपुर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि ०८/०९ मार्च २०२२ की रात को जयपुर के जवाहर नगर इलाके में सोने और हीरे के आभूषण, नकदी और लगभग १ करोड़ मूल्य की विदेशी मुद्रा सहित कीमती सामान चोरी हो गया था।जांच के दौरान, अपराध में इस्तेमाल की गई एक कार संजय पहाड़िया (४०)के पास मिली। काफी प्रयासों के बावजूद, आरोपी गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा, जिसके बाद जयपुर पुलिस ने उसपर दस हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था। इसके बाद एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में,इंस्पेक्टर अजीत कुमार के नेतृत्व में एसआई सुधीर यादव, एएसआई राम किशन, विजेंद्र, संदीप, हेड कांस्टेबल ललित, महिला हेड कांस्टेबल ज्योति यादव और महिला कांस्टेबल ममता की टीम ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में विस्तृत विश्लेषण और खुफिया जानकारी एकत्र करने के बाद,आरोपी को १० जून को संगम विहार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में, संजय पहाड़िया ने बताया कि उसने अपने साथियों जितेंद्र उर्फ गोलू और मोहम्मद जावेद उर्फ गंजू के साथ अपनी आपराधिक गतिविधियों की शुरुआत की। उसने जयपुर चोरी में अपनी भूमिका कबूल की, जिसमें रोहित चौधरी गैंग के एक ज्ञात सहयोगी और हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, जबरन वसूली और अन्य में शामिल एक कुख्यात अपराधी मोहम्मद जावेद उर्फ गंजू की संलिप्तता की पुष्टि की। संजय ने आगे स्वीकार किया कि चोरी में इस्तेमाल किया गया वाहन अपराध के बाद बेच दिया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय पहाड़िया दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में ७० से अधिक आपराधिक मामलों से जुड़ा हुआ है।

## लापता लड़की हरियाणा से सकुशल बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने तीन साल से लापता लडकी को बहादुरगढ़,हरियाणा से सकुशल तलाशकर परिजनों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २० जून २०२२ को,शाल.ीमार बाग से २४ वर्षीय लडकी लापता हुई थी। स्थानीय पुलिस ने लडकी को तलाशने की कोशिश की थी। दो महीने बाद ही दिल्ली पुलिस ने लडकी को तलाशने के लिये बीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस टीम ने लडकी के परिजनों,रिश्तेदारों और दोस्तों से संपर्क करके लडकी के बारे में पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ साथ ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पटेल नगर, बहादुरगढ़, हरियाणा में लडकी के फैक्टरी में काम करने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचकर लडकी को सकुशल बरामद कर लिया गया।

## हीट स्ट्रोक के शिकार हो सकते हैं डायबिटीज के मरीज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हीट वेव का कहर जारी है। इसके चलते अस्पतालों में सिरदर्द, चक्कर आने, उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि अभी मरीजों की संख्या ज्यादा नहीं है। वहीं, डॉक्टर बुजुर्गों और डायबिटीज के मरीजों को कड़ी धूप में बाहर न निकलने का परामर्श दे रहे हैं।

बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में दिनभर धूप में रहने वाले लोगों में हीट एग्जॉशन (गर्मी से थकावट) और हीट स्ट्रोक (लू) की आशंका बढ़ जाती है। हीट एग्जॉशन में पसीना, चक्कर आना, थकान और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण शामिल हैं, जबकि हीट स्ट्रोक के लक्षणों में शरीर का तापमान उच्च, बेहोशी, तेज सांस लेना, मान.सिक भ्रम और हृदय गति बढ़ जाती है। हीट स्ट्रोक होने पर मृत्यु की दर अधिक है।

## एक नजर

### आग से मरने वालों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीमापुरी के आप विधायक वीर सिंह धिगांन ने सुंदर नगरी में गत वर्ष नवम्बर २४ में चाकूओं गोदकर से मारे गये मनीष उर्फ राहुल के आश्रित परिवार को १० लाख रुपए का चौक देने पर दिल्ली सरकार का व क्षेत्रीय सांसद का धन्यवाद किया है। श्री धिगांन ने कहा है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा पूर्व मुख्य मंत्री आज विपक्ष की नेता श्रीमती आतिशी जी ने पिडित परिवार के घर आकर परिवार को सांत्वना देकर की थी,जो आज पुरी हो गई है। धिंगान के अनुसार इसका श्रेय दिल्ली सरकार व उस समय की मुख्यमंत्री श्रीमती आतिशी को जाता है। धिगांन ने सरकार का ध्यान दिलाते हुए कहा है कि गत ३१ मई को सुंदर नगरी के के बलाक में सिलेंडर फटने से तीन बच्चे वह एक २२ वर्षीय युवक बुरी तरह जुलस गए थे जिनमें तीन बच्चे एक ही परिवार के थे। जिनमें से दो बच्चों अब्बास ४ वर्ष व शाकिब ७ वर्ष की मोत हो चुकी है। इसी तरह ८ जून को कुष्ठ आश्रम ताहिर पुर में आग लगने से २४ वर्षीय शशी व ४२ वर्षीय बल्लू दो लोगों की मौत हो गई है। किंतु खेद है कि आज तक भाजपा का कोई बड़ा नेता पीड़ित परिवारों को शान्तवना देने तक नहीं आया है। धिगांन ने सरकार से अग्निकांड में मरने वाले सुन्दर नगरी के दोनों बच्चों के परिवार तथा कुष्ठ आश्रम में जलकर मरने वालों के परिवार को अविलंब आर्थिक सहायता देने की मांग है।

### सीएम ने की एडवांस्ड मैमोग्राफी व मुफ्त कैंसर जांच की शुरुआत



**नई दिल्ली** धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने आज 'कैंसर सर्वाइवर्स मंथ' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य घोषणाएं की गईंख्न उन्नत ३क मैमोग्राफी सिस्टम का उद्घाटन, जिससे स्तन कैंसर की समय रहते पहचान संभव होगी, महिलाओं के लिए एक व्यापक और नि:शुल्क कैंसर जांच कार्यक्रम की शुरुआत और अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ की घोषणा। इन पहलों को महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने और कैंसर की रोकथाम को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर नारायणा हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. इमैनुएल रूपर्ट ने कहा, महिलाओं के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के लिए यह जरूरी है कि उन्हें समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ जांच और उपचार मिल सके।

### नए सीजन के साथ लौटेगा बड़े अच्छे लगते हैं

**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन हमेशा से लोगों का पसंदीदा चौनल रहा है, जो हर बार शानदार शोज के जरिए अलग-अलग इमोशन्स को बखूबी दिखाता है। इस बार चौनल एक बार फिर टीवी पर रोमांस वापस लाने जा रहा है, अपने सबसे प्यारे शोज में से एक श्बड़े अच्छे लगते हैंश के नए सीजन के साथ। 'बड़े अच्छे लगते हैं ख्र नया सीजन' के साथ दर्शक एक बार फिर उस सच्चे रोमांस को महसूस करेंगे, जो टीवी से कुछ वक्त से गायब था। शो फिर से वापस लेकर आ रहा है वो दिल धड़काने वाला प्यार, वो हल्की सी घबराहट, वो जादू और पहली मोहब्बत की मिठास। ये कहानी एक बार फिर सही इंसान से प्यार हो जाने की खूबसूरती को सेलिब्रेट करती है। वैसे भी, 'बड़े अच्छे लगते हैं' सिर्फ एक शो नहीं, वो एक एहसास है जो कई जनरेशन्स तक चला है। इस फ्रेंचाइजी ने हमेशा ऐसी प्यार की कहानियां दिखाई हैं जो मैच्योर होती हैं, गहराई से भरी होती हैं और दिल को छू जाती हैं और जो वक्त की कसौटी पर खरी उतरती हैं।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के चलते कैंसिल किया इवेंट

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश त्रासदी के चलते सलमान खघन और इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग ने अपना इवेंट कैंसिल कर दिया है। इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के फाउंडर ईशान लोखंडे ने कहा कि जैसा कि हम सभी ने आज जो दुखद घटना घटी है। इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग और सलमान खघन इस मुश्किल वक्त में पूरे देश के साथ खड़े हैं। हमारी संवे.दनाएं और दुआएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। हमने मिलकर एक जिम्मेदार फैसला लिया है कि इस इवेंट को आगे के किसी तारीखघ् के लिए री-शेड्यूल किया जाएगा।

### 2.8 करोड़ की क्रिप्टो करंसी जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर गिरोह पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल अरोड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरोह तकनीकी सहायता अधिकारी बनकर अमेरिका व कनाडा में अनजान लोगों को निशाना बनाता था। राहुल से २.८ करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरंसी और २२ लाख रुपये की नकदी जब्त की गई है। इस कार्रवाई में अंतरराष्ट्रीय कॉल और वॉयस रिकॉर्डिंग करने के उपकरण बरामद किए हैं।

### नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को 2 स्टेशन पर करना होगा ज्यादा इंतजार

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर और आनंद विहार स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन के लिए यात्रियों को ज्यादा इंतजार करना होगा। एक ट्रेन निकलने पर दूसरी ३० मिनट बाद जाएगी। पहले यह अंतराल १५ मिनट का था। अब इस नए बदलाव से दिल्ली से मेरठ जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी। उन्हें न्यू अशोक नगर और आनंद विहार स्टेशन पर ट्रेन के लिए पहले से दोगुना इंतजार करना होगा।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अधिकारियों ने बताया कि रखरखाव कार्य के चलते ट्रेन परिचालन का अंतराल बढ़ाया गया है। अगला आदेश आने तक यही स्थिति रहेगी। लेकिन साहिबाबाद से मेरठ के बीच परिचालन पहले की तरह सामान्य रहेगा। नमो भारत ट्रेन परिचालन का अंतराल बढ़ने पर इंतजार के कारण लोगों को असुविधा होगी। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया गया दोनों स्टेशनों पर किस तरह का रखरखाव कार्य चल रहा है। ये दोनों नए स्टेशन हैं, जिनसे इसी साल पांच जून को ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ है।

### शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** आतंकवाद के आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। जमानत देने से इनकार करने के राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत के निर्णय को शब्बीर शाह ने चुनौती दी थी। शब्बीर शाह के खिलाफ अब तक २४ मामले दर्ज हैं। शब्बीर शाह को एनआईए ने २०१७ में गिरफ्तार किया था।



दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के चुनाव में भाजपा की सत्या शर्मा स्थायी समिति की अध्यक्ष व सुन्दर सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# नगर निगम स्थायी समिति चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति का चुनाव आज संपन्न हुआ। भाजपा की सत्या शर्मा ११ वोटों के साथ स्थायी समिति की अध्यक्ष निर्वाचित हुई। आम आदमी पार्टी के उनके प्रतिद्वंदी प्रवीण कुमार को ७ मत हासिल हुए। वहीं स्थायी समिति के उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा के सुन्दर सिंह ने कब्जा किया उन्होंने आप की मोहिनी जीनवाल को हराया। सुन्दर सिंह को ११ और मो. हिनी जीनवाल को ७ वोट मिले। स्थायी समिति के सभी १८ सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। स्थायी समिति के इस महत्वपूर्ण चुनाव में महापौर, राजा इकबाल सिंह ने पीठासीन अधिकारी के तौर पर अध्यक्ष, स्थायी समिति का चुनाव करवाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को महापौर ने शुभकामनायें दी और कहा कि स्थायी बनने के बाद हम सभी मिलकर विकास के नये आयाम हासिल करेंगे।

निर्वाचन के पश्चात्स सत्या शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि पिछले ढाई साल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ लेकिन अब विकास की दिशा में सकारात्मक कार्य किये जायेंगे और इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारा उदेश्य है समर्पित भाव से काम करके दिल्ली को साफ सुन्दर और स्वच्छ बनाना है। सत्या शर्मा ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया।

# छोटी सी बात को लेकर हुए विवाद में चाकू गोदकर हत्या

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में छोटे से झगड़े को लेकर हुए विवाद में मुन्ना लाल नामक व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या की वारदात में सुल्तानपुरी और एंटी नारकोटिक्स सेल ने दो भाईयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नरेश और धर्मेन्द्र के रूप में हुई है। आरो.पियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार शाम को सुल्तानपुरी पुलिस को झुग्गी नंबर ई-६/१२०, सुल्तानपुरी में झगड़ा होने की पीसीआर कॉल मिली थी। एसआई सोमबीर मौके पर पहुंचा। पता चला कि घायल व्यक्ति मुन्ना लाल चाकू मारा गया था,जिसको पीसीआर वैन से संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों ने मुन्ना लाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मुन्ना लाल शटरिंग आयरन वर्कर के रूप में काम करता था। मुन्ना लाल को चाकू से दो बार वार किया गया था। पता चला कि मृतक मुन्ना लाल और उसके पड़ोसियों के बीच मामूली कहासुनी हुई थी, जिसके दौरान एक आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से वार किया। एसीपी राजबीर मलिक और नरेन्द्र खत्री की देखरेख में एसएचओ रविंदर मलिक और इंस्पेक्टर रितेश के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और संदिग्धों के रिश्तेदारों के बाहरी आवासों सहित विभिन्न स्थानों पर कई लक्षित छापे मारे गए। दोनों को मंगोलपुरी के कतरन मार्केट इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों आरोपी भाई हैं और मृतक के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई थी, जो घातक टकराव में बदल गई।

## सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ पांच जुआरी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ कर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से ४३,१५०/- रुपये की सट्टा राशि जब्त की है। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि १० जून को, एसीपी ऑपरेशन ईश्वर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अमित दहिया के नेतृत्व में एसआई राजीव कुमार, अजय कुमार और लाल सिंह और हेड कांस्टेबल आशीष, संदीप और अशोक की एक टीम को प्रेम नगर थाने के क्षेत्र में जुआ गतिविधियों के बारे में सूचना मिली। तुरंत, टीम ने प्रेम नगर फेज- प्प में छापा मारकर पांच जुआरी सुनील, करण, उशिक, राहुल झा और मोहित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से ४३,१५०/- रुपये की हिस्सेदारी जब्त की गई।

# बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल में ओपीडी सेवा रही ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहिणी स्थित डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुई शारीरिक हिंसा के विरोध में अस्पताल की रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने बृहस्पतिवार सुबह दस बजे से ओपीडी सेवा बंद राखी गई । हिंसा के विरोध में अलग-अलग आरडीए और मेडिकल एसोसिएशन सामने आ रही हैं। बुधवार को भी काली पट्टी बांधकर डॉक्टरों ने विरोध दर्ज कराया।

हालांकि इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेकिन डॉक्टर पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। पुलिस पर जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। अस्पताल की आरडीए के अध्यक्ष डॉ. अनिर्बान भौमिक ने कहा कि इस घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल ने इमरजेंसी कॉल करने से मना कर दिया। जांच अधिकारी ने दूसरे पक्ष की ओर से भी मुकदमा दर्ज कराने के नाम पर पीड़िता को डराने का प्रयास किया। पुलिस गिरफ्तारी के २४ घंटे के अंदर दोषियों को मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत नहीं कर सकी।

साथ ही पीड़िता का बयान मजिस्ट्रेट के सामने रिकॉर्ड नहीं कराया गया। इन सभी बिंद.ुओं को ध्यान में रखते हुए बृहस्पतिवार सुबह दस बजे से ओपीडी सेवा बंद रखने का निर्णय लिया गया है। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क की स्थायी समिति के संयोजक डॉ. करन जुनेजा ने बताया कि डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। इस मामले की फास्ट ट्रैक जांच कराने, केंद्रीय स्वास्थ्य देखभाल संरक्षण कानून लागू करने, २४ घंटे सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, राष्ट्रीय हेल्पलाइन की स्थापना सहित कई मांगें की गई हैं।

# नर्सिंग शिक्षा में भ्रष्टाचार रोकने को प्रधानमंत्री कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एन.एस.ओ. छात्र संगठन के प्रति.निधिमंडल द्वारा प्रधामनंत्री के नाम प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया कि पूरे देश में नर्सिंग शिक्षा में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है, इसकी सीबीआई जांच की जाए और संसद द्वारा अगस्त २०२३ में एन.एन.एस.सी. एक्ट पारित किया गया था इस एक्ट के तहत तहत स्थापित की जाने वाली एन.एन.एम.सी. संस्था द्वारा पूरे देश के नर्सिंग कालेजों को मान्यता दी जानी थी लेकिन २ साल बाद भी ये एक्ट लागू नहीं हुआ है और ना ही एन एन एम सी संस्था स्थापित करके पूरे देश के नर्सिंग कालेजों को मान्यता दी जा रही है और पूरे देश में नर्सिंग शिक्षा में भ्रष्टाचार चरम पर है इसलिए एक्ट को लागू किया जाए और आगामी शिक्षा सत्र २०२६-२७ से पूरे देश के नर्सिंग कालेजों को एन. एन. एम. सी. एक्ट के तहत एन एन एम सी संस्था स्थापित करके मान्यता प्रदान की जाए।



साथ ही केंद्र स्तर के अस्पतालों की नर्सिंग ऑफिसर की सरकारी नौकरियों में लिंग भेदभाव किया जाता है इसको बंद किया जाए। प्राइवेट अस्पतालों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार नर्सिंग स्टाफ को कम से कम २० हजार रुपए वेतनमान देने, प्राइवेट हॉस्पिटलो में नॉन डिग्री कार्य कर रहे नर्सिंग स्टाफ को बाहर करने सहित अन्य मांगो का निराकरण कराने की मांग की गई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक और राष्ट्रीय महासचिव आविद के अनुसार संगठन की मांगे नहीं मानी गई तो संगठन द्वारा आगामी संसद सत्र के समय जंतर मंतर दिल्ली पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## निजामुद्दीन गाजियाबाद ईएमयू पटरी से उतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार दोपहर को एक बड़ा ट्रेन हादसा होने से बच गया। यहां शिवाजी ब्रिज के पास हजरत निजामुद्दीन से गाजियाबाद जाने वाली (६४४१९- ईएमयू) ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे के बाद मरम्मत का काम चल रहा है।

उत्तर रेलवे के मुताबिक, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह ट्रेन हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से चलकर तिलक ब्रिज होते हुए शिवाजी ब्रिज जा रही थी। रास्ते में दोपहर ४.१० बजे ट्रेन का एक कोच पटरी से उतर गया। सूचना पर रेलवे के कर्मचारी आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंचे। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा, निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही इस मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन का एक कोच पटरी से उतर गया। फिलहाल मरम्मत का काम चल रहा है। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। पटरी से उतरने के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच समिति बनाई गई है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीडीए ने कालकाजी में झुग्गियां तोड़ने से पहले 1862 परिवारों को दिए सस्ते फ्लैट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर बुधवार को कालकाजी भूहीन कैंप की ३४४ अयोग्य झुग्गियों को तोड़ दिया गया। डीडीए ने कहा कि यह कदम दिल्ली को झुग्गी-मुक्त बनाने की दिशा में उठाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इससे पहले झुग्गी पुनर्वास योजना के तहत १८६२ पात्र परिवारों को आधुनिक सुविधाओं वाले फ्लैट दिए गए हैं। डीडीए के मुताबिक बुधवार को ३४४ झुग्गियों को खाली कराने के बाद तोड़ा गया। इनके खिलाफ कोई स्टे ऑर्डर नहीं था। यह जमीन पांच एकड़ में फैली है, जहां नवजीवन और जवाहर कैंप के ४५०० झुग्गीवासियों के लिए पुनर्वास प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। पिछले ढाई साल से अतिक्रमण के कारण काम रुका था। अब कोर्ट के आदेश से हुई कार्रवाई के कारण प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। डीडीए ने बताया कि काल.काजी के भूहीन कैंप में इन-सिटू स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट के तहत १८६२ पात्र परिवारों को नवंबर २०२२ से मई २०२३ के बीच कालकाजी एक्सटेंशन में नए फ्लैट दिए गए। ये फ्लैट ३.०६८ हेक्टेयर डीडीए की जमीन पर ३४५ करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए हैं। प्रत्येक फ्लैट की कीमत ११.४१ लाख रुपये है। पात्र परिवारों को इन्हें सिर्फ १.१२ लाख रुपये में दिए गए। २५ वर्ग मीटर के फ्लैट्स में एक बेडरूम, लिविंग रूम, किचन, बाथरूम और बालकनी है, साथ ही सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

# द्वारका: नौंवी मंजिल से कूदने से तीनों के शरीर में अनगिनत फ्रैक्चर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका में आग लगने के कारण नौंवी मंजिल से कूद कर जान गंवाने वाले यश यादव २९ वर्ष पहले परिवार के साथ राजधानी में आए थे। पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव परिजनों को सौंपे गए। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि तीनों के शरीर पर अनगिनत फैक्चर थे। यश यादव उत्तर प्रदेश के एटा जिला स्थित अपने पैतृक गांव शाहबाजपुर से २९ वर्ष १९९६ में परिवार के साथ दिल्ली आए थे। वे दिल्ली में फ्लैक्स, रूम डिजाइनिंग और एडवर्टाइजिंग का काम करते थे। उनके पास शब्द अपार्टमेंट की नौवीं और दसवीं मंजिल पर फ्लैट था।

दोनों फ्लैट एक सीढ़ी के जरिये आपस में जुड़े थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मंगलवार को लगी आग के दौरान कारोबारी यश यादव की पत्नी मामता यादव, बड़ा बेटा आदित्य व भाई की पत्नी मुख्य गेट की तरफ थे। आग लगते ही यह लोग बाहर निकल गए। कारोबारी और उनकी बेटी आसिमा और भतीजा शिवम अंदर की तरफ थे। इस कारण वे बाहर नहीं निकल गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नौंवी मंजिल से कूदने से तीनों के शरीर में अनगिनत फ्रैक्चर आए हैं। उनकी एमएलसी (मेडिको लीगल केस) मौके पर हुई मौत की बनी है। नार्थ थाना पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# सुल्तानपुरी हत्या कोशिश की वारदात में शामिल आरोपी पकड़ा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में एक हत्या की कोशिश की वारदात में शामिल वांछित ऋषि उर्फ मनु ठाकुर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल अशोक कुमार की पुख्ता जानकारी के बाद ऋषि उर्फ मनु ठाकुर को पूठ कलां से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि पिछले दो वर्षों से वह सुल्तानपुरी के सी ब्लॉक के सूरज और चांद का दोस्त था। अप्रैल २०२५ में, उसके दोस्त सूरज की सुल्तानपुरी में कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। उसने सूरज के भाइयों आकाश उर्फ डांगर और चांद के साथ मिलकर बदला लेने की योजना बनाई।

३० अप्रैल की रात को, वह अपने चार अन्य साथियों के साथ सी-ब्लॉक, कुम्हार वाली बस्ती, सुल्तानपुरी गया और फायरिंग की। इसके पीछे का मकसद सूरज नामक व्यक्ति की मौत का बदला लेना था, जो आरोपी ऋषि उर्फ मनु ठाकुर का दोस्त था और सह-आरोपी चांद और आकाश उर्फ डांगर (दोनों पहले से ही गिरफ्तार) का भाई था। फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। भीड़ के इक;ा होने पर आरोपी और उसके साथी मौके से भाग गए। बाद में, वे सी-ब्लॉक, सुल्तानपुरी पहुंचे, जहां उन्होंने अखिल और रितिक (जो कथित तौर पर सूरज की हत्या में शामिल थे) के दोस्त विकास गुप्ता को देखा। उन्होंने विकास गुप्ता पर चाकू से हमला किया और मौके से भाग गए थे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# फर्जी दस्तावेज से करोड़ों की संपत्ति पर कब्जा

## हरबीर सिंह चड्ढा और गुरजीत सिंह चड्ढा पर जाली समझौते और हस्ताक्षरों के जरिये संपत्ति हड़पने का आरोप

■ **संबंधित पक्षों को जल्द बयान के लिए तलब किया जा सकता है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** करोड़ों की संपत्ति पर अवैध कब्जे के लिए फर्जी दस्तावेज और नकली हस्ताक्षरों का सहारा लेने का मामला सामने आया है। एम/एस चड्ढा इन्फ्राटेक लिमिटेड के निदेशक हरबीर सिंह चड्ढा और गुरजीत सिंह चड्ढा पर जाली पारिवारिक समझौते फैमिली सेटेलमेंट डीड के जरिए संपत्ति अपने नाम कराने का आरोप है।

इन पर आरोप है कि इन्होंने 5 जनवरी 2008 को दिनांकित दस्तावेज को बिलारी तहसील अदालत में पेश किया, लेकिन जांच में सामने आया कि स्टाम्प पेपर असल में 11 फरवरी 2011 को जारी हुआ था - जो दस्तावेज की तारीख से तीन साल बाद है। यह स्पष्ट रूप से दस्तावेज की वैधता पर सवाल उठाता है और फर्जीवाड़े की ओर संकेत करता है।

मामले की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने FIR संख्या 29/2022 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यह न केवल धोखाधड़ी है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को गुमराह करने की सुनियोजित साजिश भी है। उन्होंने EOW से त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

EOW अधिकारी स्टाम्प पेपर की खरीद की तिथि, दस्तावेज की वैधता, और संपत्ति हस्तांतरण प्रक्रिया की बारीकी से जांच कर रहे हैं। संबंधित पक्षों को जल्द बयान के लिए तलब किया जा सकता है। संभावित धाराएं। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो IPC की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (दस्तावेज की जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली दस्तावेज का उपयोग) के तहत अभियोजन चलाया जा सकता है।

### सिपाही हत्याकांड में शामिल साजिद

# मुठभेड़ में गिरफ्तार, एसीपी ने बताया जाल बिछा कैसे दबोचा

■ **घायल साजिद को तत्काल उपचार के लिए डासना स्थित सीएचसी अस्पताल भेजा गया**

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में 26 मई को नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार देर रात वेव सिटी थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपी साजिद को गोली मारकर गिरफ्तार किया। उसके बाएं पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे



अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामले में जानकारी देते हुए एसीपी वेव सिटी प्रियांशी पाल ने बताया कि सिपाही सौरभ हत्याकांड में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी साजिद डासना की ओर से काजीपुरा की तरफ आ रहा है। सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना पुलिस और मसूरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने डासना-काजीपुरा मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू किया।

इसी दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह न रुकते हुए बाइक को कच्चे रास्ते की ओर मोड़कर भागने लगा। रास्ता खराब होने के चलते बाइक फिसल गई और वह गिर पड़ा। खुद को घिरा देख साजिद ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके बाएं पैर में लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मौके से साजिद के पास से एक बाइक, एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। घायल साजिद को तत्काल उपचार के लिए डासना स्थित सीएचसी अस्पताल भेजा गया। इस हत्याकांड में अब तक 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य आरोपी कादिर और उसके भाई सहित कई नाम पहले ही पुलिस की गिरफ्त में हैं।

## आयुष्मान योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, यूनिक हॉस्पिटल पर छापा, 220 संदिग्ध फाइलें जब्त

**गाजियाबाद।** आयुष्मान भारत योजना के नाम पर एक और बड़ा स्वास्थ्य घोटाला सामने आया है। डीएमआर हॉस्पिटल के बाद अब यूनिक हॉस्पिटल भी फर्जीवाड़े और घोटाले के गंभीर आरोपों में घिर गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने अस्पताल पर छापा मारकर 220 संदिग्ध मरीजों की फाइलें जब्त की हैं, जिनमें भारी अनियमितताओं के प्रमाण मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यूनिक हॉस्पिटल ने उन मरीजों के नाम पर इलाज दिखाया जो न तो कभी अस्पताल में भर्ती हुए, न ही उनका कोई इलाज हुआ। इन फाइलों में कई मृत या गैर-मौजूद मरीजों के नाम पाए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने फर्जी बिल और कागजात के जरिए सरकार से लाखों रुपये की वसूली की है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस घोटाले में शामिल कुछ चेहरों की प्रशासनिक और राजनीतिक पहुंच की चर्चा है, जिससे अब तक किसी के खिलाफ बड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# ठप विद्युत आपूर्ति को लेकर बिजली घर पर धरना-प्रदर्शन

## जनता के साथ धूप में बैठे मजलिस और खिदमत के कार्यकर्ता

■ **चार घंटे धूप में गर्म फर्श पर बैठकर किया अनोखा प्रदर्शन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी, गाजियाबाद।** जून के महीने में जैसे जैसे गर्मी की तपिश बढ़ती है वैसे ही बिजली की अत्यधिक कटौती भी होना शुरू हो जाती है यह कहना है लोनी के उन इलाकों के लोगों का जहां बिजली आपूर्ति बीते सप्ताह से ठप पड़ी हुई है। बुधवार को अशोक विहार के सभासद पति नौशाद सैफी के नेतृत्व में जनता ने ट्रोनिका सिटी बिजलीघर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया लोगों ने आरोप लगाया हफ्ते भर से बिजली की ठप आपूर्ति के कारण लोग बीमार पड़ रहे है।

नौशाद सैफी ने बताया बिजली का इस हद तक परेशान करना चिंता का विषय है साथ ही अधिक परेशानी का कारण बिजली विभाग के अधिकारियों का जवाबदेही से बचना है जिस वजह से हमें धरने को मजबूर होना पड़ा।

धरने को ताकत देने को पहुंचें खिदमत ए अवाम युवा समिति के अध्यक्ष मार्टिन फैसल ने कहा बिजली विभाग के अधिकारी जब जानते है गर्मी के महीने में अधिक मुश्किल होती है तो उसकी पहले से तैयारी क्यों नहीं की जाती साथ ही उन्होंने कहा अगर ये सिल. सिला बरकरार रहता है तो हम विशाल धरना बिजली विभाग के खिलाफ करने को मजबूर होंगे।

एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष डॉ महताब ने कहा हमारा संगठन जनहित के मामलों को सक्रियता से उठाता है अगर स्थिति ऐसे ही बेहाल रही तो बिजली विभाग और सरकार बड़े धरने प्रदर्शन के लिए तैयार रहे।

एआईएमआईएम गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष डॉ मनमोहन गामा ने कहा वैसे तो यूपी के मुख्यमंत्री कहते है हम बिजली की बेहतर आपूर्ति के लिए कार्य करते है जबकि धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। साथ में रहे बिट्टू भाई, मतलूंब अंसारी, नवाब मलिक, व सैकड़ों की तादाद में कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा को लेकर महानगर महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा एवं प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देशानुसार महानगर महिला कांग्रेस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर महानगर महिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी से मिला व ज्ञापन सौपा। महिला कांग्रेस द्वारा महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। देश व प्रदेश में बढ़ रही महिला अत्याचार की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए यह ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रशासन से तत्काल प्रभाव से सुरक्षा उपायों की मांग की गई।



इस अवसर पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि ष्महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की भी जिम्मेदारी है। जब तक हर महिला सुरक्षित महसूस नहीं करती, तब तक हमारी जिम्मेदारी अधूरी है।' महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष एडवोकेट खुशनुमा ने कहा कि हम महिला कार्यकर्ता केवल ज्ञापन देने नहीं, बल्कि बदलाव लाने निकले हैं। प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे।ष महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रभारी पूजा चड्ढा ने कहा कि 'महिलाओं की आवाज अब दबेगी नहीं। हम हर स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे जब तक महिलाओं को उनका पूरा हक और सुरक्षा नहीं मिलती।

'बुलंदशहर कोऑर्डिनेटर नरेंद्र राठी ने प्रशासन से यह मांग की कि: सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, महिला हेल्पलाइन नंबरों को और सक्रिय किया जाए, और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।' प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए माँग की कि प्रशासन महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे और शीघ्र आवश्यक कदम उठाए। इस प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थीं जिन्होंने मिलकर महिला सुरक्षा की आवाज बुलंद की। इसमें मुख्य रूप से शामिल रही एडवोकेट तृप्ति शर्मा, एडवोकेट श्वेता, सुनीता, अनीता पांडे, रिमझिम, अंजू, संगीता,दीप्ति, अफसाना, अंजुम, मुकेश, पीसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य राजा राम भारती, वरिष्ठ कोंग्रेसी राजेंद्र शर्मा आदि लोग सिम्मलित हुए।

### मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने किया

# मीडिया प्रतिनिधियों के लिए बीएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने मीडिया प्रति. निधियों के लिए विशेष रूप से एक बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक मीडिया कर्मियों ने भाग लिया। जिन्हें हृदय गति रुकने जैसी आपातकालीन स्थितियों और अन्य जानलेवा चिकित्सा आपात परिस्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया देना सिखाया गया।




इस प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में बीएलएस प्रशिक्षण के महत्व को उजागर करना था। प्रतिभागियों को गंभीर परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीपीआर (ब्च्त्), फर्स्ट ऐड और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकों जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। यह सत्र मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर विभागों के अनुभवी डॉक्टरों और प्रमाणित प्रशिक्षकों की टीम द्वारा संचालित किया गया।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. धीरज भास्करन नायर ने कहा पत्रकार ठीक वैसे ही जैसे स्वास्थ्यकर्मी और पैरामेडिक्स, अक्सर आपातकालीन और संकटपूर्ण स्थितियों में सबसे पहले मौके पर होते हैं। ऐसे में उन्हें जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट ऐड) का ज्ञान देना अत्यंत आवश्यक है-न केवल उनकी अपनी सुरक्षा के लिए, बल्कि समुदाय की भलाई में योगदान देने के लिए भी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने, आत्मविश्वास विकसित करने और आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत एवं प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने की क्षमता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हमें मीडिया के सदस्यों के लिए ऐसा इंटरऐक्टिव और शैक्षिक आयोजन करने की खुशी है।" प्रशिक्षण सत्र पूर्ण करने के उपरांत सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए गए, जो उनके जीवन रक्षक उपायों को सीखने के प्रति समर्पण को मान्यता देते हैं। इस पहल को मीडिया प्रतिनिधियों ने अत्यंत सराहा और इसे व्यावहारिक जीवन में भी उपयोगी बताया-न केवल काम के दौरान, बल्कि रोजमर्रा की परिस्थितियों में भी। आपातकालीन स्थितियों में समय पर हस्तक्षेप और सही उपचार मृत्यु दर को कम करने में सहायक हो सकता है। इसी सोच के साथ, मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली भविष्य में भी इस तरह के अभ्यासों और वर्कशॉप्स का आयोजन करता रहेगा, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को इन महत्वपूर्ण कौशलों से सशक्त किया जा सके।

# पहल पोर्टल से व्यवसायिक संपत्तियों को जोड़ने के काम में लाई जाए तेजी: अतुल वत्स

### धीमी प्रक्रिया को लेकर अधीनस्थ स्टाफ की लगाई क्लास

■ **दिए आदेश, लक्ष्य के साथ किया जाए कार्य पूरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण के द्वारा हाल में लांच किए पहल पोर्टल से प्राधिकरण की खासकर व्यवसायिक अनुभाग की उन तमाम संपत्तियों से जुडी फाइलों को अपलोड करने की प्रक्रिया की एक बैठक के माध्यम से समीक्षा की,जिनमें आवंटियों पर किश्तों के तौर पर राशि बकाया है। इस दौरान सामने लाया गया कि फाइलों को अपलोड करने की प्रक्रिया के आरंभ में व्यवसायिक अनुभाग की लगभग 1500 फाइलों को अपलोड करने का लक्ष्य दिया गया था।

मौजूदा समय में 1365 फाइलें पेडिंग है। जीडीए उपाध्यक्ष ने फाइलों को अपलोड करने की धीमी गति को लेकर नाराजगी जतायी। अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया कि व्यवसायिक विभाग से जुडी फाइलों को पहल पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। वह खुद नियमित तौर पर इसकी समीक्षा करेंगे। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

## बिना लहसुन-प्याज के भी स्वाद का धमाका! गाजियाबाद में चल रहा है अनोखा जैन फूड फेस्टिवल

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद स्थित होटल कंट्री इन में इन दिनों अंतरराष्ट्रीय जैन फूड फेस्टिवल की धूम है, जो 15 जून तक चलेगा। इस खास आयोजन में शुद्ध सात्विकता और परंपरा का ऐसा मेल देखने को मिल रहा है, जो न सिर्फ स्वाद में उत्कृष्ट है, बल्कि आत्मा को भी तृप्त करने वाला है। बिना प्याज और लहसुन के बनाए गए 55 अलग-अलग व्यंजनों की थाली यहां लोगों को परोसी जा रही है, जो जैन धर्म की आहार परंपरा के अनुरूप हैं। खास बात यह है कि इस आयोजन में भारतीय व्यंजनों के साथ-साथ इटेलियन, मैक्सिकन और साउथ एशियन फूड को भी जैन परंपराओं के अनुसार तैयार किया गया है। होटल के वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि उनका होटल विश्व का पहला ऐसा होटल है जो पूर्णत: शुद्ध शाकाहारी और जैन-फ्रेंडली भोजन उपलब्ध कराता है।

# सूटकेस में मिली लाश का हुआ खुलासा, दिल्ली से आए देवर व ससुर ने फेंकी थी लाश, तीन दबोचे

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर इलाके में 10 जून को एक सूटकेस में मिली महिला की लाश की पहचान दिल्ली निवासी कविता (26) के रूप में हुई है। दिल दहला देने वाले इस मामले का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से हुआ, जिसमें आरोपी बाइक पर शव को ले जाते हुए नजर आए। पुलिस ने कविता के ससुर और दोनों देवरों को गिरफ्तार कर लिया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि क्राइम सीन से करीब 5 किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को एक बाइक दिखी, जिसमें दो लोग सफेद चादर में लिपटा हरा सूटकेस ले जा रहे थे-बिल्कुल वैसा ही सूटकेस जो घटनास्थल से मिला। इनमें से एक फुटेज में बाइक सवार सुबह 3:02 बजे नहर की पटरी पर सूटकेस फेंकते दिखे। इसके बाद दोनों आरोपी बाइक से दिल्ली की ओर लौट गए। बाइक नंबर से पहचान कर गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली में 10 किलोमीटर के दायरे में आरोपियों को ट्रैक किया। 10 जून की सुबह लोनी बॉर्डर इलाके में स्थानीय लोगों ने सूटकेस से उठती बदबू और कुत्तों की हरकतें देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी और थाना पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में सूटकेस खोला, जिसमें एक महिला की लाश मिली। शव पर चोट के कई निशान थे, गले पर गहरे निशान से गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। महिला नीले रंग का कुर्ता, काली सलवार पहने थी। नाक में सोने की लॉन्ग, हाथों में कांच की चूड़ियां और पैरों में बिछुए थे। सिर की मांग में सिंदूर था, जिससे उसकी पहचान एक विवाहित हिंदू महिला के रूप में की गई।

# अधिवक्ताओं ने एडीएम का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चेंबर नंबर 3 न्यू बिल्डिंग के समस्त स्टाफ द्वारा गाजियाबाद आगमन पर एडीएम विकास कश्यप का फूल मालाये व बुका देकर स्वागत किया गया वहीं एडीएम द्वारा सभी अधिवक्ता व समाज के सभी व्यक्तियों के साथ मिलकर जन सेवा करने का आश्वा. सन दिया अपने सम्मान के लिए अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनिल कश्यप एडवोकेट,सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रमोद कुमार एडवोकेट, अतुल कश्यप एडवोकेट, संजय कश्यप एडवोकेट, गीता कश्यप एडवोकेट, सीमा कश्यप एडवोकेट, भारती कश्यप एडवोकेट, दीपिका कश्यप एडवोकेट, रजनी कश्यप एडवोकेट, रूबी कश्यप एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्रों का सम्मान, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे मुख्य अतिथि

# संस्कृति और नैतिकता का पालन करें, तभी होगी सच्ची सफलता: मयंक गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार सुनील कुमार शर्मा की मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोघजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



सम्मान समारोह के दौरान माननीय मुख्य मंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इसके उपरान्त कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार द्वारा गाजियाबाद जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को घ्सम्मानित किया गया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने प्रयास सदैव जारी रखें, क्योंकि आपका अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। जीवन में जितने भी लोग महान बने हैं, वे अपने निरंतर प्रयास और कर्म के बल पर ही आगे बढ़े हैं - चाहे वह महात्मा गांधी हों, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हों, माननीय प्रधानमंत्री हों या माननीय मुख्यमंत्री। उन्होंने कहा कि अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय स्वयं को न दें, क्योंकि आपकी सफलता आपके गुरु, माता-पिता, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश, तथा राजनीतिक इच्छाशक्ति पर भी निर्भर करती है।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कहा कि यदि आपको सफल होना है तो निरंतर परिश्रम करना आवश्यक है। जीवन में जब आप सफलता प्राप्त कर लें, तो दो बातों को सदैव स्मरण रखें अपने राष्ट्र की संस्कृति और भाषा के विकास में योगदान दें।

अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को बनाए रखें बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी दीपक मीणा, अयान जैन आईएएस (ट्रेनिंग), भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं जिला विद्यालय निरक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### संबंध विच्छेद

मैं आशा देवी पत्नी स्व. वीरपाल निवासी- म.नं- जी- 18/2, कृष्ण विहार कुटी भौपुरा पसोंडा साहिबा. बाद थाना- टीला मोड़ जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधु राखी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### गाजियाबाद के लोनी में चरमराई विद्युत व्यवस्था

# रामपार्क, रामेश्वर पार्क सहित कई कॉलोनियों में रात दो बजे से सप्लाई ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी में लगातार तीन दिनों से विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। गर्मी के जून महीने में पारा अपने चरम पर है। पारा चढ़ने के साथ साथ विधुत विभाग की लचर व्यवस्था भी चरमरा गयी। लोनी के रामेश्वर पार्क बिजली घर से कई कॉलोनियों को विधुत सप्लाई दी जाती है।

रामपार्क, रामेश्वर पार्क सहित दर्जनों कॉलोनियों की विधुत सप्लाई ठप रही। जनता की समस्या को देखते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद रवि धामा गौरक्षक ने रूप नगर ऐक्शन 1ज को फोन कर संपर्क किया तो उन्होंने मीटिंग में होने का मैसेज भेजा। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर ऊर्जा मंत्री को भी जानकारी साझा की।

रवि धामा ने बताया कि आये दिन लोनी में बिजली कटौती की जा रही है। कभी ट्रांसफर फुँकने की जानकारी बिजली विभाग की तरफ से मिलती है तो कभी बिजली पॉल से जंफर उड़ने की लेकिन बिजली विभाग जनता की समस्याओं को गंभीरता से नही ले रहा है। कुछ लोग बिजलीघर जाकर धरने प्रदर्शन भी कर रहे है मगर लोनी में बिजली विभाग टस से मस नही हो रहा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में जनता के हितों के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

नयी नयी योजनाओं को चलाकर विकास के नये कीर्तमान स्थापित कर रही है। वंही बिजली विभाग प्रदेश और केंद्र की डबल इंजन सरकार को पलीता लगा रहा है। जिस फाल्ट की ठीक करने के लिए 1 घंटा लगना चाहिए उस फाल्ट को ठीक करने के लिए दो से तीन दिन तक का समय बिजली अधिकारी लगा रहे है। इससे साफ होता है कि बिजली बाबू मस्त जनता पस्त।

# मेट्रो स्टेशन के पास लूट का विरोध करने पर चाकू मारा, गहने लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में कुचा महाजनी के जौहरी के दो कर्मचारियों को बदमाशों ने जबरन रोककर ४३ लाख रुपये से ज्यादा के गहने सोने और चांदी के गहने लूट लिया। लूट का विरोध करने पर एक कर्मचारी के हाथ में चाकू से जानलेवा हमला भी किया गया।

पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पुलिस आरो. पियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिका रियों ने बताया कि वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध दिखाई दिये हैं। जिनकी पहचान करके उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस को शाम करीब साढ़े तीन बजे पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन के नीचे ओढनी शोरूम के पास युवक को चाकू मारकर लूटपाट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के हाथ में चाकू से वार कर रखा था। जबकि उसका साथी मौके पर ही मौजूद था। जिसको तुरंत नजदीक के शालीमार बाग स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई। बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर उनसे बैग लूटा था, जिसमें ३५७ ग्राम सोने की चौन और ७.५० किलो चांदी का जेवर लूट लिया। जिनकी करीब ४३ लाख रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। पुलिस को जांच में पता चला कि घायल कर्मचारी अपने साथी के साथ दो पहिया वाहन से चांदनी चौक स्थित कूंचा महाजनी से गहने लेकर मालिक के निर्देश पर कहीं पर ले जा रहे थे। जब बदमाशों ने जबरन रोका और बैग छिनने की कोशिश की। कर्मचारी ने विरोध किया। हाथापाई के बीच बदमाशों ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। चिल्लाने और हाथापाई के बीच बदमाश ने हाथ पर चाकू मारकर बैग लूट लिया था। साथी के साथ दोपहिया वाहन से फरार हो गया था। कर्मचारी ने अपने मालिक और पुलिस को वारदात की जानकारी दी थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। उससे लगता है कि बदमाशों को कर्मचारियों के बारे में पूरी जानकारी थी। जिन्होंने दोनों का पीछा करने के बाद वारदात को अंजाम दिया है। जांच टीम कूंचा महाजनी और चांदनी चौक इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगालने की कोशिश कर रही है।

## जमानत पर बाहर आते ही ड्रग्स सप्लाई करने वाली महिला पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ड्रग्स मामले में फरार नाजमा नामक ड्रग्स तस्कर को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल दिनेश राणा की पुख्ता जानकारी के बाद मलका गंज से गिरफ्तार किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते छह जनवरी को नॉर्थ वेस्ट जिला की नॉरकोटिक्स सेल ने जहांगीरपुरी से दो आरो. पियों को गिरफ्तार करके १९७.१७ ग्राम स्मैक और १,२४,५१० रुपये बरामद किये थे। पूछताछ करने पर नजमा का नाम सामने आया था। तब से, नजमा फरार थी और उसे मामले में घोषित अपराधी घोषित किया गया था। वह जहांगीर पुरी और आसपास के इलाकों में स्मैक की सप्लाई शुरू कर दी। इससे पहले उसे आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के नारकोटिक्स स्क्वॉड ने ७२ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में भलस्वा डेयरी थाने में मामला दर्ज किया गया था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से स्मैक की तस्करी और सप्लाई के धंधे में लग गई।

# पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में केन्द्र सरकार के कार्यों को दिया ब्योरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने आज एक प्रेसवार्ता के माध्यम से मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के ११ साल पूरे होने पर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा रखा। इस मौके पर पश्चिमी दिल्ली जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बख्शी और नजफगढ़ जिला अध्यक्ष राज शर्मा गौतम, प्रदेश प्रवक्ता डॉ ममता त्यागी, अमरजीत सिंह एवं पंकज सिंह उपस्थित थे।

कमलजीत सहरावत ने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों को ब्योरा देते हुए कहा कि ५०० करोड़ रुपये की लागत से बन रहा भारत वंदना पार्क काफी आकर्षक बन रहा है मुझे उम्मीद है कि इसे देखने के लिए लोग दूर दूर से आएंगे। यशोभूमि जिसमें विश्व के किसी भी हाई लेवल कार्यक्रम को किया जा सकता है २६००० करोड़ की लागत से बन रहा यशोभूमि का एक पार्ट तैयार हुआ है जहां प्रतिदिन कोई ना कोई अंतर्राष्ट्रिय कार्यक्रम होते हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर १९ में बन रहा मल्टी स्पोर्ट्स एरिना एक ऐसा ग्राउंड है जो ४०,००० क्षमता वाला है जहां क्रिकेट एवं फुटबाल दोनो खेल होंगे। पश्चिमी दिल्ली से सांसद ने कहा कि पांच विभिन्न स्थानों पर स्पोर्ट्स कम्पलैक्स का निर्माण किया जाना है जो अलग अलग खेलों के लिए डेडिकेटेड है। ७ कम्यूनिटी हॉल केन्द्र सरकार की ओर से पश्चिमी बना है। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में दो कॉलेज एक रोशनपुरा नजफगढ़ में वीर सावरकर कॉलेज और द्वारका में वेस्ट कैंपस की नींव रखी जा चुकी है और तेजी से काम चल रहा है। पीएम उदय योजना के अंतर्गत आनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले अपने घर की रजिस्ट्री पा सकते हैं।

कमलजीत संहरावत ने कहा कि दिल्ली देहात के उत्थान के लिए ८४० करोड़ रुपये में से ३२० करोड़ रुपये पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में गांवों के विकास के लिए दिए गए। यूआर-२, द्वारका एक्सप्रेसवे के अलावा शिवमूर्ति से द्वारका एक्सप्रेस वे को मिलाने वाली टनल एक उपहार के रुप में है।

# हाजियों की वतन वापसी पर चेयरपर्सन कौसर जहां ने फूलों से किया खैरमकदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले दिनों सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में हज २०२५ की समाप्ति के बाद हाजियों की वतन वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है सऊदी एयरलाइन की उड़ान संख्या ३०८६ से ३९९ हाजियों का पहला जत्था १२ जून को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के टर्मिनल ३ पर उतरा जहां दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने सभी हाजियों को फूलों की माला पहनाकर वालीहाना इस्तकबाल किया। पहली फ्लाइट से आने वाले कुल ३९९ हाजियों में १८८ महिला जबकि २११ पुरुष हाजी शामिल हैं। इस अवसर पर हज दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां के अनुसार गत वर्ष २०२४ की तुलना में इस साल का हज बहुत की सुगम और सुविधा पूर्ण रहा।

सऊदी अरब में मौसम अधिक गर्म और शुष्क होने के बावजूद मीना, अराफात और मुजदलिफा में अच्छी व्यवस्थाओं के नतीजें में हाजियों को सुगम और सुखद तरीके से हज के सारे विधि विधान पूरे करने का अवसर मिला। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी द्वारा जारी सूचना के अनुसार दिनांक १२ जून से शुरू होने वाले हाजियों की वापसी का सिलसिला अगले माह जुलाई की १० तारीख तक जारी रहेगा। इस बीच कुल ३७ फ्लाइट से दिल्ली एम्बरकेशन प्वाइंट से जाने वाले १५०६९ हाजियों की वतन वापसी होगी।

१२ जून से २५ जून तक दिल्ली वापस होने वाले हाजी सऊदी अरब के जद्दा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जबकि दिनांक २६ जून से दिनांक १० जुलाई तक आने वाले सभी हाजी सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना से दिल्ली वापस होंगे। इस बीच दिल्ली स्टेट हज कमेटी ने वतन वापस लौटने वाले हाजियों के लिए हज मंजिल में ठहरने की व्यवस्था भी की है ताकि दिल्ली आगमन के बाद दूर दराज स्थानों के हाजी अपनी सुविधा के अनुसार यहां रुक सकें।



हाजियों की वतन वापसी पर चेयरपर्सन कौसर जहां फूलों से खैरमकदम करती हुईं।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में बीते बुधवार शाम घर के ऊपर से हाई-टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से दो नाबालिग भाई झुलस गए। जिसमें से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। लेकिन इस तरह की वारदात निहाल विहार और उसके आसपास के इलाकों में पहले भी कई बार हो चुकी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शाम साढ़े छह बजे सैनिक कॉलोनी, लक्ष्मी पार्क में आग लगने की घटना के बारे में पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसके बाद एसएचओ अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घर के ऊपर से हाई-टेंशन बिजली के तार गुजर रहे थे, और बिजली के संपर्क में आने के कारण यह हादसा हुआ। फायर टेंडर भी तुरंत मौके पर पहुंच गया। हालांकि, कोई बड़ी आग लगने की सूचना नहीं मिली। यह आकस्मिक बिजली के झटके का मामला होने की पुष्टि की गई। घटना के बारे में पता चला कि प्रदीप जो नौकरी करती हैं और उनकी पत्नी घर पर ही रहती है। उनके दो बेटे दस साल का सुर्याक्षं और नौ साल का रितिक जब घर की छत पर खेल रहे थे। उसी वक्त दोनों झुलस गए थे। जिसमें सुर्याक्षं ३५ फीसदी और रितिक १९ फीसदी झुलस गया था। जिनको संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# बलिदानी के परिजनों को सेना ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की ओर से चलाए जा रहे घर-घर शौर्य सम्मान महोत्सव के तहत कारगिल युद्ध में बलिदानी वीरों के स्वजन को सेना सम्मानित कर रही है। इस सम्मान के जरिये बलिदानियों के बलिदान को याद किया जा रहा है। समाज को बताया जा रहा है किस तरह से देश के वीरों ने उस दौरान पाकिस्तान को धूल चटाई थी। सेना के जवानों ने वेस्ट ज्योति नगर स्थित बलिदानी नायक सूबेदार ओम प्रकाश के स्वजन को सम्मानित किया। बलिदानी के परिवार में पत्नी राजकुमारी व इकलौता बेटा कुलदीप चौधरी है। कारगिल से नायक सूबेदार रफीकुल हसन, हवलदार केके तिवारी व लखविंदर सिंह, नायक सत्यनारायण ने सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न देकर परिवार को सम्मानित किया। सेना के जवानों ने परिवार से पूछा भी कि उन्हें किसी तरह की कोई समस्या तो नहीं है। पुलिस समेत अन्य किसी विभाग में कोई समस्या है तो सेना उसे दूर करेगी। सेना हम दम बलिदानी के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

राजकुमारी ने कहा कि उनकी शादी के साढ़े नौ साल बाद बच्चा पैदा हुआ था। बच्चा होने के तीन माह बाद भी उनके पति कारगिल चले गए थे। उस दौरान चिट्ठी जाती थी। वह घर से चिट्ठी के साथ बच्चे का एक फोटो भी भेजा करती थी। २९ जून १९९९ को उनके पति टाइगर हिल पर बलिदान हुए। उस वक्त उनका बेटा छह माह का था। जिस वक्त उनके पति बलिदान हुए उनकी वर्दी की जेब में बेटे का फोटो रखा हुआ मिला था। एक साल बाद सेना ने उन्हें ट्रोनिका सिटी में गैस एजेंसी दे दी।

# आपदाओं के चलते बिजली कटौती को दुरुस्त करने को कार्रवाई की जाए: सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने आज दिल्ली में बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए बिजली कंपनी और ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में तीनों बिजली कंपनी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री ने बताया कि आज की बैठक में दिल्ली में बढ़ते हुए बिजली के लोड को देखते हुए दिल्ली की सभी बिजली कंपनियों को अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मौसम की भविष्यवाणी को देखते हुए दिल्ली में बिजली कंपनी अपनी पूरी तैयारी रखें। प्राकृतिक आपदाओं जैसे तेज आंधी, भारी बारिश, पेड़ गिरने तथा कुछ असमान्य कारणों से यदि बिजली कटौती की जाती है तो उसको ठीक करने के लिए समय सीमा को कम करने के भी निर्देश दिए। ताकि उपभोक्ताओं को सुचारू और निर्बाध बिजली देने का प्रयास किया जा सके। ऊर्जा मंत्री ने बताया की दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सभी नागरिकों को निर्वाध और सुचारू रूप से बिजली देने के लिए कटिबंध है इस दिशा में सरकार गंभीरता से कम कर रही है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने सभी बिजली कंपनियों को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र में बिजली के पुराने ग्रिडों को बदलने नई केवल डालने तथा बिजली के उत्पादन और वितरण में नई तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दें ऐसी व्यवस्था भी करें इससे फॉल्ट का तुरंत पता चल सके और रिस्पांस टीम तुरंत उसका समाधान भी कर सके साथ ही बिजली कंपनियां डाटा एनालाइज भी करें। सूद ने बैठक में उपस्थित बिजली कंपनियों को सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से काम करने के निर्देश भी दिए उन्होंने कहा कि दिल्ली में बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए हमें सोलर ऊर्जा को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बिजली कंपनियों और ऊर्जा विभाग दिल्ली के हर बिजली उपभोक्ता को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करें और जिन क्षेत्र में बिजली के मीटर नहीं लग पा रहे हैं वहां पर सोलर पैनल से बिजली पहुंचाने की व्यवस्था के लिए भी गंभीर प्रयासों की जरूरत है।

# विवाद के चलते चाकू से हमला कर की थी हत्या, तीन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के सीलमपुर थाने के स्टाफ ने हत्या के मामले को सुलझाकर सीसीएल सहित तीन आरो. पियों को पकड़ा है।

आरोपी पीड़ित का रिश्तेदार थे और विवाद के चलते उन्होने पीड़ित पर चाकू से हमला किया था जिसमें उसकी मौत हो गई उदिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि ११ जून को रात्रि लगभग १०:३९ बजे सीलमपुर थाना क्षेत्र में भारत टायर वाली गली में चाकू से हमला होने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने पाया कि घायल व्यक्ति को उसके माता-पिता उपचार के लिए जेपीसी अस्पताल ले जा चुके थे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे षमृतष घोषित कर दिया। इसके बाद क्राइम और एफएसएल टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने सीलमपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम द्वारा मृतक की पहचान जहीर अब्बास (१९) के रूप में हुई और वह सीट कवर सिलाई करने वाली एक फैक्ट्री में काम करता था। उसके पिता भी यही काम करते हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मृतक का अपने रिश्तेदार कासिम से कुछ विवाद था, जिसने अपने बेटे के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। इसके बाद टीम ने आरोपी कासिम (४७), आसिफ (२०) और एक सीसीएल को पकड़ लिया।



दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की अध्यक्षता में एनडीएमसी की परिषद बैठक में सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्र व उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शिरकत की।

# एनडीएमसी ने नागरिक-कल्याण से जुड़े प्रस्तावों को दी मंजूरी : चहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी की परिषद बैठक का आयोजन दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्र, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक एवं एनडीएमसी सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान, पार्षदगण अनिल वाल्मीकि और सरिता तोमर उपस्थित रहे।

परिषद बैठक के बाद, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, वे सभी नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और शहर के आधारभूत ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने कहा कि एनडीएमसी प्रधानमंत्री के विकसित भारत/२०४७ के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, ताकि राजधानी क्षेत्र को एक स्मार्ट, स्वच्छ और नागरिक अनुकूल मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा सके। चहल ने बताया कि दीर्घकालिक आधार (२५ वर्ष) पर १२० मेगावाट फर्म और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) बिजली की खरीद, मौजूदा स्थिर प्रकार से संचालित इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जा मीटरों के बड़े पैमाने पर प्रतिस्थापन के लिए स्मार्ट ऊर्जा मीटरों की खरीद, एनडीएमसी क्षेत्र में मैकेनिकल वाटर मीटर/क्षतिग्रस्त वाटर मीटर के स्थान पर नए स्मार्ट वाटर मीटर उपलब्ध कराना और ठीक करना, एनडीएमसी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुरानी/जीवन भर की केबलों को बदलने, नई दिल्ली में सरोजनी नगर और पिलंगी गांव के आसपास सरोजिनी नगर में पानी की लाइन का स्थानांतरण, एनडीएमसी क्षेत्र में ड्रेनेज सेवा केंद्रों के अंतर्गत जल निकासी लाइनों के सुधार के लिए हाइड्रोलिक हाई प्रेशर जेटिंग कम ग्रैबिंग कम रॉडिंग मशीन की खरीद, पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में विभिन्न समारोहों के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए किराए के आधार पर अस्थायी शौचालय उपलब्ध कराने के लिए ३ साल की वार्षिक दर अनुबंध, बैरल लाइनों का पुनर्वास करने और कर्मचारी कल्याण मामले व भर्ती नियम संशोधन और उन्हें तैयार करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

# दिल्ली के चौराहों को चमकाएगी पीडब्ल्यूडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चौराहों के सुंदरीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग से कार्य योजना तैयार करने को कहा है। पीडब्ल्यूडी इस कार्य के लिए योजना तैयार कर रहा है। चौराहों को सुंदर बनाने के लिए हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ वहां पर मूर्तियां लगाने की भी योजना है। ऐसा नहीं है कि दिल्ली में पहली बार चौराहों को लेकर योजनाएं बनी हैं, अब तक पूर्व में भले दूसरी सरकारों ने योजना बनाई लेकिन हमेशा रखरखाव के अभाव में चौराहे बदहाल ही रहे। ऐसे में भाजपा सरकार को हरियाली बरकरार रखने के लिए चौराहों के रखरखाव के लिए योजना बनानी होगी।

इस योजना के तहत चौराहों की संख्या बढ़ाए जाने पर जोर है। योजना के तहत चौराहों के साथ-साथ प्रमुख सड़कों पर भी हरियाली विकसित करने पर जोर है। जहां भी कच्ची जमीन बची होगी, पौधे और झाड़ियां लगाई जाएंगी। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी ने एक व्यापक सड़क मरम्मत परियोजना पर काम कर रहा है, जिसमें नालियों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज और स्ट्रीट लाइटों को एक साथ ठीक किया जाएगा।

इस योजना को लेकर अधिकारी ने कहा कि मानक अभ्यास यह रहा है कि अलग काम के लिए अलग निविदाएं होती हैं। एक काम पूरा होता है, फिर दूसरा शुरू होता है। एक व्यापक निविदा के तहत सड़क के साथ फुटपाथों की मरम्मत की जाएगी। साथ ही सेंट्रल वर्ज की भी मरम्मत की जाएगी। यह सिस्टम ठेकेदारों को काम की गुणवत्ता को अधिक जवाबदेह बनाएगा, क्योंकि वे दो साल तक सड़क रखरखाव के कई पहलुओं के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस बारे में भी स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उसके बाद से इस दिशा में भी काम हो रहा है।

# बाढ़ से निपटने को फ्लड कंट्रोल ऑर्डर जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को बाढ़ और जलभराव से बचाने के लिए सरकार ने तैयारी पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में फ्लड कंट्रोल ऑर्डर २०२५ जारी किया गया। यह आदेश सभी विभागों के लिए गाइडबुक की तरह काम करेगा, जिसमें जल निकासी, आपदा प्रबंधन और समन्वय के निर्देश हैं।

२०२३ की भीषण बाढ़ से सबक लेते हुए इस बार मानसून से पहले ही तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दिल्ली सचिवालय में हुई एपेक्स कमेटी की बैठक में बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा हुई। फ्लड कंट्रोल ऑर्डर २०२५ में पीडब्लूडी, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग जैसी एजेंसियों की जिम्मेदारियां, संपर्क नंबर और आपदा प्रबंधन की पूरी जानकारी है। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सांसद कमलजीत सेहरावत, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चांदोलिया, बांसुरी स्वराज, विधायक जीतेन्द्र महाजन, मनोज कुमार शौकीन, अनिल कुमार शर्मा, शिखा रॉय और बाढ़ नियंत्रण में भूमिका निभाने वाली एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। १५ जून से डीएम ईस्ट ऑफिस में सेंट्रल फ्लड कंट्रोल रूम शुरू होगा, जो सभी एजेंसियों के साथ समन्वय करेगा। १५ वायरलेस स्टेशन यमुना के जलस्तर और जलभराव पर नजर रखेंगे। यमुना का जलस्तर २०४.५ मीटर पार करने पर निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए १४ जगहों पर नावें तैनात होंगी। बैराज और रेगुलेटर की मरम्मत पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा, नालों की सफाई में तेजी आई है। पीडब्लूडी और एमसीडी ने ८०-९० फीसदी डी-सिल्टिंग पूरी कर ली है, जिसमें २० लाख मीट्रिक टन गाद हटाई गई। सिंचाई विभाग के ४१९ किमी लंबे ५७ नालों की सफाई के लिए ६४ मशीनें लगी हैं।

पीडब्ल्यूडी के १५३ पंप हाउस में ७४९ पंप और एमसीडी के ७९ स्थायी व ४६५ अस्थायी पंप तैयार हैं। दिल्ली जल बोर्ड का कंट्रोल रूम चौबीस घंटे काम करेगा, जहां सीवर की समस्याओं की शिकायत दर्ज होगी। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद और मनजिंदर सिंह सिरसा की अगुआई में सेक्टर कमेटियां बनाई गई हैं।

## धोखाधड़ी मामले में भगोड़ा को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस के साउथ एवेन्यू थाने की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी अप्रैल २०२४ से फरार था। दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि अमर रविदास (३२) साउथ एवेन्यू थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आरोपी था।

हालांकि, आरोपी कानूनी कार्यवाही से बचता रहा और २४.अप्रैल २०२४ को उसे पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा इस मामले में पीओ घोषित किया गया। इसके बाद एसीपी चाणक्य पुरी आरती शर्मा की देखरेख में एसएचओ साउथ एवेन्यू नितिन कुमार के नेतृत्व में एसआई भंवर लाल, हेड कांस्टेबल संजय, बीरेंद्र और महिला कांस्टेबल रश्मि की टीम ने आरोपी अमर को ट्रैक करने के लिए तकनीकी खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया। इस खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने झारखंड के धनबाद में उसका स्थान पाया। इसके बाद टीम ने अपना जाल बिछाकर झारखंड के धनबाद की स्थानीय पुलिस की सहायता से अमर रविदास को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया।

# पर्यावरण को हुई क्षति के आधार पर निर्धारित होगा जुरमाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण फैलाने वाले सभी छोटे बड़े उद्यमों- संस्थानों पर अब एक समान जुर्माना नहीं लगेगा। ऐसे सभी इलाकों, जहां प्रदूषण का स्तर ज्यादा रहता है, को चिन्हित कर यह देखा जाएगा कि कौन से उद्यम और संस्थान एक्यूआई बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। बताया गया कि उनकी लोकेशन, कुल क्षेत्र, काम के स्केल और सप्ताह या माह भर में वहां कितने दिन कितना प्रदूषण रहा, इस आधार पर जुर्माना राशि तय की जाएगी। इससे छोटे उद्यमों व संस्थानों पर कम बोझ पड़ेगा। जिसका जितने दिन प्रदूषण होगा, उससे उतने ही दिनों का जुर्माना लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक प्रदूषण के मामलों में पांच आधार पर पर्यावरण क्षति का जुर्माना होगा। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देश के मुताबिक किसी भी उद्यम या संस्थान ने जितने दिन प्रदूषण नियमों का उल्लंघन किया, उन पूरे दिनों का जुर्माना पर्यावरण क्षति में शामिल होगा। इसके अलावा, जुर्माने की राशि तय करने के लिए संबंधित क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर, लोकेशन व अन्य आधार को शामिल किया गया है।

सीएक्यूएम द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि संबंधित क्षेत्र में प्रदूषण इंडेक्स, जितने दिनों तक प्रदूषण नियमों का उल्लंघन किया गया, रुपयों में इसकी गणना), किस पैमाने पर उद्यम का संचालन किया गया और उस उद्यम या संस्थान की लोकेशन क्या है, किस उद्यम ने पर्यावरण को कितनी क्षति पहुंचाई है, इत्यादि के आधार पर जुर्माना तय किया जाएगा। जैसे कि २० से १२५ कि.वा. के डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर प्रतिदिन ७५०० रुपये, ८०० कि.वा. के डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर प्रतिदिन १५००० रुपये, ८०० कि.वा. के डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर प्रतिदिन २५००० रुपये, डीपीसीसी या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पंजीकरण न कराने पर, २०००० वर्ग मीटर से बड़ा निर्माण पर १,००,००० रुपये, २०००० वर्ग मीटर से बडे्ष निर्माण पर २,००,००० रुपये, निर्माण व तोड़फोड़ के लिए वेबपोर्टल पर सेल्फ आडिट रिपोर्ट अपलोड न करने पर, २०००० वर्ग मीटर तक के निर्माण के लिए २०००० रुपये, २०००० वर्ग मीटर से बडे्ष निर्माण के लिए ४०,०००, नियमों के अनुसार निर्माण साइटों पर एंटी स्मांग गन कम या न लगाने पर, हर साइट पर ७५०० रुपये प्रतिदिन प्रति साइट, धूल रोकने के उपाय न करने पर, ५०० वर्ग मीटर तक के निर्माण पर ७५०० रुपये प्रतिदिन, ५०० वर्ग मीटर से बडे्ष निर्माण पर १५००० रुपयेप्रतिदिन, बिल्डिंग मैटीरियल के ट्रांसपोर्टेशन के लिए, उल्लंघन होने पर ७५०० रुपये हर मामले के लिएइसके अलावा बिना औपचारिकता पूरी किए औद्योगिक इकाई शुरू करने, प्रतिबंधित ईंधन का इस्तेमाल करने, धुआं रोकने के मानकों का पालन न करने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए जुर्माने का एक फार्मूला सेट किया गया है। यह फार्मूला उद्योगों की श्रेणी, इकाई का आकार, कितने दिन नियम तोड़ा के आधार पर सेट किया गया है।

# किसानों के लिए क्षेत्र में जो भी किया जाएगा अच्छा ही किया जाएगा: उपराज्यपाल

**बागपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का आयोजन 29 मई 2025 कौन नीरपूड़ा से किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि से प्रारंभ किया गया। यह विकसित कृषि संकल्प अभियान जनपद में 12 जून 2025 तक चलाया गया। इसके समापन के अवसर पर आज मुख्य अतिथि दिल्ली के महामहिम उप राज्यपाल बीके सक्सेना रहे तथा विशिष्ट अतिथि सांसद राजकुमार सागवान रहे। उपराज्यपाल को कृषि विज्ञान केंद्र में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के गन्ना उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण



किया। कृषि वैज्ञानिकों से कृषि तकनीकी के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिसमें डा.विकास कुमार ने बताया कि गन्ने के साथ हम सरसों की गुलाब की अन्य सफसली भी एक साथ कर सकते हैं जिससे किसान की आय दुगनी होगी किसान की गन्ने की फसल में कीड़ा ना लगे उसके संबंध में भी जानकारी से अवगत कराया। उपराज्यपाल ने एफपीओ द्वारा तैयार किया गया। इस अवसर पर जिला. धिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, केवीके अध्यक्ष लक्ष्मीकांत, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद आदि रहे।

# डौला-खट्टा नहर पटरी पर पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस एवं स्वाट बागपत की संयुक्त टीम ने 25 हजारी इनामी बदमाश आमिर को मुठभेड़ में डौला-खट्टा नहर पटरी से गिरफ्तार किया।

मीडिया सैल बागपत द्वारा बुधवार की रात करीब नौ बजकर 21 मिनट पर प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना सिंघावली अहीर पुलिस एवं स्वाट बागपत की संयुक्त टीम ने 25 हजारी इनामी बदमाश आमिर को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 25 हजारी इनामी बदमाश आमिर पुत्र दाउद निवासी गौसपुर को घायलावस्था में डौला-खट्टा नहर पटरी से गिरफ्तार कर उसका उपचार कराया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस व एक बाइक बिना



नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। मुठभेड़ करने वालों में थाना सिंघावली अहीर प्रभारी सोहनवीर सिंह सोलंकी. स्वाट बागपत प्रभारी सूर्यदीप सिंह मय टीम, उप निरीक्षक प्रियवृत आर्य, सोनू कुमार, आरिफ अली व दिग्विजय सिंह, कांस्टेबल रविंद्र भाटी व कौशल शर्मा मौजूद रहे। आपको बता दें कि कस्बा अमीनगर सराय के माता कालोनी निवासी राजू ने गत 27 अप्रैल 2025 को थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर देते हुए बताया था कि अज्ञात चोरों द्वारा स्ट्रीट लाइन का तार व 12 एल ई डी चोरी कर लिए गए है। उन्होंने तहरीर देकर चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज कराया था।

# पागल कुत्ते ने बच्चों समेत 15 पर हमला किया, एक बच्चे को किया रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित गुर्जर कॉलोनी में पागल कुत्ते ने गली में खेल रहे बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से घायल एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर, कुत्ते ने दो घंटे में बच्चों समेत 15 पर हमला कर घायल कर दिया। कुत्ते की दहशत में लोगों ने अपने बच्चों को बाहर खेलने से रोक दिया और कुत्ते को पकड़वाने की मांग की। शहर की गुर्जर कॉलोनी में रहने वाले यासीन ने बताया कि उसका भतीजा जिशान 8 वर्षीय बुधवार दोपहर घर के पास दूसरे बच्चों के साथ खाली प्लॉट में खेल रहा था। तभी एक पागल कुत्ता वहां आ गया और उसके भतीजे पर हमला कर दिया। कुत्ते ने जिशान की नाक और सिर में काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और काफी देर तक नोचता रहा। साथ खेल रहे बच्चों ने घर जाकर कुत्ते के हमले के बारे में बताया तो परिवार वालों ने वहां जाकर कुत्ते को भगाकर जिशान को बचाया। तभी कुत्ते ने उसके भाई आसिफ पर हमला कर कमर में काटकर घायल कर दिया। उन्होंने कुत्ते को वहां से भगाया तो गली से गुजर रहे एक व्यक्ति का पैर पकड़ने का प्रयास किया, किसी तरह उसने एक मकान में घुसकर खुद को बचाया। इसके बाद कुत्ते ने मोहल्ले की बच्ची सोनिका, इनाया, अख्तर, जाहिद, इमरान समेत 15 लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिनका सीएचसी, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में उपचार कराया गया। कॉलोनी के लोगों के भगाने पर कुत्ता जंगल की तरफ



भाग गया। लोगों ने बताया कि पागल कुत्ता कई दिन से कॉलोनी में घूम रहा था। कुत्ते के हमले से जिशान के चेहरे पर कई जख्म हो गए हैं। इसमें जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार और एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया। चिकित्सकों का मानना है कि बच्चे के चेहरे पर कई जख्म होने के कारण उसकी सर्जरी भी करानी पड़ेगी। जिला अस्पताल के डा. विजयप्रकाश का कहना है कि कुत्ते के हमले से घायल किशोर का उपचार करने के बाद रेफर कर दिया गया। उसके सिर और चेहरे पर कुत्ते के दांत लगे हुए थे। गर्मी के मौसम में अभिभावक गली मोहल्लों में रहने वाले कुत्तों से बच्चों को दूर रखें। बागपत ईओ केके भड़ाना का कहना है कि पागल कुत्ते के हमले से बच्चों के घायल होने का मामला जानकारी में नहीं है। गुर्जर कॉलोनी में टीम को भेजकर दिखवाया जाएगा और बच्चों पर हमला करने वाले कुत्ते को पकड़वाया जाएगा।

# मालगाड़ी की चपेट से दस्तावेज लेखक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा टटीरी रेलवे फाटक के निकट दिल्ली से सहारनपुर को जाने वाली मालागाड़ी की चपेट में आने दस्तावेज लेखक की मौत हो गई।

गुरुवार को कस्बा टटीरी निवासी जयपाल सिंह बागपत में दस्तावेज लेखक है। सुबह करीब छह बजे टटीरी रेलवे फाटक के निकट दिल्ली से सहारनपुर को जाने वाली मालागाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। नगरवासियों की सूचना पर आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और घायलावस्था में दस्तावेज लेखक जयपाल सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेुर कर दिया। स्वजन ने घायलावस्था में उसे बड़ौत के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# भाजपा ने आयोजित प्रोफेशनल मीट में मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों को मंत्री ने गिनवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में नरेंद्र मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की 11 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में सड़कें गड्ढेमुक्त हुई हैं। अब माताएं-बहनें चूल्हे की जगह गैस पर खाना बना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने भ्रष्टाचार से सुशासन तक की यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में बीते 11 वर्षों में भारत ने न केवल वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। बल्कि देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। गरीबों के लिए शौचालय से लेकर आयुष्मान भारत तक, हर योजना ने भारत को सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र में बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सब प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का ही परिणाम है। मोदी सरकार ने नारी गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूती दी है। उत्तर प्रदेश में नरेंद्र मोदी व योगी सरकार ने एतिहा. सिक जनकल्याणकारी योजनाओं से उतर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश का विकास हुआ है। लोगों को पांच किलो अनाज हर माह मुफ्त देने का काम केंद्र सरकार ने किया है। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सड़क योजना, हवाई पट्टी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर विकास किया गया है। कार्यक्रम में शामिल मेरठ महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश सिंघल ने कहा कि सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा। राम मंदिर का निर्माण भी पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि 11 वर्षों में सरकार पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इस दौरान कार्यालय पर केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी दिखाई गई।

# जन्मदिन पर पौधा भेंटकर प्रतिवर्ष पौधारोपण करने का दिलाया संकल्प

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव पिचौकरा में निक उर्फ नेवांश के जन्मदिन पर आँखें के पर्यावरण संरक्षक सुनील कुमार ने पौधा भेट कर, प्रतिवर्ष जन्मदिन की वर्षगाँठ पर पौधा रोपण का संकल्प दिलाया। उपस्थित आँखें के पर्यावरण संरक्षक विकास बड़गुर्जर ने कहा पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी सम्भव नहीं है। वृक्षों अंधाधुंध कटान से भविष्य पर संकट के बादल मडरा रहे है।



# पानी व बिजली की समस्या से जूझ रहे कॉलोनीवासी, धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान में बिजली और पानी की दिक्कत को लेकर कॉलोनी के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बूंद-बूंद को तरसना पड़ रहा है। समय पर बिजली नहीं आ रही है। चार-पांच घंटे की सप्लाई कट की जा रही है। बिजली विभाग की तरफ से भी बिजली की कटौती से भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस भरी गर्मी में छोटे-छोटे मासूम बच्चे और बड़े बुजुर्गो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की दिक्कत को लेकर हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके लिए नगर पालिका को भी अवगत कराया गया। शिकायत के बावजूद



समस्या का समाधान नहीं हो पाया। 22 नंबर वार्ड के लोग पानी की दिक्कत से बहुत ही ज्यादा परेशान है। जब भी नगर पालिका परिषद के ईओ को शिकायत से अवगत कराया जाता है तो केवल आश्वासन दिया जाता है और उसके बाद कोई सुनवाई नहीं होती। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका के खिलाफ तहसील में धरना दिया जाएगा। इस मौके पर सुल्तान नरगिस शाहिद नफीस गुलजार अख्तर रेशमा खान सुमित कुमार रमेश आदि मौजूद रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के गढ़ी बेग. माबाद गांव में भारतीय स्टेट बैंक बरनावा शाखा द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत परिसर में किया गया, जिसमें किसानों को बैंकिंग की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा बैंक अच्छे ग्राहक व प्रगतिशील 10 किसानों को बैंक की तरफ शॉल ऑडाकर सम्मानित करते हुए एक-एक फावड़ा भी दिया गया।

इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में आसपास के गांव के किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ब्रजवीर सिंह ने की तथा संचालन शाखा प्रबंधक श्रीपाल सैनी ने किया। इस अवसर पर बैंकिंग की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए फील्ड ऑफिसर दीपा पोरे



ने बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के एसआर आदि लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सीनियर मैनेजर वीरेंद्र कुमार ने पोली हाउस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 50प्रतिशत की सब्सिडी पर किसानों को पोली हाउस लगाने के लिए एसबीआई बैंक द्वारा ऋण दिया जा रहा है, जिसका लाभ उठाकर किसान अपनी परंपरागत खेती को छोड़कर एक उद्यमी बनकर भी काम कर सकते हैं। इस अवसर पर डिप्टी मैनेजर आरती कनौजिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अनेकों लाभकारी योजनाएं किसानों के लिए चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर सन्नी मेनपाल ग्राम प्रधान ब्रजवीर सिंह मुकेश कृष्णपाल विनोद रामकिशन राममेहर आदि मौजूद रहे।

# शिविर में बेटियों को सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार एवं जूडो कराटे का सिखाया अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आवासीय संस्कार शोधक शिविर के दूसरे दिन सविता आर्या ने बेटियों को यज्ञ करना सिखाया।

शिक्षिका सीमा आर्या ने प्रात: काल पीटी, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार एवं जूडो कराटे का बेटियों को अभ्यास कराते हुए कहा जब तक बेटियां सशक्त नहीं होंगी, तब तक देश का भविष्य अंधकार में रहेगा। उनके अंदर शारीरिक शक्ति होना आवश्यक है। जो केवल शारी. रिक व्यायाम के द्वारा ही संभव है। आलस्य को त्यागें और अपने अंदर गुणों की वृद्धि करें। जीवन को विनम्र बनाएं बेटियां। रात्रि में टेलिस्कोप के द्वारा चांद को देखकर आर्य वीरांगनाएं रोमांचित हुई। जिला सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। शारीरिक एवं आत्मिक रूप से नारी का सशक्त होना आवश्यक है। नारी केवल जननी ही नहीं होती, वरन वह निर्माता भी होती है। माता द्वारा बचपन में दिए गए संस्कार ही बच्चे के भावी जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है, माता जीजाबाई ने बचपन में शिवाजी को अच्छे संस्कार देकर राष्ट्रभक्त तैयार किया। इस अवसर पर उदय मुनि ,धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, शिक्षिका किरण आर्या, राष्ट्र भरत मुनि, हरेंद्र आर्य, धर्मेंद्रआर्य, दीपकआर्य आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान को होने वाले लाभ के संबंध में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषक गोष्टी का आयोजन किया गया जिसमें किसान बंधुओ से जुड़े विभागीय अधिकारियों ने हरि कैसल में अपने-अपने विभागों के स्टाल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों से किसान को होने वाले लाभ के संबंध में स्टालों के माध्यम से जानकारी दी गई जिसका उपराज्यपाल बीके सक्सेना व माननीय सांसद डा.राजकुमार सागवान ने स्टालों का अवलोकन किया और संबंधित से जानकारी प्राप्त की तथा प्रगतिशील किसान को कृषि यंत्र ट्रेक्टर की चाबी देकर सम्मानित किया और उसके ट्रैक्टर पर बैठकर किसान का मान बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) के संस्थानों, के.वी.के., कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक गण तथा कृषि, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, रेशम, सिंचाई विभाग एवं लीड बैंक मैनेजर/वित्तीय संस्थानों के द्वारा कृषको को तकनीकी जानकारी दी और अपनी योजनाओं पर प्रकाश डाला व विभागीय योजनाओं की नवीनतम जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। कृषक गोष्ठी योजना से सम्बन्धित पम्पलेट्स आदि का वितरण स्टॉल के माध्यम से किया गाय।

### सरकार किसानों के प्रति गंभीर: उपराज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली उपराज्यपाल बीके सक्सेना ने कहा कि बागपत के किसानों के बीच में आकर आज ऐसा लग रहा है जैसे अपने घर में आ गए हैं यहां के किसानों ने जो अपनी समस्या रखी है। वह इतनी सुंदर मिठास के साथ रखी हैं जितने सुनकर मन प्रलोहित हो गया। उन्होंने बागपत के किसानों को प्रेरित किया कि प्राकृतिक खेती व पारंपरिक भोजन के साथ जुड़े प्राकृतिक खेती से किसानों की आय दुगनी होगी बागपत एक गन्ना बेल्ट जनपद है। यहां पर गन्ने के साथ साथ अन्य सफ़सली भी करें। उन्होंने मधुमक्खी पालन अमरूद की खेती सहजन के पेड़ चंदन के पौधे आदि के संबंध में गोष्ठी में किसान भाइयों को प्रेरित किया उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार पर केंद्र सरकार किसानों के प्रति गंभीर है। किसानों के लिए तरह-तरह के योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे कि किसान भाई लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि किसान फर्टिलाइजर का काम से कम उपयोग करें। महिलाओं को सल्लंबन बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। उन्होंने जनपद बागपत के एक जनपद एक उत्पाद के घरेलू साज सजा सामानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 180000 बास के पेड़ भी लगवाए जाने का कार्य किया है जहां बस का पेड़ होता वाहन प्रदूषण कम होता है।

### उपराज्यपाल ने सहजन के पौधे पर डाला प्रकाश, पौधों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपराज्यपाल ने सहजन के पौधे पर प्रकाश डाला और उससे होने वाले लाभों के बारे में किस बांधों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एक किसान अगर चंदन का पेड़ लगाएगा तो 12 साल में वह चंदन का पेड़ तैयार हो जाता है जिसकी कीमत 15 लख रुपए होती है। उन्होंने कुमार सशक्तिकरण योजना पर प्रकाश डाला। उनकी आमदनी बढ़ेगी उन्होंने कहा मिट्टी के बर्तनों में पानी पीना चाय पीना खाना खाना एक हमारी प्रकृति के साथ जुड़ाव होता है जब हम मिट्टी के बर्तन को इस्तेमाल करते हैं तो वह मिट्टी हमारे वतन की मिट्टी होती है और उसे हमें चुमन का अवसर प्राप्त होता है। सांसद डा.राजकुमार सागवान ने कहा दिल्ली उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में कृषि उत्थान कार्य कर सकता हूं यह ऐसे उपराज्यपाल है जो किसानों से जुड़े रहते हैं। इनके विचार किसानों को आगे बढ़ाने के हैं उन्होंने केंद्र सरकार में माव प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसानों के मसीहा को भारत रत्न देकर जो सम्मानित किया गया है। यह देश का गौरव बागपत का गौरव बड़ा है यह बागपत चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि है। उन्होंने कहा मेरा प्रयास बागपत के लिए गन्ने का रिसर्च सेंटर लाना है और जो की खेती के लिए भी रिसर्च सेंटर बागपत में लाना मेरी मुख्य भूमिका रहेंगे क्योंकि बागपत में गन्ने सबसे ज्यादा अधिक होता है तो यहां गन्ने का रिसर्च सेंटर अवश्य होना चाहिए। दिल्ली उपराज्यपाल ने प्रकृति शील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विद्युत विभाग से रोजाना परेशान हो रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कम वोल्टेज कर रहे हैं लोगों को परेशान शहर हो या देहात क्षेत्र के लोग विद्युत विभाग से रोजाना परेशान नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण बढ़ती गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर गरम हो रहे है। इसके बाद कुछ देर विद्युत सप्लाई को रोकना पड़ता है। यह कहना है विद्युत विभाग के अधिकारियों का विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में बताया कि अगर वह सप्लाई बंद नहीं करेंगे तो ट्रांसफॉमर्स सप्लाई देना बंद कर देगा क्योंकि अधिक गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर ज्यादा हिट हो जाते हैं। विद्युत विभाग लगातार ट्रांसफार्मरों की रेख देख कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारी ट्रांसफार्मरों पर शहरी क्षेत्र के अंदर सड़कों पर ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए कुलर लगाने का काम कर रहे हैं शहर में रखे ट्रांसफार्मरों की निगरानी रखी जा रही है।

### श्रावण मास की कांवड़ यात्रा व मेले की तैयारियों के संबंध में डीएम व एसपी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष श्रावण मास में शिवरात्रि का विशाल मेला लगाया जाता है जिसमे लाखों श्रद्धालु कावड़ लेकर ,जल लेकर परशु रामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं जिसका 21जुलाई से 24 जुलाई 2025 प को आ रहा है जिस के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारीयो व मेला समिति के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जिला प्रशासन ने गुरुवार को सरकारी भूमि पर बन रहे अवैध फार्म हाउस को ध्वस्त कर दिया। यह अवैध फार्म हाउस दलेलपुर गांव में दो हजार मीटर सरकारी भूमि पर बना रहा था। इस जमीन की अनुमानित कीमत वर्तमान में 2.2 करोड़ रुपये है। एसडीएम सदर चारुल यादव ने बताया कि जमीन पर अवैध फार्म हाउस लंबे समय से था। यहां पक्का निर्माण कर कमरे बने हुए थे। बड़ा स्वीमिंग पूल भी बनाया हुआ था। मौके पर स्वीमिंग पूल में पानी भरा हुआ था, जहां पर कई प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां होने का अनुमान है। प्रशासन ने अवैध निर्माण करने वाले दबंग को कई बार नोटिस भेजा, लेकिन उसने निर्माण नहीं हटाया।

इसके बाद गुरुवार को सर्वे तहसीलदार ओमप्रकाश पासवान, नायब तहसीलदार ज्योत्सना सिंह, राजस्व और पुलिस विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और



बुलडोजर से दलेलपुर (सर्वे गांव) के खसरा नंबर-13/2, रकबा 2000 मीटर भूमि पर बने अवैध फार्म हाउस को गिरा दिया। करीब तीन घंटे तक लगातार बुलडोजर से पक्के निर्माण को ध्वस्त किया गया। साथ ही दबंग को दोबारा निर्माण करने या भूमि कब्जाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देकर नोटिस चस्पा किए गए।

## पेयजल लाने में देरी होने पर रेस्टोरेंट कर्मी को पीटा

**नोएडा।** सेक्टर-66 के रेस्टोरेंट में मंगलवार रात कार सवार दो युवकों ने पेयजल मिलने में देरी होने पर रेस्टोरेंट कर्मी को बेरहमी से पीटा। आरोपियों ने युवक पर हथियार तानकर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर फेज-तीन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। शिकायतकर्ता ओंकार सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका मामूरा गांव में एक्सप्रेस नाम से रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट पर निखिल कुमार नामक युवक काम करता है। 10 जून की रात करीब 9.10 बजे रेस्टोरेंट पर सफेद रंग की ब्रेजा कार आकर रुकी।

उसमें सवार दो युवकों ने निखिल से पेयजल की बोतल मांगी। रेस्टोरेंट पर ग्राहकों की अधिक भीड़ होने के चलते उसे बोतल देने थोड़ी देर हो गई। इस पर कार सवार युवकों ने आपा खो दिया। उन्होंने निखिल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से सड़क पर गिराकर पीटा। इसके चलते निखिल को चोट आई। कुछ लोगों ने बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने हथियार निकाल लिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गंदे पानी की सप्लाई बनी आफत

■ **घरों के महंगे उपकरण खराब होने का खतरा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सोसायटी के लोग जहां बिजली कटौती से परेशान है तो वहीं सेक्टर तीन में पानी की समस्या ने निवासियों के माथे पर बल कर दिया है। बृहस्पतिवार को सेक्टर के ए ब्लॉक में गंदे पानी की सप्लाई आई। पानी से इतनी बदबू आ रही है कि उसको प्रयोग करना पाना मुश्किल है। निवासी पूर्व में कई बार पानी की समस्या की शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग में कर चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

सेक्टर में रहने वाले दिनकर ने बताया कि बृहस्पतिवार को गंदा पानी आया। इसके अलावा दो दिन से सेक्टर के लोग इस समस्या से परेशान है। गंदा पानी आने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। सुबह ऑफिस जाने वाले समय पर गंदा पानी आने से पूरे दिन की दिनचर्या प्रभावित हो गई। पानी की समस्या यदि आने वाले दिनों में ठीक नहीं हुई तो उन लोगों को दूसरे स्थान की तरफ रूख करना पड़ सकता है। सप्लाई का पानी गंदा आने की वजह से घर में लगे गीजर, वॉशिंग मशीन के खराब होने का खतरा बना रहता है।

**निवासियों से वसूला जाता है मोटा चार्ज:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पानी के नाम पर निवासियों से मोटा चार्ज वसूलता है, इसके बावजूद साफ पानी की सप्लाई सेक्टर में नहीं हो पा रही है। पूर्व में भी गंदा पानी आने की शिकायत निवासी कई बार प्राधिकरण से कर चुके है, लेकिन कोई समाधान अभी तक नहीं निकला है।

**जलाशय साफ होने का काम जारी:** वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का कहना है कि शहर में जलाशय साफ होने का काम लगातार जारी है। बुधवार को भी शहर के 14 जलाशय प्राधिकरण की तरफ से साफ करवाए गए थे। प्राधिकरण की तरफ से दावा किया गया है कि आने वाले दिनों में पानी की समस्या से लोगों को नहीं जूझना पड़ेगा।

## नोएडा में तीन बच्चों की मां लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। सलारपुर गांव से 36 वर्षीय महिला 13 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

महिला के पति ने बताया कि वह ड्यूटी पर गए हुए थे। जब वह घर लौटे तो उनके बच्चों ने बताया कि उनकी मां घर से चली गई है। एक महीने से परिवार महिला की तलाश कर रहा है। कोई सुराग नहीं मिलने पर पति ने गुरुवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही लापता महिला का पता लगा लिया जाएगा। महिला के तीन बच्चे हैं, जो अब पिता की देखरेख में हैं।

## तैमूर की लाश देख निकली चीख घंटों घर वाले ढूंढते रहे इधर-उधर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित कस्बे के धनौरी रोड पर एक पड़ोसी के सेप्टिक टैंक में डूबने से तीन वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। आरोप है कि पिछले काफी महीने से सेप्टिक टैंक खुला हुआ था। लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस का कहना है कि बच्चे के परिजन की ओर से अभी कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कस्बा निवासी मुस्तकीम का तीन वर्ष का बेटा तैमूर बुधवार की शाम घर से खेलते हुए अचानक गायब हो गया। करीब दो घंटे तक परिवार के लोग उसे तलाशते रहे लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। कुछ देर बाद परिवार के लोग उसको तलाशते हुए पड़ोस के एक व्यक्ति के निर्माणाधीन मकान में पहुंचे। जहां उन्होंने देखा की सेप्टिक टैंक के पानी में उनका बच्चा पड़ा हुआ है। जिसके बाद वह उसको ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। आरोप कि सेप्टिक टैंक खुले होने की वजह से ही उसमें डूबने से ही बच्चे की मौत हुई है।बच्चों के परिजन का आरोप है के पिछले काफी महीनों से सेप्टिक टैंक खुला हुआ था। सेप्टिक टैंक में करीब सात फीट पानी भी भरा हुआ है। उसके बावजूद भी मकान के मालिक ने उसको ऊपर से कवर नहीं किया था। जिसकी वजह से ही उनके बच्चे की उसमें डूबने से मौत हुई है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक बच्चे के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया है। साथ ही इस संबंध में अभी कोई शिकायत भी नहीं दी गई है।

## गर्मी से बचाव के लिए पुलिसकर्मियों को बांटा नारियल पानी, जूस और छाते



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हीट वेव रेड अलर्ट के बाद झुलसा देने वाली गर्मी में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने आदेश दिए हैं। इस क्रम में गुरुवार से पुलिसकर्मियों के लिए कमिश्नरेट के तीनों जोन में डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी ने जूस, छाछ, लस्सी, नारियल पानी, ओआरएस घोल और छाता का वितरण करना शुरू कर दिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि अधिक गर्मी पड़ने की वजह से मौसम विभाग की ओर से हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसी के तहत तीनों जोन के डीसीपी, एसीपी के साथ सभी थानों प्रभारियों को जानकारी दी गई है कि धूप में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को छाता वितरित किया जाए।

साथ ही पीआरवी, लैपर्ड, पेट्रोलिंग करने वाले ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को गर्मी और लू से डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए ओआरएस (इलेक्ट्रॉल), जूस, छाछ, लस्सी, नारियल पानी दिए जाएंगे। यह अभियान आगामी दिनों में रेड अलर्ट जारी रहने तक चलाया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि धूप में ड्यूटी करने वाले



पुलिसकर्मियों के लिए बचाव के लिए व्यवस्था कराएं। किसी कर्मी को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होती है तो उसे तुरंत इलाज के लिए भेजा जाए। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा, सेंट्रल नोएडा के साथ में नोएडा जोन के थानों पर धूप में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को ठंडा पानी, छाछ, ओआरएस के साथ अन्य चीजें दी गईं। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को छाता बांटा गया। वहीं, मुख्य मार्गों पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों को पहले से दिए गए, एसी हेलमेट लगाने के लिए कहा गया है। पिछले दिनों दिए गए थे 100 एसी हेलमेट हाल ही में 100 एसी हेलमेट ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को लगाने के लिए दिए गए थे। इसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के साथ में जिले के मुख्य मार्गों पर ड्यूटी करने वाले महिला और पुरुष ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए हैं। कुछ दिन पहले ही उन लोगों के लिए घड़े में ठंडा पानी की व्यवस्था कराई गई थी। साथ ही खड़े होने के लिए बड़ा छाता दिया गया था। अब उन्हें अलग से सिंगल छतरी बांटा गया है। इससे उन्हें राहत मिलेगी। एसी हेलमेट की क्या हैं खूबियां डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि इस हेलमेट में बैटरी से चलने वाला मिनी फैन लगा होता, जो सिर को ठंडा रखता है। बैटरी आठ से 10 घंटे तक चलती है और इसे कमर पर बांधा जा सकता है। हेलमेट का वजन लगभग 200-250 ग्राम है, जिससे यह भारी नहीं लगता। साथ ही इसमें एक शील्ड भी होती है जो आंखों को धूप से बचाती है। यह हेलमेट सिर के तापमान को सामान्य से 10-15 डिग्री तक कम कर देता है।

## एक नजर

### आरसी पर वसूली नहीं होने पर डीएम से जवाब तलब

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिला न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी की अदालत ने रिकवरी सर्टिफिकेट पर वसूली नहीं होने पर जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सड़क दुर्घटना में कार चालक पर जुर्माना लगाया गया था। कोर्ट ने आरसी पर वसूली कर रिपोर्ट मांगी है। जो 23 जून को होने वाली अगली सुनवाई पर देनी होगी। 2013 में दादरी कोतवाली क्षेत्र में नंगला गांव में कार चालक ने बच्ची को टक्कर मार दी थी। इसमें बच्ची की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। उसके बाद कोर्ट में वाद दायर किया गया। 2016 में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी ने कार चालक को 2.30 लाख का जुर्माना लगाया था पैसा जमा नहीं करने पर 2019 में कोर्ट ने चालक के खिलाफ आरसी जारी की थी।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया अभियान

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें बाल श्रम की रोकथाम के लिए बने कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाल श्रम के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसके अलावा सेनेटरी पर्यवेक्षक नीरज कुमार, दिनेश, राकेश पाल, सतीश अधाना व अन्य ने ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग एरिया में कंपनियों में जाकर जांच की और बाल श्रम कानून के बारे में जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश पर मैनेजर संध्या सिंह के साथ प्राधिकरण की टीम ने ईकोटेक थ्री स्थित राइज इलेवन कंपनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्रमिकों के आधार कार्ड की भी जांच की गई। हालांकि कोई भी बाल श्रम मौके पर नहीं मिला, फिर भी प्राधिकरण की तरफ से चेतावनी दी गई है कि अगर भविष्य में भी बाल श्रम मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि यह अभियान श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रयास है।

### 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह के दौरान कराया जाएगा योगाभ्यास

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने में सशक्त माध्यम के रूप में आगामी 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं 15 जून से 21 जून 2025 तक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करायें जाएंगे। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार केम ने योगाभ्यास कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 जून 2025 को प्रात: 7:00 बजे से 8:00 तक नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में योग सप्ताह का शुभारंभ एवं योग जागरूकता पदयात्रा निकाली जाएगी। 16 जून 2025 को प्रात: 6:00 से 8:00 तक एवं प्रात: 8:00 से 12:00 तक स्कूल, महाविद्यालयों एवं मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में योगासन, पोस्टर आशु भाषण, निबंध, प्रश्न उत्तर, रंगोली, प्रतियोगिता का आयोजन, 17 जून 2025 को प्रात: 8:00 बजे से 2:00 तक ग्राम पंचायत में योग सत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैंप, 18 जून 2025 को प्रात: 6:00 से 10:00 तक कारागार, अनाथालयों, वृद्ध आश्रम, पुलिस लाइन आदि में योगाभ्यास, 19 जून 2025 को प्रात: 7:00 बजे से 8:00 तक विकास भवन, कलेक्ट्रेट, कार्पोरेट कार्यालय में योगाभ्यास, 20 जून 2025 को प्रात: 8:00 बजे से 2:00 बजे तक महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों में कुमारी, गर्भवती कामकाजी एवं प्रौढ़ महिलाओं के लिए योगाभ्यास तथा जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2025 को प्रात: 7:00 बजे से 8:00 बजे तक नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में आयोजित किया जाएगा। 21 जून 2025 को ही शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक जनपद मुख्यालय पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी में बताया कि सभी आम जनमानस उक्त कार्यक्रमों में आमंत्रित हैं। सभी लोग कार्यक्रम में उपस्थित होकर योगाभ्यास करें।

### कोरोना के संदिग्धों में से अधिकांश संक्रमित निकले

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** पिछले 24 घंटे में कोरोना के संदिग्ध करीब सभी मरीज पॉजिटिव मिले। स्वास्थ्य विभाग की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार 36 संदिग्धों में से 33 कोरोना संक्रमित मिले। इनमें से 13 मरीजों में ही कोरोना संक्रमण के लक्षण हैं। नए मरीजों में सभी होम आइसोलेशन में इलाज करवा रहे हैं। सभी को कोरोना संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं। अब तक 323 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है, जिसमें 186 को स्वस्थ घोषित किया जा चुका है। अब भी 137 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिसमें से दो अस्पताल में भर्ती हैं। एक हफ्ते पहले छिजारसी की एक साढ़े तीन महीने की बच्ची की मौत दिल्ली में हुई थी। वह कोरोना संक्रमित थी। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि पॉजिटिव मरीजों में भी कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं हैं।

## लंदन सामान भेजने के नाम पर पूर्व अधिकारी से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के पूर्व अधिकारी ने एक युवक पर कोरियर कंपनी के एजेंट बनकर ठगी करने का आरोप लगाया। आरोप है कि एजेंट ने 70 हजार रुपये का सामान लंदन भेजने के नाम पर 30 हजार रुपये लिएघ। अब तक न सामान पहुंचा और न ही रकम वापस की। शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-107 स्थित सनवर्ल्ड वनालिका सोसाइटी में रहने वाले पवन कुमार भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर रह चुके हैं।

उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका बड़ा बेटा लंदन में रहता है। एक अप्रैल 2025 को उन्हें कुछ घरेलू सामान बेटे के पास लंदन भेजना था। उनका संपर्क नामी कोरियर कंपनी के प्रतिनिधि वेद शर्मा से हुआ। उसने खुद को नोएडा के सेक्टर-7 स्थित ब्रांच में कार्यरत बताया। बातचीत होने के बाद वेद शर्मा ने कुछ लड़के भेजकर पैकिंग करवाकर सामान उनके घर से उठवा लिया। भुगतान करने पर उन्हें ट्रैकिंग नंबर देने का भरोसा दिया गया। शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन कंपनी के खाते में 30,267 रुपये जमा करा दिए। इसकी उन्हें रसीद भी मिल गई। चार दिन के भीतर सामान लंदन पहुंचने का आश्वासन दिया गया। आरोप है कि बार-बार मांगने के बाद भी आरोपी ने ट्रैकिंग नंबर नहीं दिया और न ही सामान लंदन पहुंचाया। सेक्टर-7 स्थित कोरियर कंपनी के कार्यालय में जाकर पता करने पर बताया गया कि आरोपी वेद शर्मा गुरुग्राम में एजेंट है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने सड़कों की सफाई में लापरवाही पर लगाया जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती और वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह ने बुधवार को अल्फा, बीटा, गामा व डेल्टा के मुख्य मार्गों और 130 मीटर व डीएससी रोड की साफ-सफाई का जायजा लिया, लेकिन रोड किनारे धूल व गंदगी मिलने और पत्तों का ढेर लगा दिखा। महाप्रबंधक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम से नाराजगी जताई और इन मार्गों की मैकेनिकल स्वीपिंग कराने के लिए जिम्मेदार कंपनी एंटनी वेस्ट हैंडलिंग पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस रकम की कटौती कॉन्ट्रैक्टर के अग्रिम भुगतान से की जाएगी। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर को सड़कों की नियमित सफाई कराने और सड़क किनारे पड़े कूड़े को हटवाने के निर्देश दिए हैं। महाप्रबंधक ने कहा है कि सड़कों की साफ-सफाई के लिए निरीक्षण अभियान जारी रहेगा।

## देश की अर्थव्यवस्था व सैन्य ताकत हुई मजबूत: कुंवर बृजेश सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद गौतमबुद्ध नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन्हीं कार्यक्रमों के तहत गुरूवार को ग्रेटर नोएडा में भाजपा के जिला कार्यालय पर केन्द्र की भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास संबंधी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में भाजपा नेताओं द्वारा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुसाशन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में मंत्री



कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को बेहतर करने के साथ देश को वैश्विक स्तर पर नये आयाम देने की भावना रही है। इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सीमाएं मजबूत और सुरक्षित हुई है। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। देश में विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और नई-नई टैक्निलॉजी को जन-जन तक पहुंचाना और विश्व स्तरीय सड़कें, यूनिवर्सिटी-कॉलेज, हॉस्पिटल, नये-नये उद्योगों के साथ विदेशी निवेश बढ़ा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि आज पूरी पारदर्शिता के साथ देश में विकास संबंधी काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में ऊपर से चला एक रुपया जनता तक 25 पैसे रह जाता था और आज एक-एक रुपया सीधे जनता के पास पहुंच रहा है।

एक सवाल के जवाब में मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले का बदला आप्रेशन सिंदूर के जरिए स्वदेशी तकनीक के सैन्य उपकरणों से पाकिस्तान को जवाब देने का काम देश की सरकार और सेना ने किया।

प्रेस वार्ता में डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश में ऐतिहासिक कार्य जम्मू-कश्मीर से धारा 370, राम मंदिर का निर्माण, काशी कॉरिडोर, तीन तलाक, सीएए वक्फ बोर्ड कानून अधिनियम आदि के तहत लागू किया और आज देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश की आजादी को 2047 में सौ वर्ष पूरे हो रहे होंगे और भारत विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प को साकार करेगा।

## नोएडा में हुई हैरान कर देने वाली वारदात पानी लाने में देरी होने पर तन गई पिस्टल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा से एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। कार में बैठकर पानी मांग रहे युवकों ने रेस्टोरेंट कर्मी को इतना पीटा कि वह गंभीर घायल हो गया। कर्मी की गलती बस इतनी थी कि उसने आरोपी युवकों को पानी की बोतल देने में देरी कर दी। मामूरा गांव के रेस्टोरेंट पर हुई घटना के बाद फेज 3 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में ओंकार सिंह ने कहा है कि वह सेक्टर 66 के मामूरा गांव में रेस्टोरेंट चलाते है। मंगलवार रात कर्मी निखिल दुकान पर था। तभी कार में सवार होकर दो युवक आए। दोनों ने निखिल से पानी मांगा। ग्राहकों की भीड़ होने की वजह से युवक को पानी की बोतल देने में देरी हो गई। नाराज युवकों ने कार से नीचे उतर कर निखिल की पिटाई कर दी। उस पर पिस्टल तान दी। आरोपियों ने निखिल को जमकर लात घूंसे से पीटा है। मंगलवार रात हुई घटना के बाद घायल ने अपना इलाज कराया।

**कार नंबर के आधार पर हुई पहचान:** पुलिस ने मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए मारपीट करने वाले युवकों की कार नंबर के आधार पर पहचान कर ली है। आरोपी युवक सर्फाबाद गांव के रहने वाले है। दोनों की धर पकड़ के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। पुलिस का दावा जल्द ही दोनों युवकों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

**थार कांड के बाद अलर्ट है पुलिस:** हाल ही में नोएडा के सेक्टर 53 का एक वीडियो वायरल हुआ था। छोटे झगड़े ने बड़ा रूप ले लिया था। आरोपी युवक एक व्यक्ति को थार से टक्कर मार कर भागे थे। युवक नाले में जा गिरा था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सेक्टर 24 कोतवाली के इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया था। मामले इंस्टाग्राम पर कमेंट करने को लेकर शुरू हुआ था।

## एक्सप्रेस वे पर अंडरपास बनाने के लिए आई 15 कंपनियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बनने वाले दो अंडरपास को बनाने के लिए 15 एजेंसियां आगे आई हैं। अगले सप्ताह इन एजेंसियों की फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। इससे पहले भी दोनों अंडरपास के लिए 10 एजेंसियां आई थी। लेकिन फाइनेंशियल बिड के दौरान किसी भी कंपनी का चयन नहीं हो पाया था। प्राधिकरण ने बताया कि जिस एजेंसी ने सबसे कम रेट पर अंडरपास बनाने का दावा किया होगा, उसको काम का जिम्मा दे दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-128 सुल्तानपुर और सेक्टर-168 झट्टा गांव के सामने अंडरपास बनने हैं। सुल्तानपुर गांव के सामने सेक्टर-128, 129, 132 और सेक्टर-108 के बीच इसे बनाया जाना है। इस अंडरपास की लागत करीब 81 करोड़ 61 लाख रुपए अनुमानित है। दूसरा, झट्टा अंडरपास सेक्टर-145, 146, 155, 159 और 168 के बीच बनाया जाना है। इसकी लागत टेंडर में 99 करोड़ 74 लाख रुपए अनुमानित है।

**तकनीकी जांच के बाद मिलेगा काम:** प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी बिड के तहत संबंधित एजेंसियों के कागजात जांचे जा रहे हैं। एक सप्ताह बाद फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। इस बिड के जरिए एजेंसियों की आर्थिक स्थिति जांची जाती है। इसके अलावा यह देखा जाता है कि अंडरपास बनाने के लिए एजेंसियों ने क्या-क्या रेट दिए हैं। नियमों के तहत जो एजेंसी सबसे कम लागत में अंडरपास बनाने को तैयार होती हैं, उसी को निर्माण कार्य का जिम्मा दिया जाता है।

## निर्माणाधीन एलिवेटेड पिलर से टकराई बस

■ **छह कर्मचारी हुए घायल, बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ हादस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-42 स्थित अगापुर के निकट बुधवार रात बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कंपनीकर्मियों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के पिलर से टकरा गई। बस में सवार 20 में से छह कर्मचारी घायल हो गए। सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। मामूली रूप से घायल अन्य यात्री अपने घर चले गए। पुलिस के मुताबिक सूरजपुर स्थित एलजी कंपनी में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम करते हैं। कर्मचारियों को घरों से कंपनी तक



लाने और जे जाने के लिए बसें लगी हैं। एक बस बुधवार रात करीब 8:30 बजे बरौला गांव की तरफ से सेक्टर-37 की ओर कर्मचारियों को लेकर जा रही थी।

बस में करीब 20 कर्मचारी सवार थे। सेक्टर-42 स्थित अगापुर के निकट सामने से अचानक बाइक सवार आ गया। चालक हड़बड़ा गया और बस अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के पिलर नंबर-1 के निकट जा टकराई। हादसे के बाद बस में सवार कर्मचारियों में चीख-पुकार मच गई। बस की छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग बस में सवार लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में सवार लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

पुलिस के मुताबिक बस में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में बस में सवार स्वर्णप्रभा, अक्षी, सुमन रावत, सीमा, शुभम और सचिन यादव घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए नजदीक के प्रयास अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। वहीं, बस में सवार अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए। वे अस्पताल जाने से इनकार कर अपने-अपने घर चले गए। साथ ही पुलिस ने यातायात को सुचारू करने के लिए बस को घटनास्थल से हटवाकर सड़क किनारे कराया।

## कुर्की की उद्घोषणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सेक्टर 24 नोएडा कमिश्नरेट गौतम नगर मुकदमा अपराध संख्या 331/ 2023 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त मिनमौय पुत्र निभाई मूलो निवासी 06 मोंटू महती की दुकान बीडमपुरा करोल बाग सेंट्रल दिल्ली, मूल पता ग्राम भांजीपुर थाना टकेश्वर जिला हुगली पश्चिम बंगाल वांछित है तथा लगातार फरार चल रहा है अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय एनबीडब्ल्यू 82 सीपीआरसी उद्घोषणा के प्राप्त उपरोक्त अभियुक्त मिनमौय ना ही गिरफ्तार हुआ है ना ही माननीय न्यायालय में हाजिर हुआ है, जिसे खिलाफ न्यायालय ने 83 सीआरपीसी अधिपत्र प्राप्त पर कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

**थाना निरीक्षक**
**थाना 58 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतम बुध नगर**

## कुर्की की उद्घोषणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना फेस वन नोएडा कमिश्नरेट गौतम बुध नगर का पंजीकृत मुकदमा संख्या 145 / 2024 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम के वांछित अभियुक्त रतन चौधरी पुत्र जवाहर चौधरी निवासी आरसी 520 सरिता विहार, दामोदर बिहार, राजीव विहार, हनुमान मंदिर वाली गली खोड़ा कॉलोनी थाना खोड़ा गाजियाबाद वांछित है तथा लगातार फरार होने के अभियुक्त रतन की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय गैंगस्टर एक्ट गौतमबुध नगर से एनबीडब्ल्यू व 82 सीआरपीसी घोषणा को प्राप्त कर शामिल कराया गया। न्यायालय द्वारा 83 सीआरपीसी आधिपत्र प्राप्त कर कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**थाना निरीक्षक**
**थाना 58 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतम बुध नगर**

# छिजारसी टोल प्लाजा पर लगा 7 लाख का जुर्माना

## विवादों में घिरे टोल प्लाजा पर NHAI की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ नेशनल हाईवे-9 पर स्थित छिजारसी टोल प्लाजा अपने कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से दुर्व्यवहार, मारपीट और जबरन वसूली जैसी घटनाओं के कारण लगातार विवादों में घिरा हुआ है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण NHAI ने टोल संचालक कंपनी पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

छिजारसी टोल प्लाजा पिछले दो वर्षों से विवादों का केंद्र बना हुआ है। यहाँ फास्टैग तकनीकी खराबी के नाम पर यात्रियों के साथ बदसलूकी और जबरन वसूली की कई घटनाएँ सामने आई हैं। गत 30 मई 2025 गाजियाबाद से लौटते समय प्रदीप कुमार का फास्टैग काम नहीं कर रहा था। टोलकर्मियों ने नकद भुगतान न होने पर उनसे 25,000 रुपये की सोने की अंगूठी जबरन वसूली की। सीसीटीवी फुटेज में



टोलकर्मियों द्वारा अंगूठी उतारते हुए देखा गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अंगूठी वापस की गई। गत 1 जून 2025 हापुड़ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के सहायक असीम चौधरी के साथ भी ऐसी ही घटना हुई। उनका फास्टैग स्कैन न होने पर टोलकर्मियों ने उन्हें धक्का दिया और शारीरिक प्रताड़ना दी और उनकी सोने की अंगूठी छीन ली। पुलिस के पहुंचने पर अंगूठी वापस मिली। अप्रैल 2025 एक महिला ने फास्टैग खराबी के कारण टोलकर्मी को 7 थप्पड़ मारे थे। जून 2024 एक नशे में धुत बुलडोजर चालक ने टोल टैक्स का विरोध करते हुए टोल बूथ नंबर 15 और 16 को तोड़ दिया था। अगस्त 2023 एक कार चालक ने टोलकर्मी को जानबूझकर कुचलने का प्रयास किया था। ये घटनाएँ दर्शाती हैं कि छिजारसी टोल प्लाजा पर कर्मचारियों और यात्रियों के बीच तनाव लगातार बना रहता है। 2023 से अब तक यहाँ 20 से अधिक हिंसक घटनाएँ दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश का कारण फास्टैग या भुगतान संबंधी विवाद रहा है। NHAI ने टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के लगातार दुर्व्यवहार, यात्रियों को होने वाली असुविधा, ट्रैफिक जाम, हिंसा, और प्राधिकरण को बिना सूचना दिए लेन बंद करने जैसी समस्याओं पर संज्ञान लिया है। टोल प्लाजा पर खराब यातायात प्रबंधन के कारण लंबी कतारें लगने और प्रतीक्षा अवधि बढ़ने की शिकायतें भी मिली हैं। इन सभी शिकायतों के मद्देनजर, NHAI ने टोल संचालक कंपनी पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने टोल प्लाजा के लिए यह भी निर्देश जारी किया है कि भुगतान विवाद में किसी भी प्रकार की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सपा नेता का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ से सपा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रेमी के हापुड़ पहुंचने पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को मेरठ से सपा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रेमी नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित मोहल्ला सुभाष नगर में समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश महासचिव मनोज भैया के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों ने उन्हें समाजवादी पार्टी द्वारा मेरठ कैंट विधानसभा से विधानसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर उनका फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश महासचिव मनोज भैया ने कहा कि मेरठ कैंट एक सामान्य सीट है। समाजवादी पार्टी ने पहली बार अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को सामान्य सीट पर जाटव समाज को टिकट देकर समाज का



सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए हम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का आभार व्यक्त करते हैं। इस दौरान लखन, टीटू, बंटी, सुमित, देवेंद्र, कुणाल आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलटा चावल से भरा ट्रक, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 शिवा ढाबा के पास गुरुवार की देर रात चावल के कट्टो से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर अचानक हाइवे पर पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों से अस्पताल में भर्ती करवाया और जाँच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 शिवा ढाबा के पास देर रात चावलो के कट्टो से भरा ट्रक अनियंत्रित



होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक दिनेश कुमार और परिचालक आशीष घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने घायलों को नजदीक की अस्पताल में भर्ती करवाया और हाईवे पर पलटे ट्रक को जेसीबी मशीन की मदद से साइड करवाकर यातायात को सुचारु करवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि संभवता हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना है। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दहेज हत्या में फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में फरार दो आरोपी इरफान पुत्र इस्लाम और फरमान पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला मीरा की रेती को मस्तराम कुटी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### जलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी, नोडल अधिकारी डा. अभय सिंह (जिला होम्योपैथिक अधिकारी), डा. शैलेंद्र कुमार गुप्ता, आयुष विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी, योग प्रशिक्षक और निजी संस्थाओं के योग प्रशिक्षक भी मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 और योग सप्ताह 15 जून से 21 जून 2025 को बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति प्रेरित करना है। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों के माध्यम से लोगों को योग से जुड़ने और उसके लाभों को जानने का अवसर मिलेगा। हापुड़ प्रशासन का लक्ष्य है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और योग सप्ताह के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### मदरसे में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी मौलाना गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने मदरसे में किशोरी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस क्षेत्र अधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर थाने पर नाबालिग बच्ची के परिजनों द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री थाना क्षेत्र के एक मदरसे में पढ़ती थी। मदरसे में पढ़ने के दौरान एक मौलाना ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला। आरोप है कि आरोपी मौलाना ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। आरोप है कि आरोपी मौलाना ने किशोरी की अश्लील वीडियो वायरल करने का दबाव बनाकर दुष्कर्म किया और आरोपी मौलाना ने किशोरी की अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस क्षेत्र अधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने मदरसे में किशोरी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### AIMIM का ग्राम कुसलिया में कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष हाजी फहीम जड़ोंदिया के नेतृत्व में धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुसलिया में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन पार्टी संगठन को मज़बूत करने, जमीनी स्तर पर विस्तार करने और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

कार्यक्रम में हापुड़ जिले की AIMIM टीम, धौलाना विधानसभा की पूरी टीम, तथा ग्राम कुसलिया के सभी सम्मानित, जिम्मेदार साथी और वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इस सम्मेलन के माध्यम से पार्टी की संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन हुआ और आम जनता के बीच AIMIM के प्रति विश्वास और समर्थन का स्पष्ट संकेत मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्राम कुसलिया और धौलाना विधानसभा क्षेत्र से जुड़े शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, सुरक्षा और ग्रामीण विकास जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने इन समस्याओं के समाधान हेतु AIMIM की भूमिका और आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। संगठन को मजबूती प्रदान करें और जनता की सेवा को प्राथमिकता बनाएं। ग्राम कुसलिया में आयोजित यह कार्यकर्ता सम्मेलन AIMIM की सांगठनिक सक्रियता और राजनीतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। हाजी फहीम जड़ोंदिया के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश और संकल्प देखने को मिला, जो निश्चित ही आने वाले समय में पार्टी को क्षेत्र में और मज़बूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर राजू कुरैशी, मोनू कांत वाल्मीकि, आकिब तोमर, कारी साजि

# जनता बिलखती रही गर्मी से, कर्मचारी बियर पीने में मस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक सीएनजी पेट्रोल पंप पर शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। पंप पर कार्यरत एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह खुलेआम जनता के बीच बियर पीता हुआ दिखाई दे रहा है।

घटना उस समय की है जब भीषण गर्मी में सीएनजी की लाइन में लगी गाड़ियों में छोटे-छोटे बच्चे तड़पते नजर आए। लोग धूप में खड़े होकर गैस भरवाने के इंतजार में परेशान होते रहे, लेकिन कर्मचारी ने किसी की नहीं सुनी। जब कुछ लोगों ने उसे आग्रह किया कि गैस भर दी जाए, तो वह बेहिचक बोला-पहले बीयर पीयूँगा, उसके



बाद सीएनजी डालूंगा! यह बयान और उसका लापरवाह रवैया सुनकर जनता में आक्रोश फैल गया। वहां मौजूद कई लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। घटनास्थल पर मौजूद वाहन चालकों ने बताया कि हम करीब एक घंटे से लाइन में लगे थे, लेकिन कर्मचारी ने साफ कह दिया कि वो नशा करने के बाद ही काम करेगा। छोटे बच्चे, महिलाएं सब गर्मी में परेशान हो रहे थे।

अब तक इस मामले में पंप प्रशासन या स्थानीय पुलिस की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के गैरजिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड सरकार का एक महत्वपूर्ण पोर्टल है, जिस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की निगरानी सीधे शासन स्तर से की जाती है।

जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए ताकि जनपद की रैंक में सुधार हो सके। उन्होंने उन सभी विभागों के अधिकारियों को तुरंत सुधार लाने के निर्देश दिए



जिनकी सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंक है। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अवश्य पहुंचे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन योजनाओं का उचित प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व अवैध असलहा रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2009 में आरोपी नाजिम उर्फ नईम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करना व अवैध असलहा रखने के मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को न्यायलय द्वारा आरोपी नाजिम उर्फ नईम पुत्र निजामुद्दीन उर्फ निजाम को जुर्म इकबाल पर जेल में बिताई अवधि 7 दिवस व 5 हज़ार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# तपती धूप में ट्रैफिक पुलिस दे रही अपनी जिम्मेदारी को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में जहाँ एक ओर चिलचिलाती धूप लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर रही है, वहीं दूसरी ओर हापुड़ की ट्रैफिक पुलिस बिना रुके, बिना थके शहर की सड़कों पर डटी हुई है।

तेज धूप, झुलसाती लू और पसीने से तर-बतर वर्दी के बावजूद ये जवान न केवल अपनी जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं, बल्कि शहर की रफ़्तार भी बनाए हुए हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक, रेलवे रोड, पिलखुआ चौराहा, रेलवे रोड चौराहा, तहसील चौराहा, मेरठ तिराहा, व गढ़मुक्तेश्वर मोड़ सहित शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर यातायात पुलिस के अधिकारी व सिपाही ट्रैफिक कंट्रोल में जुटे रहते हैं। घंटों धूप में खड़े होकर वे सैकड़ों वाहन चालकों को जाम से निजात दिलाते हैं और ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। एक ट्रैफिक सिपाही ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा, धूप तो हर साल पड़ती है, लेकिन शहर को थमने नहीं देना हमारी ड्यूटी है। यह बयान उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण और निष्ठा को दर्शाता है। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, अव्यवस्थित पार्किंग से बचें और आवश्यकता न होने पर अनावश्यक वाहन न चलाएँ। पुलिस का मानना है कि जनता का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस चुनौतीपूर्ण समय में, हापुड़ की ट्रैफिक पुलिस का यह निस्वार्थ सेवा भाव वाकई काबिले तारीफ है।





# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, डायट से उप प्राचार्य ज्योति दीक्षित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने 19 पैरामीटर के गैप को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत निधि से सबसे पहले विद्यालयों में कार्य कराए जाएं और कोई भी निर्माण कार्य निम्न गुणवत्ता का नहीं होना चाहिए। इस दौरान



शिक्षकों की उपस्थिति के अतिरिक्त सभी पंजिकाओं में डिजिटल कार्य करने पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए रणनीति बनाने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कि सभी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर उच्च हो और जो शिक्षक बार-बार मॉनिटरिंग में शिक्षण कार्य में लापरवाही करते पाए जाएं उन पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान कम छात्र उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए गए।

सभी नए नामांकन को डिजिटल पंजिका में दर्ज करने और प्रोन्नत छात्रों को सत्यापित करने के लिए कहा गया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को निरीक्षण के लिए ऑफलाइन फॉर्मेट उपलब्ध कराने और एआरपी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन चयन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बालिका शिक्षा, मध्याह्न भोजन, यू डायस प्लस, पीएम विद्यालयों में सभी गतिविधियां उत्कृष्टता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के नए सत्र में नामांकन प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई।

# पंजाबी सभा ने मनाया बाल श्रम व अंतर्राष्ट्रीय गुलाब दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को पंजाबी महिला समिति और पंजाबी सभा समिति ने संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र के फ्री गंज रोड पर स्थित रेलवे पार्क में बाल श्रम जागरूकता और अंतर्राष्ट्रीय गुलाब दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने बाल श्रम की बुराइयों पर जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, बाल श्रम कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। अगर कोई 14 साल से छोटे बच्चे से दुकान, फैक्ट्री या कहीं और काम करवाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सकती है। संजय ने भारतीय दंड संहिता 1860, बंधुआ श्रम प्रणाली अधिनियम 1976, और बाल श्रम निषेध और



विनियमन अधिनियम 1986 का जिक्र करते हुए बताया कि बच्चों को काम पर लगाना समाज की सबसे बड़ी कुरीति है। बच्चों का हक है पढ़ाई करना, खेलना-कूदना न कि मजदूरी करना। पंजाबी महिला समिति की संयोजिका श्वेता मनचंदा ने कहा कि समाज की हर संस्था को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में हापुड़ निवासी तरुण चंडोक ने अपने पिता की याद में 101 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को चप्पलें बांटीं। इतना ही नहीं, पंजाबी सभा समिति की ओर से बच्चों को खाने का सामान, शिकंजी, और गुलाब के फूल देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर पंजाबी सभा समिति के सचिव सिंह चावला, कमलदीप अरोड़ा, लेखराज अनेजा, धर्मपाल बाटला, यशपाल तनेजा, शशि भूषण मुंजाल, प्रवीण सेठी, नीरज, और योगा टीचर कुमकुम आदि मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र विक्रम पुत्र सुरेश निवासी ग्राम बासंतपुर परगना डासना तहसील धौलाना जिला हापुड़ जो असामाजिक तत्वों की संगत में बिगड़ गया है तथा आवारा प्रवृत्ति का है। इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरा परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

रामवती पत्नी सुरेश निवासी गांव बासंतपुर जिला हापुड़ (उ.प्र.)

# ग्राम पंचायत सदस्य की ट्रेन से कटकर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव तितरवाड़ा की ग्राम पंचायत सदस्य की ट्रेन से कटकर दर्दनांक मौत हो गई। ग्राम पंचायत सदस्य अपने पति के साथ रिश्तेदारी में ट्रेन से सवार होकर सहारनपुर के गांव हाड़ाखेडी जा रही थी। रेलवे पुलिस ने वृद्ध महिला व ग्राम पंचायत सदस्य के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





कैराना क्षेत्र के गांव तितरवाड़ा निवासी वार्ड-4 से ग्राम पंचायत सदस्य 72 वर्षीय फरमुदा पत्नी जिंदा हसन गुरूवार को ट्रेन से सवार होकर शामली रेलवे स्टेशन से सहारनपुर जा रही थी, जहां से उनको गांव हाड़ाखेडी जाना था। बताया जाता है कि जब वह शामली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची तो इसी दौरान सहारनपुर जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर-2 में आ गई।

इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर खडी ट्रेन से होकर ग्राम पंचायत सदस्य ने दूसरे ट्रेन में जाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन अचानक चल पडी, जिससे नीचे उतरते समय फरमुदा नीचे गिर पडी और ट्रेन की चपेट में आकर कट गई, जिससे फरमुदा की मौके पर दर्दनांक मौत हो गई। साथ में आगे चल रहे पति जिंदा हसन पत्नी की मौत होने से सदमे में चले गए। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध महिला फरमुदा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम पंचायत सदस्य फरमुदा की मौत से उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड गई। समर्थकों का उनके घर पर तांता लगा रहा। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक आवास पर पहुंचा। शव को देखते परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम ग्राम पंचायत सदस्य के शव को सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया।

# घर में घुसकर मारपीट व चाकू से प्रहार करने का आरोप, मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** गांव बराला निवासी युवक ने पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों व महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट, पथराव व चाकू से प्रहार करके घायल करने का आरा. `प लगाते हुए कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्र के गांव बराला निवासी खालिद ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12रू30 बजे वह अपने भाई जावेद व पिता अब्दुल रहमान के साथ में मकान की दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के मोहसीन, सलीम उर्फ धोला तथा आवेश लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए और छत पर चढ़कर गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि मोहसीन ने हाथ में लिए चाकू से उसकी गर्दन पर प्रहार किया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने उसके भाई जावेद व पिता अब्दुल रहमान को भी काफी चोट पहुंचाई। आरोपियों की महिलाओं मुर्शीदा व फातों ने भी अपने घरों की छत से उनके ऊपर ईंटे बरसाई। आरोपियों के हमले से उनके घर में हाहाकार मच गया। आरोपी उनसे रंजिश रखते है। उन्होंने विगत 27 मार्च 2024 को भी उनके साथ में मारपीट की थी, जिसका मुकदमा चल रहा है। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### वारंटी पकड़ा

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अजय पुत्र कृष्णपाल है।

# घर के बाहर खड़ी बाइक साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद।** घर के बाहर खडी बाईक चुराकर चोर फरार हो गया। चोरी करने वाला युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

जलालाबाद कस्बे के चप्पे चप्पे पर लगे सीसीटी कैमरो की निगरानी होने के बावजूद भी चोर में पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है। आए दिन चोरी की घटनाए हो रही है चोर सीसीटीवी कैमरे मे चोरी करते कैद हो रहे है यही नहीं कैमरो मे कैद होने के बावजूद पुलिस पकड मे नही आ रहे। ताजा मामला कस्बे के मौहल्ला अमानत अली का है कस्बे के प्रमुख समाजसेवी शेर जमा खान के भतीजे अरसलान खान पुत्र खानजमा खान दोपहर लगभग 12 बजे घर के बाहर अपनी बाईक संख्या यू पी 19 क्यू 0112 खडी कर घर मे गया पीछे से अज्ञात चोर बाईक लेकर फरार हो गया। अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर पंचायत द्वारा कस्बे के प्रमुख चौराहा और नुक्कड़ों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बाइक चोर नगर में जहां जहा से निकला कैमरो में कैद हो गया। पीडित द्वारा जलालाबाद पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की गई है। चोर का हौसला देखिए जलालाबाद थानाभवन के बीच अजीज पैटोल पम्प से 800 रूप्ए का पैटोल डलवाकर वापस जलालाबाद से होकर फरार हो गया चोर पुलिस की पकड से दूर है दो दिन पूर्व मोती बाजार मे शर्मा रेडियोज से स्पीकर चुराकर चोर फरार हो गया सभी कैमरो मे फोटो साफ तौर पर दिखाई देने के बावजूद चोर पुलिस की पकड से दूर है । इससे पूर्व की कई चोरी की घटनाए होने के बावजूद कोई चोर पकडा नही जा सका है ।

# गर्मी का प्रकोप चरम पर, लोग बेबस

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** इस महीने में गर्मी का प्रकोप लगातार बढता जा रहा है। पिछले दो दिनों में गर्मी रिकॉर्ड दर्ज की गई। गुरूवार को मौसम का तापमान 41 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच जाने से सडकों पर आग बरस रही थी। लू के थपेडों लोगों के शरीर को झुलसा रहे थे। भीषण गर्मी से बचाव को लोग दिनभर घरों में ही रहकर समय बिता रहे है, जबकि जरूरी कामों से ही घरों से बाहर निकल रहे है। बाजारों में खरीदारी भी सुबह शाम की हो गई है।

मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिनों तक तापमान और अधिक बढ़ने के आसार है। जिससे फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। दो दिन तेज धूप निकलने से गर्मी का प्रकोप बढ जाएगा। जिसके बाद



बारिश की उम्मीद है। गुरूवार को सवेरे से ही सूरज की तेज तपिश से लोग परेशान हो गए थे। धूप की तपिश इतनी तेज थी कि ऐसा लग रहा था कि सूरज जमीन के नजदीक आ गया हो। मौसम का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सैल्यियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर गर्म हवाओं के साथ लू के थपेडों से लोग बेहाल दिखे। सडकों पर चलने वाले लोगों के शरीर को लू के थपेडे झुलसा रहे थे। शहर के विजय चौक, फव्वारा चौक, अजंता चौक, गुरूद्वारा तिराहा और शिव चौक पर गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोग इक्का दुक्का ही नजर आए। जिससे बचाव को लोग गमछा और सिर पर कपडा रखकर निकले। भीषण सबसे अधिक परेशानी श्रमिकों को हो रही है, जिनको कडी धूप में रहकर कार्य करना पड रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने भटटों पर कार्य करने वाले श्रमिकों व कामगारों से तेज धूप में कार्य न करने की अपील की है कि ताकि भीषण गर्मी के प्रकोप से उनका स्वास्थ्य बच सके। दिन में तेज धूप के चलते सड़कों पर आवाजाही कम रही।

## एक नजर

### स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ का संकल्प लेकर धूमधाम से मनाया संकल्प दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में 11 जून बुधवार को प्रदेश भर के सभी जिलों व नगर इकाइयों में संकल्प दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गगया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री विवेक गोयल के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर कार्यकारणी ने यशस्वी प्रधानमंत्री के आह्वान को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी अपनाए देश बचाए संकल्प के साथ में संकल्प दिवस मनाया। इस अवसर पर व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग का केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु और सदा सुखी जीवन की कामना की। विवेक गोयल प्रदेश संगठन मंत्री, सुशील गर्ग नगर अध्यक्ष, मनोज कुछल नगर महामंत्री, सुधीर गर्ग जिला उपाध्यक्ष, आदेश सैनी, सोनू सैनी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** वर्ष 2020 में थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत सुनील पुत्र धर्म सिंह उर्फ धर्मा निवासी म0नं0 594 डब्बा कालोनी गाजीपुर रोड़ उत्तम नगर थाना डबुआ जनपद फरीदाबाद मूल निवासी ग्राम व थाना मूनक जनपद करनाल हरियाणा द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने की घटना कारित की गई थी। घटना के संबंध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दाखिल की गई । दाखिला तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए। इसी क्रम में न्यायालय स्पेशल पोक्सो कोर्ट कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त सुनील उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 363 भादवि में 7 वर्ष का कारावास व 5,000/-रुपये अर्थदंड, अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 366, 376 भादवि व धारा 3/4 पोक्सो अधिनियम में 10-10 वर्ष का कारावास व 15,000/-रुपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न करने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास एवं धारा 343,506 भादवि में 2-2 वर्ष का कारावास व 2,000/-रुपये अर्थदंड, अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त सुनील पुत्र धर्म सिंह उर्फ धर्मा निवासी म0नं0 594 डब्बा कालोनी गाजीपुर रोड़ उत्तम नगर थाना डबुआ जनपद फरीदाबाद मूल निवासी ग्राम व थाना मूनक जनपद करनाल हरियाणा है।

### अभियुक्त को अर्थदंड और कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** वर्ष 2010 में अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र वेदू निवासी ग्राम एलम थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 1,500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### किसान व भैंस की मौत के मामले में आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** एक दिन पूर्व नेशनल हाइवे पर स्थित रामड़ा बाईपास चौराहे के निकट हुए सड़क हादसे में मृतक किसान के पुत्र ने आरोपी ट्राला चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। हादसे में किसान व उसकी भैंस की ट्राले की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई थी। मोहल्ला अफगानान निवासी शौकतद्ध60ऋ का खेत कस्बे के रामड़ा रोड पर पोल्ट्री फार्म के निकट स्थित है। विगत बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह खेत से भैंस लेकर पैदल घर जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाइवे पर स्थित रामड़ा बाईपास चौराहे पर पहुंचा, तभी पानीपत की ओर से आए तेज रफ्तार ट्राले ने किसान शौकत व भैंस को टक्कर मार दी। ट्राले की टक्कर से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्राला लेकर मौके से भाग रहे चालक को कुछ दूरी पर ही लोगो ने पकड़ लिया। घायल किसान को एंबुलेंस में द्वारा कस्बे के सीएचसी पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र आस मोहम्मद ने आरोपी ट्राला चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# देवेंद्र हत्याकांड के शूटरों की तलाश में जुटी हैं पुलिस टीमें

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** तीन दिन पूर्व खेत पर हुई किसान की हत्या के मामले में पुलिस शूटरों की तलाश में जुटी है। कोतवाली पुलिस एक दिन पूर्व हत्याकांड में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है, लेकिन हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटरों के गिरेबां तक खाकी के हाथ नही पहुंच रहे है। पुलिस की चार टीमें किसान को मौत की नींद सुलाने वाले शूटरों की तलाश में जुटी है।

विगत सोमवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर निर्मम हत्या कर दी थी। घटना के वक्त किसान बदलूगढ़ में स्थित अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। मामले की सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया था।

पुलिस को मौके से 32 बोर के चार खोखे बरामद हुए थे। घटना के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की चार टीमें लगाई गई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आलकलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में नामजद कराया गया हत्यारोपी तनवीर कुरैशी कस्बे के कांधला रोड पर संच. ालित मीट प्लांट का प्रबंधक है। विगत बुधवार को पुलिस ने घटना में नामजद कराए गए मौमीन व भूरा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। जबकि दो नामजद आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस जेल भेजे गए आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त 32 बोर के पिस्टल को बरामद नही कर पाई है।

बताया जा रहा है कि पुलिस की चार टीमें किसान को मौत की नींद सुलाने वाले शूटर की तलाश में जुटी हुई है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है। घटना में शामिल शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## ऊर्जा विभाग अधिकारियों ने मॉर्निंग रेड में कनेक्शन काटे

शाह टाइम्स संवाददाता



**झिंझाना।** ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ गांव पावटी कला में मॉर्निंग रेड कर एक लाख से ज्यादा बकाएदारों के कनेक्शन काटे। ऊर्जा निगम की इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मचा रहा। गांव पावटी कला में ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ उपखंड अधिकारी के निर्देशन में मॉर्निंग रेड की, जिसमे अधिकारियों ने एक लाख से ज्यादा के चार बकाएदारों के विद्युत कनेक्शन काटे , मॉर्निंग रेड से अन्य लोगों में हड़कंप मचा रहा। मॉर्निंग रेड टीम की अगुवाई कर रहे अवर अभियंता प्रेम कुमार ने बताया कि उपखंड अधिकारी जितेंद्र कुमार के निर्देशन में मॉर्निंग रेड के दौरान चार बड़े बकाएदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं। और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।पुलिस बल के साथ टीम मे अवर अभियंता सुरजीत सिंह, प्रेम सिंह, व अन्य लाईन में मौजूद रहे।

## रसूलपुर गुजरात में योग रैली का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार प्रसार हेतु ग्राम रसूलपुर गुजरान में योग रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान राकेश चौहान द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। मुख्य आयोजन 21 जून के लिए शामली के किसान इंटर कॉलेज में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आ]वान किया गया।रैली में सभी आगंतुकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योगाचार्य राजेंद्र सिंह एवं योगाचार्य मती रोहिणी सिंह द्वारा योग कराया गया। रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को योग का महत्व एवं योग के फायदे से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुधीर मलिक ,फार्मासिस्ट प्रकाश जी एवं चिकित्सालय के कर्मचारी हुकमचंद एवं जनेश्वर जी ने विशेष योगदान दिया।

# किसान मजदूर संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष पर हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** किसान मजदूर संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश पुंडीर पर जानलेवा हमला किया गया। घटना थाना भवन नगर के मोहल्ला खैल की है, जहां कुछ स्थानीय लोगों ने मामूली विवाद के चलते उनके साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पीड़ित सुरेश पुंडीर ने बताया कि उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व मोहल्ला खैल में मकान खरीदा था। शनिवार की शाम गाड़ी खड़ी करने को लेकर वसीम, रफत, शाहनवाज और मूसा से कहासुनी हो गई। आरोप है कि उक्त लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया।सुरेश पुंडीर ने बताया कि जान बचाने के लिए जब वे घर के अंदर भागे तो आरोपी जबरन घर में घुस आए और उनके साथ-साथ परिजनों को भी पीटा। पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए।पुलिस ने सुरेश पुंडीर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी मुशर्रफ उर्फ मूसा पुत्र अजीज को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# मंडी समिति, शामली से मुख्यमंत्री कृषक छात्रावृत्ति योजना के चेक पाकर बच्चों के चेहरे खिले

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** मंडी समिति, शामली के द्वारा कृषि व होम साइंस मे स्नातक तथा स्नातकोत्तर कर रहे मेधावी छात्रों को चौक के माध्यम से रुपये 36000 प्रति वर्ष प्रति छात्र को विधायक शामली प्रसन्न चौधरी द्वारा ई-नाम भवन, शामली मे वितरण किया गया। जनपद शामली से कुल 35 छात्र व छात्राओं को कुल धनराशि 1260000 का छात्रवृत्ति के रूप मे वितरण किया गया।

इस योजना के अंतर्गत उन छात्रों का चयन किया गया जो कृषि मे स्नातक कर रहे है तथा उनके प्राप्तांक 70 प्रतिशत से अधिक थे। चेक वित. रित करते हुए विधायक ने छात्रों को सरकारी सेवाओं की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वीरेंद्र



कुमार चंदेल, सचिव, मंडी समिति द्वारा अवगत कराया गया कि उ.प्र. कृषि उत्पादन मंडी परिषद से अनुमोदित अथवा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को अपनी वार्षिक आय का अधिकतम 2 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत कृषकों एवं खेतिहर मजदूरों के पुत्र व पुत्रियों एवं अन्य पूर्ण रूप से आश्रितो को छात्रवृत्ति दिए जाने की योजना लागू है। छात्रवृत्ति प्रदेश के मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालयों कृषि संस्थानों तथा कृषि महाविद्यालयों मे कृषि की उच्च शिक्षा- स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोधर्थियों को दी जा रही है।

कृषि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतर्गत कृषि एवं उससे संबंधित विधाओं जैसे- उद्यान, वानिकी, पशुपालन आदि के छात्रों को सम्मिलित करते हुए छात्रवृत्ति दिया जाने का प्राविधान है। छात्रवृत्ति मेरिट के आधार पर दी जाती है। स्नातक छात्रों हेतु यू.पी. बोर्ड से इण्टरमीडियट की उत्तीर्ण परीक्षा में 70 प्रतिशत प्राप्तांक तथा अन्य बोर्ड से न्यूनतम 85 प्रतिशत प्राप्तांक का मानक होगा, जबकि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु 70 प्रतिशत प्राप्तांक मानक होगा। कार्यक्रम मे कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यपार विभाग से प्रदीप कुमार, ज्एष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, शामली द्वारा अवगत कराया गया कि जो छात्र कृषि निर्यात एवं पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन मे एक वर्ष का डिग्री या डिप्लोमा करेगें कृषि निर्यात नीति के अंतर्गत रुपये 50000 के लिए पात्र होगे तथा एक वर्ष से अधिक कोर्स मे प्रवेश लेने पर एक लाख रूपये की छात्रवृत्ति दिए जाने का प्राविधान है।

# नियमित योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ और बलवान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** क्रीड़ा भारती द्वारा शामली राइफल क्लब पर आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ हरविंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर योग साधकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। नियमित शारीरिक अभ्यास एवं ध्यान आदि करने से हमारी आंतरिक चेतना को सु.ढ़ता मिलती है।



जिससे हम बाह्य तथा आंतरिक रूप से समृद्ध होते हैं। आज योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। सूर्य का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षक ने बताया कि सूर्य नमस्कार में 12 आसन होते हैं। जिनके कई फायदे हैं। जिसमें शारीरिक और मान. सिक दोनों लाभ शामिल है। नियमित अभ्यास से शरीर में लचीलापन और ताकत बढ़ती है, पाचन क्रिया बेहतर होती है, तनाव कम होता है और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। यह आसन पैरों, बाहों, पीठ और पेट की मांसपेशियों को सु.ढ़ करता है। जिससे ताकत और सहनशक्ति में सुधार होता है। योग प्रशिक्षण शिविर में क्रीड़ा भारती प्रांत संपर्क प्रमुख मुकेश चौधरी, उमेश भार्गव, आयुष गर्ग, मयंक मलिक, आर्य अनमोल गिल, विधान प्रताप सिंह, अक्षित निर्वाल, प्रिंस लाठीयान, अभयदीप राणा, लोकेश कुमार, सीमा चौधरी, संजना सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष का कठोर कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा दुष्कर्म करने के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर कोर्ट ने आरोपी को दस वर्ष के कठोर कारावास व 22 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एसपी शामली रामसेवक गौतम ने बताया कि वर्ष-2020 में सुनील निवासी मकान संख्या-594 डब्बा कॉलोनी गाजीपुर रोड़ उत्तमनगर थाना डबुआ जनपद फरीदाबाद मूल निवासी ग्राम मूनक जनपद करनाल हरियाणा के विरुद्ध झिंझाना थाने पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने व जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र कोर्ट में प्रेषित किया था। यह मामला कैराना स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशद्धपॉक्सो विशेषऋ की अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को न्यायाधीश ने पत्रावलियों का अवलोकन करने तथा दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी सुनील को दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास व 22 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर कोर्ट ने छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के निर्देश दिए है।

## 12 से 17 जून तक बालश्रम के विरुद्ध चलेगा अभियान

**शामली।** एस.पी. गौतम श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रभारी सहायक श्रमायुक्त, शामली ने बताया कि श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, जी.टी.रोड, कानपुर के पत्र दिनांक-11 जून, 2025 द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में 12 जून से 17 जून, 2025 के मध्य बाल श्रम के विरुद्ध आम जनमानस में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करते हुए एक सप्ताह तक प्रदेश में जनपद कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा की गई है। उपर्युक्त क्रम में अवगत कराना है कि प्रत्एक 12 जून अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। दिवस का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनमानस को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के संबंध में विरुद्ध सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया जाना है।

## शुद्धि पत्र

दिनांक 12.6.2025 को शाह टाइम्स मुजफ्फरनगर संस्करण के पेज नंबर 5 पर प्रकाशित पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. पत्रांक 3379 विविमं/शा0/निविदा, दिनांक 10.05.25 प्रकाशित हुआ था, इसमें दिनांक 10.05.25 त्रुटिवश छापा गया है, इस दिनांक को 10.6.2025 पढ़ा जाए।

# आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाएगा बीसीसीआई



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही आईपीएल में विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाने वाला है। 4 जून को बेंगलुरु में आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन में 11 लोगों की मौत हो गई थी, इस कारण अब बीसीसीआई पर गाइडलाइन बनाने का दबाव भी है। दूसरी ओर, आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले को कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट पुलिस के पास जमा कराना होगा।

सोसाले को सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने 6 जून को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। 14 जून को मीटिंग आईपीएल टीमों के विक्ट्री सेलि. ब्रेशन पर गाइडलाइन के लिए बीसीसीआई 14 जून को एपेक्स काउंसिल की मीटिंग करने वाला है। इस ऑनलाइन मीटिंग में भारत की घरेलू सीरीज पर भी चर्चा होगी। एक रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई ट्रॉफी सेलिब्रेशन के नए तरीकों पर विचार करने वाला है। ताकि भगदड़ जैसे हादसे भी न हो और गेम स्पिरिट भी बनी रहे। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भी कहा था कि बोर्ड सभी टीमों के लिए ऑफिशियल गाइडलाइन जारी करेगा। बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान करीब 3 लाख सड़कों पर पहुंच गए थे। तस्वीर विधान सभा के बाहर की है, जहां ब्ड सिद्धारमैया ने विनिंग टीम का सम्मान किया था। न्यूजीलैंड सीरीज की तारीखें भी तय होंगी बीसीसीआई की मीटिंग में ही 2026 की न्यूजीलैंड सीरीज

**● 14 जून को होगी मीटिंग आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को बेंगलुरु भगदड़ केस में मिली कर्नाटक हाईकोर्ट से जमानत**

के मैचों पर भी फैसला लिया जाएगा। कीवी टीम अगले साल टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। श्रीलंका और भारत की मेजबानी में होने वाला आईसीसी टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाएगा। पिछले साल की तरह 2025 में भी घरेलू सीजन सितंबर में दिलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। इस बार भी दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट इंटर जोनल ही होगा।

आरसीबी के मार्केटिंग हेड को जमानत मिली, बेंगलुरु भगदड़ केस में आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद उन्होंने अपनी जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा गया। सोसाले के साथ डीएनए एंटरटेनमेंट के सीनियर इवेंट मैनेजर किरण कुमार और वाइस प्रेसिडेंट सुनील मैथ्यू को भी 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। इन्हें भी जमानत मिल गई। सोसाले के वकील ने कर्नाटक हाई कोर्ट में गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद गुरुवार (12 जून) को तीनों कर्मचारियों को जमानत दे दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ के दौरान पुलिसकर्मी घायलों को कंधे पर उठाकर हास्पिटल ले गए थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची थी भगदड़ 3 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को आईपीएल फाइनल में 6 रन से हराया। टीम ने 18 सीजन में पहली बार खिताब जीता, जिसकी खुशी में अगले दिन ही होमग्राउंड बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री सेलिब्रेशन किया। आरस. ीबी टीम के सभी सदस्य जब विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर रहे थे, उसी दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई, वहीं 33 से ज्यादा लोग घायल हुए। हादसे के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुकदमे की जांच शुरू करवाई। जांच जारी है।

## कुलदीप हांडू डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल के सदस्य नियुक्त

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू कश्मीर के एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल का सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी नियम, 2021 के तहत दो साल की अवधि या राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 के लागू होने तक, जो भी पहले हो, डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) के खेल सदस्य के रूप में मंजूरी दी गई है।

हांडू ने कहा कि नाडा के एडीडीपी पैनल का सदस्य बनना मेरे लिए सम्मान की बात है और मुझे इसका सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि नौकरी के अलावा मैं खिलाड़ियों को वाडा के नियमों से अवगत कराने की पूरी को. शिश करूंगा और यह अवसर देने के लिए मैं युवा मामले और खेल मंत्रालय और नाडा का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी हांडू वर्तमान में भारतीय वुशु टीम के राष्ट्रीय मुख्य कोच हैं। जम्मू-कश्मीर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हांडू विभाग में खेल अधिकारी के पद पर तैनात हैं।

# हर गेंद पर चुनौती पेश करें: गंभीर



**● खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कमर कस ली है। भारतीय टीम इस दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस महत्वपूर्ण सीरीज से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और गिल ने अपनी राय रखी है। गंभीर ने खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा है। भारत इस सीरीज में विराट कोहली, रो. हित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना खेलने उतरेगा। भारत ने 2007 के बाद इंग्लैंड की जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। गंभीर ने कहा कि गिल की कप्तानी में टीम में कुछ विशेष हासिल करने के लिए जुनून और प्रतिबद्धता है। गंभीर ने बीसीसीआई डाट टीवी से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। जब मैं इस टीम को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा, पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो। मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे। भारतीय कोच ने गिल और उपकप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। गंभीर ने कहा कि मैं शुभमन को भी बधाई देना चाहता हूं जो पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। अपने देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। बधाई हो। ऋषभ पंत को भी जो अब नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। गंभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय कोच ने कहा, वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल शानदार रहा। कप्तान गिल ने अपने साथियों से खुद को थोड़ा दबाव में रखने का आग्रह किया जिससे कि सीरीज शुरू होने पर वे परिस्थितियों से प्रभावित नहीं हों। गिल ने कहा, आइए प्रत्येक नेट सत्र को सार्थक बनाएं। आइए खुद को थोड़ा दबाव में रखें। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो इसका मतलब सिर्फ मैदान पर जाकर टिके रहना नहीं होता, आइए हम अपने खेल का पता लगाएं, जब हम पर दबाव डाला जाएगा तो हम कैसे खेलेंगे, चाहे वह गेंदबाज हो या बल्लेबाज।

# रिकी पोंटिंग ने की ब्यू वेबस्टर की तारीफ

**लंदन, वार्ता।** आईसीसी हॉल ऑफ फेम रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की प्रशंसा की है, जिन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को निखारने में अहम भूमिका निभायी। पोंटिंग ने कहा कि वह (वेबस्टर) पूरी तरह से तैयार लग रहे थे और 'तैयार' बिल्कुल वही शब्द है जो वेबस्टर ने अपने सीमित टेस्ट करियर में अब तक करके दिखाया है।

दवाब में वेबस्टर की पारी उनके महत्व को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज ऑलराउंडर ने इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ सिडनी में निर्णायक टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अपनी पहली पारी में 57 रन बनाए थे। वे उस समय क्रीज पर आए थे जब उनकी टीम का स्कोर चार विकेट पर 39 रन था, और टीम अभी भी 146 रन पीछे थी और पहली पारी में बड़ी कमी का सामना कर रही थी। इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 181 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम को भारतीयों पर रोमांचक जीत हासिल करने का मौका मिला। लॉर्ड्स में खेले गए अंतिम टेस्ट की चमकीली रोशनी में वेबस्टर ने फिर से ऐसा किया। अपने चौथे टेस्ट में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती मुश्किल दौर से निपटते हुए 92 गेंदों पर 72 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया के लिए शीर्ष स्कोरर रहे और सुनिश्चित किया कि उनकी टीम विश्व स्तरीय गें. दबाज़ी के खिलाफ़ मुश्किल पिच पर 212 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाए। इस प्रदर्शन की काफ़ी प्रशंसा हुई है। रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के बाद आईसीसी डिजिटल से कहा कि आप उन 70 रनों को हटा दें, तो स्कोरकार्ड बिल्कुल अलग दिखता है। मुझे लगता है कि यह इस बात को दर्शाता है कि वह अभी अपने खेल में कितना सहज है और ऑस्ट्रेलियाई मध्य क्रम में होने के बावजूद भी वह कितना सहज है। आज मुझे जो बात पसंद आई, वह यह थी कि ऑस्ट्रेलिया थोड़ी परेशानी में थी, विकेट गिर रहे थे। ऐसे में वेबस्टर ने मैदान पर जाकर अपनी स्वाभाविक खेल शैली को बनाए रखा। जिस तरह से वह खेलना चाहता था, उसने आक्रामक होने की को. शिश की और दक्षिण अफ़्रीकी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की।

# ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**● विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लार्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा**



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लार्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था। दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरआल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है। पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही मार्करम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। वियान मुल्डर को एक रन के निजी स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर कैरी ने जीवनदान दिया। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को अर्जेंटीना से मिली नजदीकी हार

**एम्स्टेलवीन, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद भारतीय टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (12', 33') ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक (42') ने तीसरा गोल किया।

अर्जेंटीना के लिए बुधवार रात को मटियास रे (3'), लुकास मार्टिनेज (17'), सैंटियागो तराज़ोना (34') और लुसियो मेंडेज़ (46') ने गोल किए। अर्जेंटीना ने भारत से पहले ही बढ़त बना ली थी जब शुरुआती दबाव का फायदा मटियास रे (3') ने उठाया और अर्जेंटीना की टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद, भारतीयों ने दबाव को झेलते हुए आक्रमण करना शुरू कर दिया। भारत ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास जारी रखा और ब्रेक से ठीक पहले, हरमनप्रीत (12') ने गोल करके क्वार्टर को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। भारतीय टीम दूसरे क्वार्टर में गति बनाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन अर्जेंटीना के मार्टिनेज (17') ने शुरुआती गोल करके भारत को कुछ दबाव में ला दिया। हालांकि, भारत ने वापसी की और दूसरे बराबरी के लिए प्रयास किया। लेकिन अर्जेंटीना भारत के आक्रमण के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखने में सफल रहा और हाफ टाइम तक बढ़त के साथ आगे बढ़ा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में, मनदीप सिंह ने भारत के लिए पेनल्टी स्ट्रोक अर्जित किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (33') ने आगे बढ़कर इसे निचले कोने में पहुंचा दिया। भारत अर्जेंटीना के साथ फिर से बराबरी पर आ गया। हालांकि, एक मिनट के भीतर अर्जेंटीना ने सैंटियागो तराज़ोना (34') के गोल के साथ अपना तीसरा गोल दागा। इसके बाद से भारत ने अपने खेल को और बेहतर करना शुरू कर दिया और अर्जेंटीना को अपने ही हाफ में वापस धकेल दिया। लगातार दबाव का अंततः फायदा मिला और क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले अभिषेक (42') ने गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत भी तेज रही। अर्जेंटीना ने भारत के डिफेंस को भेदने का प्रयास किया और लुसियो (46') ने नजदीकी रेंज से गोल किया।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को कम स्कोर पर समेटा जा सकता था: रबाडा

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार गें. दबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को सस्ते में निपटाया जा सकता था। लॉर्ड्स में दक्षिण अफीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद नई गेंद से जिम्मेदारी कैगिसो रबाडा पर आ गई और इस अनुभवी खिलाड़ी ने अल्टीमेट टेस्ट में अपनी छाप छोड़ने में बहुत कम समय लिया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरून ग्रीन को आउट करते हुए रबाडा ने टेस्ट मैचों में अपना 17वां पांच विकेट हॉल हासिल किया।

उनके इस स्पैल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने गत चैंपियन को 212 रनों पर समेट दिया लेकिन रबाडा का मानना है कि प्रोटियाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को और भी पहले ध्वस्त कर सकते थे।

लॉर्ड्स में दिन का खेल खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए तेज गेंदबाज ने कहा कि 212 रनो की चुनौती को हम स्वीकार करेंगे। हमें लगा कि हमें उन्हें 160 पर रोक देना चाहिए था, लेकिन खेल इसी तरह चलता है। ऑस्ट्रेलिया के 146 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद ब्यू वेबस्टर ने 72 रन की शानदार पारी खेलकर पहली पारी की कमान संभाली। रबाडा ने ऑलराउंडर की खूब प्रशंसा की, जिन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी को भांपकर अपनी रणनीति बदली। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह किसी भी गेंद पर आउट हो जाएंगे, लेकिन मुझे लगता है कि उनके सकारात्मक इरादे ने उन्हें जीत दिलाई। रबाडा ने आखिरकार वेबस्टर को आउट किया और एलन डोनाल्ड को पछाड़कर प्रोटियाज के लिए टेस्ट मैचों में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। रबाडा ने इस उपलब्धि पर कहा, ह्रगें. दबाजों की इस सूची में शामिल होना खास है। एक खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हुए और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैं उन लोगों से प्रेरित हुआ हूं जो पहले आए हैं और उन्होंने बड़े मंच पर जो कुछ किया है, उसे देखा है। उन नामों में शामिल होना खास है और यह लंबे समय तक जारी रह सकता है।




## एमबापे, मेसी और रामोस क्लब विश्व कप के लिए तैयार

**लंदन, वार्ता।** क्लब विश्व कप का आयोजन इस साल पहले से कहीं बड़ा होगा, जिसमें फुटबॉल के सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अमेरिका के 11 शहरों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। महीने भर चलने वाला यह मुकाबला 15 जून से शुरू होगा और 13 जुलाई को समाप्त होगा। आठ बार बैलन डी' ओर जीतने वाले लियोनेल मेसी इंटर मियामी में बार्सिलोना के पूर्व खिलाड़ियों की एक शानदार चौकड़ी का हिस्सा हैं, जिसमें लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़, मिडफील्डर सर्जियो बुस्केट्स और लेफ्ट-बैक जोर्डी अल्बा शामिल हैं। 2010 में स्पेन के साथ विश्व कप विजेता टीम के सदस्य डिफेंडर सर्जियो रामोस मैक्सिकन टीम मॉन्टेरी के कप्तान हैं, जबकि स्ट्राइकर ओ. लिवर गिरौद और गोलकीपर ह्यूगो लोरिस लॉस एंजिल्स एफसी की टीम में हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप विजेता किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रिज़मैन क्रमशः रियल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड की टीमों में हैं। मैनचेस्टर सिटी ने अपनी टीम में तिजानी रेंडर्स, रेयान एट-नूरी, मार्कस बेटिनेली और रेयान चेर्की को चुना है।

# ऑस्ट्रेलिया की वापसी पर स्मिथ खुश



**लंदन, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले स्टीव स्मिथ ने कहा कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरने के बाद उनकी टीम की वापसी सराहनीय है।

स्मिथ ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के पहले दिन 66 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम का सामना करते समय उनका ध्यान भंग हो गया और गेंद स्लिप में चली गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 212 रनों पर आउट हो गई, जिसमें ब्यू वेबस्टर ने 72 रनों की पारी खेली। चायकाल के बाद अंतिम पांच विकेट सिर्फ 20 रन पर गिरने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की। मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर में मार्कराम को क्लीन बोल्ड करके लय हासिल की। इसके बाद पैट कलमस और जोश हेजलवुड ने भी एक-एक विकेट लिया, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया और खेल का रुख पूरी तरह से बदल गया।

स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि हम अच्छी स्थिति में हैं, हमने बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाने के कुछ मौके गंवाए। विकेट ने पूरे दिन कुछ न कुछ दिया, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।

169 रन आगे हैं और उनके चार विकेट गिर चुके हैं। उम्मीद है कि सुबह भी कुछ ऐसा ही होगा, जैसा आज हुआ। यह एक बेहतर दिन हो सकता था, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं। उन्होने कहा कि मुझे लॉर्ड्स में बल्लेबाजी करना पसंद है और जब मैं क्रीज पर था, तो मैंने अपना समय का आनंद लिया। जब मैं आउट हुआ, तो मुझे लगा कि गेंद नरम थी, लेकिन विकेट अभी भी कुछ दे रहा था और उम्मीद है कि कल भी ऐसा ही होगा।

## दिल्ली में आयोजित होगा पहला ग्लोबल पायथियन गेम्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** यूनान का प्राचीन खेल ग्लोबल पायथियन गेम्स पहली बार दिल्ली में तीन से पांच दिसंबर तक आयोजित होगा। यहां आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक पायथियन गेम्स के संस्थापक एवं पायथियन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बिजेन्दर गोयल ने बताया कि पहली ग्लोबल पायथनोवा पायथियन गेम्स का आयोजन तीन से पांच दिसंबर दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पायथियन गेम्स को लेकर देशभर से आये सदस्यों के साथ चर्चा भी हुई। हाल ही में भारतीय स्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ हुई बैठक में परिषद ने इस वैश्विक सांस्कृतिक मिशन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके समर्थन के लिए पायथियन परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संस्कृति मंत्रालय के सचिव से मुलाकात करेगा। श्री गोयल ने कहा कि विभाजनों से भरी इस दुनिया में, पायथियन गेम्स संस्कृति के माध्यम से एकता का वैश्विक मंच प्रदान करते है। पायथियन गेम्स के लिए वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर एक केंद्रीकृत फ्रेंचाइज़ी मॉडल लाया जाएगा, जिससे इसकी कार्यप्रणाली पारदर्शी, उत्तरदायी और सुव्यवस्थित हो सके। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल डेल्फिक कमेटी (रूस), इक्युमेनिकल डेल्फिक यूनियन (ग्रीस) और साइप्रस सरकार ने आधिकारिक रूप से आधुनिक पायथियन का समर्थन किया है। प्राचीन पायथियन गेम्स, यूनान की चार पनहेलनिक खेलों में से एक थे, जो देवता अपोलो को समर्पित थे और डेल्फी में आयोजित किए जाते थे।

# विमान सुरक्षा पर गंभीर सवाल

गुरुवार का काला दिन, जिसने दो सौ से भी ज्यादा जिंदगी लील ली, लेकिन हमने अभी तक ऐसी घटनाओं से सबक नहीं लिया है। आखिर कब तक ऐसे ही निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 242 यात्री सवार थे सभी की मौत हो गई। अभी तक देखने में आया है कि घटना होने के बाद ही शासन-प्रशासन हरकत में आता है। इससे पहले भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं, लेकिन उनसे हमारी सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा है। भारत में विमान हादसों का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले विमान का मलबा देखकर नहीं लगता है कि इस हादसे में कोई व्यक्ति जीवित बचा होगा। भारत में विमान हादसे का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस और कजाकिस्तान एयरलाइंस के विमानों की मिड-एयर टक्कर हुई थी ,जिसमें 349 लोगों की मौत हुई थी, जबकि अटलांटिक महासागर, आयरलैंड तट पर विमान में खालिस्तानी आतंकी हमले में बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 329 लोगों की जान गई थी। मुंबई में अरब सागर पर एयर इंडिया फ्लाइट में जनवरी 1978 में टेकआफ के बाद फेल्योर होने के कारण 213 लोगों की मौत हुई थी और भी ऐसे हादसे हैं, जिन्होंने देश को झकझोरा है, लेकिन नागरिक उड्डयन विभाग ने कोई सबक नहीं सीखा है। आखिर ये हादसे क्यों होते हैं, ये जानना भी जरूरी है। कई बार देखने को मिलता है कि विमान का इंजन फेल हो जाता है, नेविगेशन सिस्टम में खराबी हो जाती है या लैंडिंग गियर या विंग्स में गड़बड़ी हो जाती है, जिसकी वजह से विमान क्रैश होता है। कई बार पायलट की गलती या एयर ट्रैफिक कंट्रोल में हुई चूक की वजह से प्लैन क्रैश हो जाता है। इसके अलावा कई बार प्लेन उड़ा रहे पायलट के अनुभव की कमी की वजह से उसके द्वारा लिए गए गलत निर्णय के चलते प्लेन क्रैश होता है। कई बार प्लेन में ईंधन ठीक से न भरा जाना, टायर प्रेशर की निगरानी में हुई चूक या टेक्निकल स्टाफ से हुई चूक भी विमान के क्रैश होने की संभावना को काफी ज्यादा बढ़ा देती है। तेज आंधी तूफान, बिजली, भारी वर्षा खराब मौसम में टर्बुलेंस की वजह से विमान नियंत्रण से बाहर चला जाता है, जिसकी वजह से वह हादसे का शिकार हो जाता है। जब भी कोई विमान हादसा होता है, तो संबंधित जांच विभाग दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट जाते हैं। हादसे के जांच होना तो लाजमी है, परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जांच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं।

## हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए



ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए, ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो, कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए, ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए, जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए।

**-जस्टिस बीआर गवई**
**चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया**

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण





ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आक. ाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है।

इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जाएगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम पिता: लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिए इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है।

इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान राम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यत: इस बात से सर्वाधिक दु:खी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दु:खी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दु:ख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। मां ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। मां से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। मां से स्वर्ग है मां से बैकुंठ, मां से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है।

आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मान. सिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिए मेरे पिता स्व। रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक- धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिए तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है।

पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमश: अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी मांगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं।

# आज तक आग ने कोई रिश्ता नहीं निभाया

**बशीर बद्र साहेब का एक शेर है-**
**लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में। तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।**
**आज यह बस्तियां तोड़ दीं ये मजलूमों की भीड़ फिर किसी और शहर की ओर रवाना हो जाएगी-**
**हटो कांधे से आंसू पोंछ डालो वो देखो रेल-गाड़ी आ रही है। मैं तुम को छोड़ कर हरगिज न जाता गरीबी मुझ को ले कर जा रही है।**
**अज्ञात**
**गरीब तो वह जंगली जानवर हैं कि वो दीपावली के दिए में बचे तेल से निवाले निकाल लिया करते हैं। लखनऊ से फरीदाबाद, दिल्ली से नोएडा और गुड़गांव तक, धारावी से लेकर जयपुर और मध्य प्रदेश तक। जहां-जहां यह बस्तियां मिलें इन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए क्योंकि गरीबों का मर जाना ही अच्छा है। स्मार्ट सिटीज पर मलिन बस्तियों का पैबंद रहे तो रहे क्यों?**



पवन सिंह

एक सरकारी कवयित्री का एक भजन कभी बहुत चर्चित हुआ था। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे वो आएंगे। झोपड़ी वालों ने सावन के काले-कजरारे बादलों की तरह झूम-झूमकर कर खूब भजन गाए और अपनी झोपड़ियों के दरवाजे खुले रखे लेकिन वो नहीं आए उन्होंने बुल्डोजर भिजवा दिया। लाखों की संख्या में गरीबों की झोपड़ियां, टीन शेड्स, तिरपाल के घर। सब कुछ तबाह कर दिए गए। मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और एक इंसान होने की सलाहियत तक को बुल्डोजर के लौह पंजों ने रौंद डाला। लोग रोते रहे।

चीखते रहे। आंखों में आंसुओं का सैलाब। सुबकते दों होठों के बीच जुड़े और कांपते हुए दोनों हाथ। दर्द और पीड़ा इतनी कि होंठ कुछ कहने के लिए कांपते रहे लेकिन कह न सके। एल्यूमिनियम का पतीला और चंद थालियां, कुछ ग्राम या बमुश्किल एक किलो अनाज समेट कर। सब कुछ धूलधूसरित हो जाने की वह पीर, वही जान सकता है जिसने अपनी आंखों के सामने सब कुछ कतरा-कतरा बिखरते हुए देखा है। कभी ये झोपड़ पट्टियां भी सांसे लेती थीं। जिंदगी यहां भी चलती थी। इन बस्तियों में लाशें नहीं रहती थीं। तुम्हारी हिकारत भरी नजरों के बावजूद कभी उन्होंने तुमसे शिकायत भी न की, लेकिन फिर भी तुमने दशकों-दशक से बसे घरौंदों को जमींदोज कर दिया। माना वह घरौंदे अवैध थे, लेकिन लोग तो इंसान थे। बिल्कुल वैसे ही, जैसे हम और आप हैं।

इन लेच्छ जानवरों ने कभी राह चलते आपकी मर्सिडीज नहीं रोकी और न अपनी बांसी रोटी को आपके पिज्जा से टकराया। न कभी आपके फ्राइड राइस और मशरूम पनीर भरी प्लेट से सूखे चावल की टुटही एल्यूमिनियम की थाली टकराई, लेकिन आपने उसके टीन शेड, पालीथीन और ईंट के घरों को पल भर में नेस्तनाबूत कर दिया। जब आप बस्तियां धूल में मिला रहे थे तो बदहवासी देखी थी क्या? गंदे और फटे कपड़ो में घुटनों के बल बैठे, दोनों कोहनियों को घुटनों में फंसाए, उंगलियों से टपकते अश्क को पोंछते इन इंसानी जानवरों को देखा था क्या। माना कि उन बस्तियों के नीचे की जमीनें बहुत कीमती हैं। आप ले लेते जमीनें, लेकिन उनको पहले कहीं पुर्नवासित तो कर देते। ये जो बस्तियां उजाड़ी हैं, यह आपके घरों की टाइल्स और मार्बल्स की चमक थीं। दो रोटी कमाने आपके शहर आए थे। आपके घरों में झाड़ू पोंछा, आपके कमोड की सफाई, आपके कपड़ों पर प्रेस, आपकी गली की सफाई, पानी पीकर सड़क पर फेंकी गईं करोड़ों बोतलों और चिप्स खाकर फेंके गए पैक्टों को बीन कर साफ करने वालों, मंडी से सुबह 4 बजे सब्जी लाकर आप की गली में बेचने वाले। इन जानवरों के लिए बुल्डोजर ही विकल्प है। इनमें से तमाम ये इंसानी जानवर अपने-अपने शहरों, गांवों की ओर लौट जाएंगे। हो सकता है इनमें से तमाम युवा न लौटें। यह जो नहीं लौटेंगे इनकी भूख और बेबसी इन्हें अपराधी बनाएगी। यह आंच आप तक भी आएगी। भरे-अघाए पेट वालों से कहीं ज्यादा ताकतवर भूखा और बेबस आदमी होता है। भूख डर खा जाती है और बेबसी व लाचारी संवेदनाओं को चबा जाती है। किसी भी शहर की व्यवस्था को संचालित करने का एक बड़ा पहिया यह मलिन बस्तियां भी रही हैं, लेकिन बुल्डोजर इनका समाधान नहीं हो सकता। गरीबी, बेरोजगारी, मुफलिसी का बहुत गहरा याराना जरायम से है और विगत कुछ सालों में इसमें जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह और भी भयावह होगा इसके लिए आप लोग मानसिक रूप से तैयार रहें। आज तक आग ने कभी कोई रिश्ता नहीं निभाया है। फिलहाल, झोपड़ियां, बस्तियां उजड़ गई, आगे और उजड़ेंगी, क्योंकि आपकी झोपड़ी के भाग में वो कभी नहीं आते। जब वो धर्मस्थलों में पांच साल की बच्चियों महिलाओं के रेप पर बाहर निकल कर नहीं आते तो क्या खाक तेरी झोपड़ी में आएंगे। वो उनके साथ है जो इनको लाए थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरल और प्रसिद्ध होने के लिए कुछ भी!



रजनीश कपूर

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया ने लोगों को अपनी बात दुनिया तक पहुंचाने का एक शक्तिशाली मंच प्रदान किया है। यह मंच जहां एक ओर रचनात्मकता, ज्ञान और सकारात्मक संदेशों को फैलाने का अवसर देता है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस मंच का दुरूपयोग भी कर रहे हैं। एक चिंताजनक प्रवृत्ति जो हाल के वर्षों में उभरी है, वह है सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की कोशिश। यह न केवल सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि समाज में नैतिकता और संस्कृति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ ने कई लोगों को गलत रास्ते पर धकेल दिया है। कुछ लोग त्वरित प्रसिद्धि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार, अभद्र भाषा, अनुचित कपड़े या आपत्तिजनक हरकतें करते हैं और इसे रिकॉर्ड करके ऑनलाइन डाल देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ युवा सार्वजनिक स्थानों जैसे मेट्रो, बस, पार्क या बाजारों में अश्लील नृत्य, अशोभनीय टिप्पणियां या विवादास्पद कृत्य करते हैं, ताकि लोग उनकी वीडियो देखें, शेयर करें और वे रातोंरात प्रसिद्ध हो जाएं।

इस तरह की सामग्री को अक्सर क्लिकबेट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि यह लोगों का ध्यान तुरंत खींचती है, लेकिन यह प्रवृत्ति समाज के लिए हानिकारक है, क्योंकि यह न केवल नैतिकता को कमजोर करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी गलत संदेश देती है। यह सवाल उठता है कि क्या प्रसिद्धि के लिए नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रखना उचित है? आज के समय में, सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और व्यूज को सफलता का पैमाना माना जाता है। लोग मानते हैं कि वायरल होने से उन्हें प्रसिद्धि, पैसा और अवसर मिलेंगे। इस लालच में वे अश्लीलता का सहारा भी ले लेते हैं, क्योंकि यह तेजी से ध्यान आकर्षित करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के एल्गोरिदम विवादास्पद और सनसनीखेज सामग्री को अधिक प्रचारित करते हैं। अश्लील वीडियो या पोस्ट को ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स मिलते हैं, जिससे वे ट्रेंडिंग लिस्ट में आ जाते हैं। यह क्रिएटर्स को ऐसी सामग्री बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।आधुनिक समाज में कुछ हद तक नैतिकता और सामाजिक मूल्यों में कमी आई है। लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर अनुचित व्यवहार को सही ठहराने लगे हैं। सोशल मीडिया पर लाखों कंटेंट क्रिएटर्स हैं और उनमें से अलग दिखने के लिए कुछ लोग गलत रास्ते चुन लेते हैं। अश्लीलता एक आसान और तेज तरीका लगता है। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने की प्रवृत्ति समाज पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। जब लोग सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार करते हैं, तो यह समाज की नैतिकता और मर्यादाओं को कमजोर करता है। खासकर बच्चे और युवा जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, वे ऐसी सामग्री से प्रभावित हो सकते हैं और इसे सामान्य मानने लगते हैं। अश्लील व्यवहार सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए असुविधा और असहजता का कारण बनता है। इससे सामाजिक तनाव और विवाद पैदा हो सकते हैं।कई बार अश्लील वीडियो में महिलाओं या बच्चों को अनुचित तरीके से दिखाया जाता है, जिससे उनकी गरिमा और सुरक्षा को खतरा होता है। भारत जैसे देश में, जहां संस्कृति और परंपराओं का विशेष महत्व है, ऐसी गतिविधियां सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती हैं। यह सामाजिक एकता और सम्मान को कमजोर करता है।

भारत में सार्वजनिक अश्लीलता को रोकने के लिए कई कानून मौजूद हैं। भारतीय न्याय संहिता के तहत, सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य या शब्दों का उपयोग दंडनीय अपराध है। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत भी ऑनलाइन अश्लील सामग्री को फैलाना भी गैरकानूनी है। फिर भी, इन कानूनों का सख्ती से पालन नहीं हो पाता, क्योंकि सोशल मीडिया पर सामग्री की मात्रा इतनी अधिक है कि हर पोस्ट की निगरानी करना मुश्किल है। इस समस्या से निपटने के लिए समाज, सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलकर काम करना होगा। सार्वजनिक अश्लीलता और ऑनलाइन अश्लील सामग्री के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। दोषियों को उचित सजा मिलनी चाहिए, ताकि दूसरों के लिए नजीर बने।सोशल मीडिया कंपनियों को अपने एल्गोरिदम में बदलाव करना चाहिए, ताकि अश्लील और विवादास्पद सामग्री को बढ़ावा न मिले। ऐसी सामग्री को तुरंत हटाने और क्रिएटर्स के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने की नीति लागू करनी चाहिए।समाज में नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में शिक्षित करना जरूरी है। वहीं माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना चाहिए। सोशल मीडिया पर सकारात्मक, रचनात्मक और प्रेरणादायक सामग्री को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार और गैर-सरकारी संगठन ऐसी पहल शुरू कर सकते हैं, जो युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करें। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल व्यक्तिगत नैतिकता को प्रभावित करती है, बल्कि समाज और संस्कृति पर भी गहरा असर डालती है।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहमदाबाद एयर क्रेश पर बोले ब्रिटिश पीएम: हादसे के विजुअल बहुत भयानक

## दुर्घटनाग्रस्त जहाज में 61 विदेशी यात्री थे शामिल

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इस प्लेन में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है।

एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह प्लेन क्रैश हो गया। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इस हादसे पर दुख जताया है। कीर स्टार्मर ने संसद में कहा कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन जा रहे प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश होने



के कई विजुअल बहुत भयानक हैं। मुझे हर अपडेट के बारे में जानक.ारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ है। वहीं, ब्रिटिश सांसद लूसी पावेल ने कहा कि ब्रिटिश सरकार एयर इंडिया विमान में सवार लोगों को 'हर संभव मदद' मुहैया कराएगी। संसद में बोलते हुए पावेल ने कहा कि कई परिवार हैं, जो अपने लोगों के आने का इंतजार कर रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है। हम उन सभी परिवारों के लिए अपनी गहरी संवे.दना जताते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह भारत में लोकल अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे के हर पहलू को पता करने और इसमें शामिल लोगों को मदद देने की कोशिश कर रहा है। अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को कान्सुलेट से मदद चाहिए या उन्हें अपने दोस्तों या परिवार की चिंता है, तो वे 020 7008 5000 नंबर पर काल कर सकते हैं। वहीं, पुर्तगाल के समुदाय मामलों के राज्य सचिव एमिडियो सूसा ने कहा कि प्लेन क्रैश में दोहरी राष्ट्रीयता वाले 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। पुर्तगाली अधिकारी उन सभी लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।




पटना। बेरोजगारी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ की मांगों के अनुरूप बजट को अंतिम रूप दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों के अनुरूप अपने बजट को अंतिम रूप देने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान के वित्त सचिव इमदादुल्लाह बोसल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'समा टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार बोसल ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईएमएफ ने कृषि क्षेत्र पर कर न लगाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए 'बड़ी उपलब्धि' बताया। उन्होंने कहा कि उर्वरकों और कृषि रसायनों पर कर मूल रूप से पिछले वित्तीय वर्ष (2024) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री के निर्देश के तहत हमने इसे स्थगित करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत की।

# अमेरिका में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति 45 प्रतिशत तक घटी

## स्टूडेंट की संख्या 1 लाख तक कम हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी यूनिवर्सिटी- कालेज में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति में 45 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस साल सिर्फ 380 भारतीय प्रोफेसरों को नौकरी मिली, जबकि पिछले साल यह संख्या 700 से ज्यादा थी।

अमेरिका में विदेशी फैकल्टी की नियुक्तियां भी कम हुई हैं, इस साल 2500 को नौकरी मिली, जो पिछले साल बाइडेन के समय दोग.ुनी से अधिक थी। साथ ही, अमे.रिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। इस साल 2.31 लाख छात्रों ने ही दाखिला लिया, जबकि 2024 में 3.31 लाख छात्र अमेरिका गए थे। इसके दो बड़े कारण यूनिवर्सिटी का एडमिशन आफर वापस लेना

**■ यूनिवर्सिटी ने छात्रों के एडमिशन आफर वापस लिए**

और अमेरिकी दूतावास की ओर से वीजा जारी नहीं करना माना जा रहा है। ट्रम्प ने अमेरिका में विविधता, समानता और समावेशी (डीईएल) प्रोजेक्ट को खत्म कर दिया।

इसके के तहत भारतीयों और अन्य अश्वेत फैकल्टी का कोटा तय होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह कोटा खत्म होने से श्वेत प्रोफेसरों की एंट्री आसान हो गई। ट्रम्प ने कालेज-यूनिवर्सिटी को दिए एग्जीक्यूटिव आर्डर में श्वेत प्रोफेसरों को अहमियत देने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते अब अमेरिकी कैंपस में श्वेत फैकल्टी की संख्या बढ़ रही है। अमेरिकी कैंपस वाच ग्रुप नेबरहुड के अनुसार अमेरिकी यूनिवर्सिटी में विदेशी विजिटिंग प्रोफेसरों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है।

पूर्वी अमेरिका के न्यूयार्क, वाशिंगटन डीसी, पेन्सिलवेनिया में ये ट्रेंड ज्यादा नजर आ रहा है। कुछ यूनिवर्सिटी ने आर्थिक कारणों या नीतिगत दबाव के चलते विदेशी फैकल्टी की भर्तियों को कम किया है। बोस्टन कालेज के प्रो. क्रिस ग्लास ने बताया कि स्टूडेंट एक्सचेंज व विजिटर इन्फार्मेशन सिस्टम के तहत अमे.रिका में विदेशी छात्रों की संख्या घटी है। इस साल अप्रैल तक कुल विदेशी छात्रों की संख्या में 12 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है।

## इराक से अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों की वापसी

**ह्यूस्टन।** इराक में अमेरिकी दूतावास के गैर-जरुरी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को अनिर्दिष्ट सुरक्षा जोखिमों के कारण देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम विश्लेषण के आधार पर हमने इराक में अपने मिशन का दायरा कम करने का फैसला किया है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य कर्मियों के परिजनों की स्वैच्छिक वापसी की मंजूरी दी है। हालांकि इराक से वापसी के पीछे की सुरक्षा चिंताएं स्पष्ट नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर उसके परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत विफल हुई तो वह क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है।

# कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

## भारतीय मूल के सात लोग गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक आपरेशन चलाया था। इस आपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डालर (लगभग 400 करोड़ रुपये) है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था।

6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जार्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं। इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसागा के हाओ टामी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35




**■ दावा: पैसे का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में होता था**

**■ गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट आफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है**

आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट आफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है। ओंटारियो के सालिसिटर जनरल माइकल एस. कर्जर ने कहा कि प्रोजेक्ट पेलिकन इस बात का सबूत है कि सही संसाधनों के साथ पुलिस हमारे समाज को सुरक्षित रख सकती है। जून 2024 में, पील पुलिस ने अमेरिका-कनाडा ट्रकिंग मार्गों का इस्तेमाल करके कोकीन तस्करी अभियान की जांच शुरू की थी। रिपोर्ट में कनाडा की पुलिस के हवाले से बताया गया है कि, यह नेटवर्क अमेरिका से कनाडा तक कमर्शियल ट्रकिंग रूट्स का इस्तेमाल कर को.कीन की तस्करी करता था। इसका मैक्सिकन कार्टेल्स और अमेरिका के ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स से संबंध था। ड्रग तस्करी से मिले पैसे भारत विरोधी गतिविधियों, जैसे विरोध प्रदर्शन, जनमत संग्रह और हथियारों की फंडिंग के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस नेटवर्क को समर्थन दे रही थी, जो मैक्सिकन कोकीन और अफगान हेरोइन की तस्करी में शामिल था।

# खड़गे ने अमेरिका, बांग्लादेश की घटना को चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि अमेरिकी सेना का पाकिस्तान को आतंकवाद से लड़ने में मजबूत सहयोगी बताकर जनरल मुनीर को सेना दिवस पर आमंत्रित करना और बंगलादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के आवास को जलाने की घटना बेहद चिंताजनक है।

खड़गे ने गुरुवार को कहा अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हमारे लिए दो घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं-अमे.रिका के सेंट्रल कमांड के कमांडर का पाकिस्तान को 'आतंकवाद से लड़ने में अपना मजबूत सहयोगी' बताना और फिर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ में आमंत्रण देना। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूसरी बड़ी घटना बंगलादेश में हुई है जहां हुड़दंगियों ने गुरुदेव



**■ कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है**

रवींद्रनाथ ठाकुर के पुश्तैनी घर को आग के हवाले किया है। उन्होंने कहा कि आमार सोनार बांग्ला-बंगलादेश के राष्ट्रगान के रचियता-गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर के सिराजगंज, बंगलादेश स्थित पुश्तैनी निवास में तोड़फोड़ की घटना। कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है।

# ट्रम्प का पाक प्रेम बढ़ रहा, मुनीर को न्योता दिया

## यूएस आर्मी की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में होंगे शामिल

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका दौरे पर पहुंचेंगे। वे शनिवार यानी 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल होंगे। इस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस मौके पर राजधानी वाशिंगटन में एक परेड का आयोजन होगा।

मुनीर का पहला अमेरिकी दौरा 2023 में हुआ था, तब उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन, तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की थी। उस वक्त भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद का समर्थन और क्रास-बार्डर हमलों को लेकर हमारी चिंताएं जगजाहिर हैं। हम

**■ पाकिस्तान के सेना प्रमुख, इमरान की पार्टी विरोध करेगी**

उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ गंभीरता से कदम उठाएंगे। मुनीर के दौरे से पहले ही विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस दौरे के दौरान प्रदर्शन की धमकी दी है। पीटीआई के ओवरसीज अफेयर्स सेक्रेटरी सज्जाद बुरकी ने शनिवार को वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर प्रदर्शन की अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा-व्हाइट हाउस को बताएं कि इस सरकार के साथ कोई भी समझौता पाकिस्तान की जनता स्वीकार नहीं

**■ मुनीर के दौरे से पहले ही विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं**

करेगी। मुनीर के दौरे से पहले पाकिस्तान को लेकर अमेरिका के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला का कहना है कि अमेरिका को भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ रिश्ते बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना इस्लामी स्टेट खुरासान (आईएसआई-के) के खतरे से निपटने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह बयान मंगलवार को हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान दिया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत सहयोगी बताया। उन्होंने कहा-अमेरिका को पाकिस्तान और भारत दोनों से रिश्ते रखने होंगे। ये बाइनरी स्विच नहीं है कि एक से रिश्ता रखेंगे तो दूसरे से नहीं रख सकते। हमे रिश्तों के फायदों को देखना चाहिए। अमे.रिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ अपनी क्षमता के हिसाब से लड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनीर के दौरे की वजह चीन से भी जुड़ी हो सकती है। बीते कुछ वक्त में पाकिस्तान और चीन की नजदीकी बढ़ गई है। अमेरिका मुनीर को अपने यहां परेड में शामिल करके अमेरिका चीन के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकता है।

# लॉस एंजिल्स में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें जारी

**लॉस एंजिलेस।** अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बताया कि स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर उस निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में

**■ जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे**

पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए, लेकिन तितर-बितर नहीं हुए। गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के उद्देश्य से एक बड़े अभियान के तहत शहर में छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की।

# ड्रामा खत्म: ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की

## मस्क बोले थे: पछतावा है, उपराष्ट्रपति वेंस ने लड़ाई खत्म करने की पहल की थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मस्क की माफी को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को प्रेस को बताया कि-राष्ट्रपति ने मस्क की पोस्ट को सराहा।

हम अब अमेरिकी जनता पर ध्यान दे रहे हैं। मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा के बारे में पूछने पर प्रेस सचिव ने कहा कि अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। मस्क ने 9 जून की रात ट्रम्प से फोन पर बात की थी। इससे पहले 6 जून को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ आफ स्टाफ सूसी वाइल्स ने मस्क से फोन पर बात की थी। इस बातचीत में वेंस ने मस्क से विवाद खत्म करने की पहल की थी। दरअसल, मस्क ने डोनाल्ड ट्रम्प से बहस को लेकर खेद जताया था। उन्होंने 11 जून को इसे लेकर एक सोशल मीडिया




**■ मस्क ने 9 जून की रात ट्रम्प से फोन पर बात की थी**

एक्स पर एक पोस्ट किया था। मस्क और ट्रम्प के बीच विवाद से टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई, जो इस साल 19 प्रतिशत नीचे हैं। जो लगभग 300 बिलियन डालर (26 लाख करोड़) के बराबर है। यूरोप, चीन और अमेरिका में टेस्ला की बिक्री घटी है, क्योंकि मस्क की दक्षिणपंथी राजनीति से ग्राहक दूरी बना रहे हैं। मस्क ड्राइवरलेस तकनीक पर जोर दे रहे हैं, लेकिन यह तकनीक शुरुआती चरण में है। ट्रम्प के साथ तनाव से टेस्ला की रोबोटैक्सी योजनाओं पर असर पड़ सकता है। मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है। उन्होंने लास एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)